RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 11
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर



सनी लियोन ग्लैमर वर्ल्ड में वापसी पर प्रसन्न
विविध-12

www.dailypioneer.com

# दीपावली से पहले सरकार का तोहफा

**आत्मनिर्भर भारत 3.0**

## ● अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहनों की एक और खुराक, आवास बिक्री पर और राहत, नये रोजगार पर पीएफ सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों की एक और खुराक का ऐलान किया। आवास क्षेत्र में कुछ चुनींदा बिक्री सौदों पर राहत की घोषणा की गई है। वहीं, छोटे कारोबारियों के लिए पहले से चल रही ऋण गारंटी सुविधा कार्यक्रम की अवधि इस वित्त वर्ष के अंत तक बढ़ा दी गई है।

इसके साथ ही लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को भविष्य निधि सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। ताजा प्रोत्साहनों में अतिरिक्त उर्वरक सब्सिडी तथा विनिर्माण इकाइयों के लिए पहले घोषित की जा चुकी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शामिल है। इन सभी प्रोत्साहन उपायों को मिलाकर लॉकडाउन की घोषणा के बाद से अब तक घोषित कुल राहत पैकेज की राशि करीब 30 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 15 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वित्त मंत्री द्वारा आज घोषित प्रोत्साहनों में रियल एस्टेट डेवलपर और ठेकेदारों के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण, एक नई रोजगार प्रोत्साहन योजना और ग्रामीण रोजगार के लिए अतिरिक्त व्यय शामिल है।

उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर में बढ़ोतरी, ऊर्जा खपत में वृद्धि और बैंक ऋण में तेजी जैसे आंकड़ों का भी हवाला दिया और कहा कि अर्थव्यवस्था में जोरदार सुधार देखने को मिल रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 24 प्रतिशत की तेज गिरावट देखने को मिली, लेकिन अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मार्च 2021 तक कुल संकुचन 10 प्रतिशत के करीब रहेगा। सीतारमण ने दो करोड़ रुपये मूल्य तक की आवास इकाइयों की पहली बार सर्कल दर से कम कीमत पर बिक्री पर आयकर नियमों में छूट देने की घोषणा की। अभी तक सर्किल दर से 10 प्रतिशत कम पर बिक्री करार मूल्य की इजाजत है। आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्टाम्प शुल्क वाले सर्कल दर मूल्य से 20 प्रतिशत कम दाम पर भी दो करोड़ रुपये तक की आवासीय इकाइयों के सौदे हो सकेंगे।

नई रोजगार सृजन योजना के तहत नई भर्तियां करने वाले प्रतिष्ठानों को कर्मचारियों के भविष्य निधि योगदान के मामले में सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी के तहत दो साल के लिए सेवानिवृत्ति निधि में कर्मचारियों के साथ (शेष पेज 9)

## कोविड-19 टीके पर शोध के लिए 900 करोड़ का अनुदान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कोविड-19 टीके पर शोध के लिये जैव प्रौद्योगिकी विभाग को 900 करोड़ रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'हम कोविड-19 टीके पर शोध और उसके विकास के लिये 900 करोड़ रुपये उपलब्ध करा रहे हैं। यह कोविड सुरक्षा मिशन के लिये उपलब्ध कराया जा रहा है जो पूरी तरह से अनुसंधान एवं विकास कार्यों के लिये है। लेकिन यह राशि अनुसंधान कार्यों के उद्देश्य से जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पास जाएगी।' सीतारमण ने कहा कि अनुदान के दायरे में टीके की वास्तविक लागत और वितरण का खर्च शामिल नहीं है। टीका उपलब्ध होने पर इसके लिए अलग से प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'टीके की वास्तविक लागत या टीका वितरण के लिये उसके रखरखाव और जगह-जगह पहुचांने के लिये जरूरी 'लॉजिस्टिक' का खर्च पूरी तरह से अलग है। जब भी इसकी जरूरत होगी, उपलब्ध कराया जाएगा। यह अनुदान पूरी तरह से टीका विकास के लिये उसके शोध को लेकर है। अनुदान राशि जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पास जाएगी।'

## मूडीज ने भारत के जीडीपी अनुमान को सुधारा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर सर्विसेस ने 2020 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान में बृहस्पतिवार को अपने पिछले अनुमान के मुकाबले कुछ सुधार किया। मूडीज ने 2020 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.9 प्रतिशत गिरावट आने का अनुमान जताया है जबकि इससे पहले उसने 9.6 प्रतिशत गिरावट आने का अनुमान लगाया था। मूडीज ने कहा लंबे और कड़े लॉकडाउन के बाद देश की अर्थव्यवस्था फिर पटरी पर लौट रही है। लेकिन यह सुधार बिखरा हुआ है। अपनी वैश्विक वृहद परिदृश्य 2021-22 रपट में मूडीज ने 2021 के लिए भी देश की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 8.6 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह 8.1 प्रतिशत था। वर्ष 2019 में भारत ने 4.8 प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि की थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2020 के कैलेंडर वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था 8.9 प्रतिशत सिकुड़ने का अनुमान है। पहले यह अनुमान 9.6 प्रतिशत की गिरावट का था। लंबे और कड़े लॉकडाउन की वजह से देश की अर्थव्यवस्था में अप्रैल-जून तिमाही में करीब 24 प्रतिशत की (शेष पेज 9)

# राजग की बैठक के बाद तय होगा नेता का नाम: नीतीश

## ● कहा-गठबंधन में लोजपा के बने रहने के बारे में केवल भाजपा ही कर सकती है फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में राजग को बहुमत प्राप्त हुआ है और राजग की बैठक होगी तथा औपचारिक तौर पर गठबंधन के नेता का ऐलान होगा। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में बने रहने के बारे में केवल भाजपा ही फैसला कर सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी ने इस बार राजग से अलग होकर अकेले बिहार चुनाव लड़ा था और अनेक सीटों पर इसके कारण जदयू को नुकसान उठाना पड़ा।

पटना स्थित जद (यू) के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बैठक (राजग की) होगी तो उसमें (तय) हो ही जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने तो काम किया है। राजग का जो निर्णय होगा, वही मान्य होगा । हमसे पूछिएगा तो हमारा कोई दावा नहीं है। राजग की बैठक होगी और उसमें औपचारिक तौर पर निर्णय होगा। उन्होंने राजग की बैठक के बारे में बताया कि यह एक—दो दिन के बाद ही हो पाएगा। शपथ ग्रहण को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या आप केंद्र में राजग से लोजपा को हटाने के लिए भाजपा से कहेंगे, कुमार ने कहा कि आप ऐसा सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह तो भाजपा को निर्णय लेना है। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। मुख्यमंत्री पद को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजग की बैठक होगी तो उसमें ही तय हो जाएगा, इसमें हम लोगों को क्या कहना है और इसके बाद औपचारिक घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को 43 सीट प्राप्त हुई (शेष पेज 9)

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनेगा देश का सबसे बड़ा गोल्फ कोर्स

## ● एयरपोर्ट सिटी के करीब बनेगा, क्लब हाउस, रेस्टोरेंट, जिम समेत सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी

**रिंकू यादव।** नोएडा



प्रतीकात्मक चित्र

**यमुना** एक्सप्रेसवे के किनारे देश का सबसे बड़ा गोल्फकोर्स बनाया जाएगा। यह गोल्फकोर्स 900 एकड़ में विकसित किया जाएगा। 18 होल के बनने वाले इस गोल्फ कोर्स में हर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह गोल्फ कोर्स एयरपोर्ट से सटा हुआ होगा। यमुना प्राधिकरण जल्द ही इसकी डीपीआर बनवाएगा। इसके लिए कंसलटेंट का चयन किया जाएगा। ताकि योजना में आगे बढ़ा जा सके।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एयरपोर्ट आने के बाद गतिविधियां तेज हुई हैं। फि ल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, अपैरल पार्क, एमएसएमई पार्क, ट्वॉय सिटी आदि योजनाएं आ चुकी हैं। इनके लिए जमीन आवंटन हो चुका है। अब यहां पर गोल्फ कोर्स बनाने की योजना बनाई गई है। यमुना प्राधिकरण एक्सप्रेसवे के किनारे गोल्फकोर्स विकसित करेगा।

इसके लिए 900 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। यह जमीन जेवर एयरपोर्ट से लगती हुई है। यह साइट जेवर और टप्पल के बीच होगी। अधिकाारियों के मुताबिक, गोल्फ कोर्स में सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसमें क्लब हाउस, रेस्टोरेंट, जिम, ऑडिटोरियम आदि की भी सुविधाएं होंगी। इसको इस तरह से विकसित किया जाएगा ताकि लोगों के लिए यह बेहतर स्थान साबित हो। लोग यहां दूसरे शहरों से आकर गोल्फ की प्रैक्टिस करें।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर प्रदेश का इकलौता जिला होगा, जहां पर सबसे अधिक गोल्फ कोर्स हैं। नोएडा के सेक्टर-128 में जेपी विजटाउन गोल्फ कोर्स, सेक्टर-38 में नोएडा गोल्फकोर्स और सेक्टर-93 में यूनिटेक गोल्फकोर्स हैं। इसके अलावा नोएडा स्टेडियम में अभ्यास के (शेष पेज 9)

# बिकरू कांड में तत्कालीन एसएसपी अनंत देव निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बिकरू काण्ड में योगी सरकार ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर बृहस्पतिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डीआईजी पीएसी मुरादाबाद अनंत देव (तत्कालीन एसएसपी कानपुर नगर) को निलंबित कर दिया है।

इसके अलावा कानपुर नगर के एक अन्य पूर्व एसएसपी और वर्तमान में झांसी के एसएसपी दिनेश पी से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सरकार ने इस बात के भी संकेत दिये हैं कि अभी इस काण्ड में कुछ और पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बिकरू काण्ड में गठित की गयी एसआईटी ने अभी हाल ही में अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इसमें कानपुर के पूर्व एसएसपी रहे डीआईजी अनंत देव के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की सिफारिश की थी और इसके अलावा अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को भी दोषी पाया था। एसआइटी की रिपोर्ट में 80 अफसरों और कर्मचारियों को दोषी पाया गया था। अभी और कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। कानपुर के चौबेपुर थाना के बिकरु गांव में 2 जुलाई की रात गैंगस्टर विकास दुबे और उसकी गैंग ने सीओ देवेंद्र मिश्रा सहित 8 पुलिसवालों की हत्या कर दी थी।

अगली सुबह से ही यूपी पुलिस विकास गैंग के सफाए में जुट गई थी। 9 जुलाई को उज्जैन के महाकाल मंदिर से सरेंडर के अंदाज में विकास की गिरफ्तारी हुई थी। 10 जुलाई की सुबह कानपुर से 17 किमी पहले पुलिस ने विकास को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी विकास दुबे समेत छह एनकाउंटर में मारे गए। शहीद सीओ बिल्हौर देवेंद्र मिश्र के पत्र को लेकर तत्कालीन एसएसपी और मौजूदा डीआइजी अनंत देव तिवारी जांच के घेरे में आ गए थे, जिसके बाद पूरे प्रकरण की जांच विशेष जाच दल को सौंपी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कानपुर शूटआउट की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी को एसआईटी का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके अलावा एडीजी एचआर शर्मा और आईजी जे रवींद्र गौड़ एसआईटी के सदस्य थे।

# गतिरोध के दौरान निर्मित नए ढांचों को तोड़ेंगे भारत-चीन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● तीन चरणों में होगी फौजों को पीछे हटाने की प्रक्रिया, सैन्य कमांडरों की अगली वार्ता में समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीद

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) से टैंक और भारी हथियारों को हटाए जाने की संभावना के बीच भारत और चीन पैंगोंग त्सो (झील) इलाके में बने नए ढांचों को भी नष्ट करेंगे।

दोनों पक्षों ने फौजों के जमावड़े के तहत एलएसी के पास बैरक जैसे ढांचे बना रखे हैं जिससे कि अतिरिक्त टुकड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा जा सके। चीन ने झील में एक जेट्टी बना रखी है जिसका भारत ने तीखा विरोध किया था। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर फौजों को पीछे हटाने और तनाव को कम करने के लिए तीन चरणों वाले प्रस्ताव के तहत ढांचों को हटाना प्रस्तावित है। अगले कुछ दिनों में कोर कमांडरों की नौवीं दौर की बातचीत में टैंकों और अतिरिक्त टुकड़ियों को हटाने समेत यदि प्रस्ताव पर सहमति हो जाती है तो फौजों को पीछे हटाने का काम अगले महीने से शुरू हो जाएगा।

तीन चरणों वाले प्रस्तावित योजना का ब्योरा देते हुए सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों पक्ष पैंगोंग झील इलाके में स्थित फिंगर 4 और फिंगर 8 के बीच बफर जोन बनाने पर भी सहमत हो सकते हैं। मई की शुरुआत में फिंगर 4 और फिंगर 8 में भारतीय सेना की गश्ती टीम को चीन की सेना ने रोक दिया था, जिसके बाद गतिरोध शुरू हुआ था। भारतीय सेना का कहना है कि यह उसका क्षेत्र, चीन का दावा है कि ऐसा नहीं है। इसके बाद दोनों सेनाओं के जवानों के बीच हाथापाई भी हुई थी। दोनों सेनाएं पैंगोंग के दक्षिणी तट से भी आंशिक रूप से पीछे हट सकती हैं। भारतीय सेना ने इस महत्वपूर्ण चोटी पर उस समय कब्जा किया था जब अगस्त में चीन जबरन उस क्षेत्र में घुसना चाहता था। भारतीय सेना का मुखपरी, रेजांग ला और मागर हिल जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों पर कब्जा है।

सूत्रों ने कहा कि आठवें दौर की उच्चस्तरीय सैन्य बातचीत में फौजों को पीछे हटाने तथा अप्रैल से पहले की स्थिति बहाल करने के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया था। समझौते पर हस्ताक्षर होने के तीन दिन के भीतर पहले चरण में दोनों पक्ष एलएसी पर तैनात टैंकों और भारी हथियारों, बख्तरबंद वाहनों और बड़े उपकरणों को अपने रियर बेस पर ले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक दूसरे चरण में चीनी सेना पैंगोंग झील के उत्तर में स्थित फिंगर 4 से हटकर फिंगर 8 इलाके में (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,357 | ⬇ 236 | |
| निफ्टी | 12,690 | ⬇ 58 | |
| सोना | 50,057 | ⬇ 81 | /10g |
| चांदी | 62,037 | ⬇ 04 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जब वी मेट के अभिनेता आसिफ बसरा ने आत्महत्या की

**धर्मशाला।** जब वी मेट, काई पो चे और पाताल लोक जैसी विभिन्न फिल्मों तथा टीवी कार्यक्रमों मे काम कर चुके अभिनेता आसिफ बसरा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनका शव बृहस्पतिवार को यहां एक निजी आवासीय परिसर में लटका हुआ मिला। वह 53 साल के थे। कांगड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विमुक्त रंजन ने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्होंने (बसरा) आज लगभग 12-12.30 बजे खुद को फांसी लगा ली। हमने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला है। उन्होंने कहा कि आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है। ऐसा कहा जा रहा है कि बसरा ने लगभग पांच-छह साल पहले मैक्लॉडगंज, ऊपरी धर्मशाला में एक संपत्ति पट्टे पर ली थी और वह नियमित तौर पर यहां आते रहते थे।

# कोवीशील्ड के तीसरे चरण के ट्रायल के लिए पंजीकरण पूरा

## ● सीरम इंस्टीट्यूट और आईसीएमआर ने किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**सीरम** इंस्टीट्यूट (एसआईआई) और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने कहा कि कोरोनावायरस वैक्सीन कोवीशील्ड ने तीसरे फेज के ट्रायल के लिए पंजीकरण का काम पूरा कर लिया है।

दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन का उत्पादन करने वाला सीरम इंस्टीट्यूट और आईसीएमआर ने वैक्सीन के विकास के लिए अमेरिका के नोवावैक्स के साथ सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया है। आईसीएमआर ने क्लिनिकल ट्रायल (साइट के लिए फीस दी है, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड पर आने वाले अन्य खर्च का वहन किया है। फिलहाल, सीरम और आईसीएमआर देश में 15 विभिन्न केंद्रों पर कोवीशिल्ड के दूसरे और तीसरे चरण का ट्रायल कर रहे हैं। ब्रिटेन में बने टीके का ब्रिटेन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका में ट्रायल किया जा रहा है।

इसके नतीजे अब तक उत्साहवर्धक हैं। आईसीएमआर और सीरम इंस्टीट्यूट ने दावा किया कि कोवीशील्ड भारत में मानव परीक्षण में अब तक का सबसे बेहतर टीका साबित हुआ है। दूसरे और तीसरे चरण के (शेष पेज 9)

# कोरोना की मार से अभी महफूज हैं दुनिया के कुछ द्वीप

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

## ● टोंगा, किराबाती, सामोआ, माइक्रोनेशिया और तुवालु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में एक भी मामला नहीं



टोंगा द्वीप समूह जहां पर कोविड-19 का कोई भी केस नहीं है

**पूरी** दुनिया कोरोना के कहर से परेशान है। अर्जेंटीना से लेकर जिम्बाब्वे तक और वेटिकन से लेकर व्हाइट हाउस तक कोरोना वायरस ने सभी जगह लोगों को शिकार बनाया है। यह पुष्टि हो चुकी है कि कोरोना वायरस की महामारी प्रत्येक महाद्वीप और लगभग हर देश में दस्तक दे चुकी है लेकिन अब भी दुनिया के कुछ हिस्से हैं जहां संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। इनमें से कुछ वास्तव में संक्रमण से बचे हुए हैं जबकि आशंका है कि कई सच्चाई छिपा रहे हैं।

ऐसे ही स्थानों में दक्षिण प्रशांत महासागर के कुछ द्वीप हैं। टोंगा, किराबाती, सामोआ, माइक्रोनेशिया और तुवालु छोटे द्वीपीय देश हैं जहां पर अब तक कोविड-19 का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। टोंगा के चेंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष पाउला टाउमोइपियाउ ने कहा कि देश मार्च महीने में ही क्रूज जहाजों को तट से दूर रोक रहा है और हवाई अड्डे को बंद कर दिया है।

उन्होंने बताया कि कोई मामला नहीं आने के बावजूद सरकार ने लॉकडॉउन लगा दिया था, इन दिनों कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही लोगों को वापस आने दिया जा रहा है। बता दें कि टोंगा की कुल आबादी करीब एक लाख है। इसके अलावा निर्जन अंटार्कटिक महाद्वीप भी एक मात्र कोरोना वायरस से मुक्त महाद्वीप है। यहां केवल विभिन्न देशों के अनुसंधानकर्ता ही आते हैं लेकिन कोविड-19 की वजह से देशों ने इनकी संख्या कम कर दी है। एकांतप्रिय और दुनिया से अलग-थलग रहने वाले उत्तर कोरिया में भी अब तक आधिकारिक रूप से कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आया है। यहां की कुल आबादी ढाई करोड़ है और यह आशंका है कि तानाशाह किम जोंग उन अपना बेहतर रिकॉर्ड दिखाने के लिए आंकड़ों को छिपा रहे हैं। उत्तर कोरिया का कहना है कि वायरस को फैलने से रोकने का अभियान 'राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा है। उसने सीमा पर यातायात को कड़ाई से रोका, पर्यटकों के आने पर रोक लगाई और नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात किया है।

उल्लेखनीय है कि सितंबर में उत्तर कोरिया ने उसकी समुद्री सीमा में आ रहे एक दक्षिण कोरियाई अधिकारी को गोली मार दी थी और वायरस रोधी मानकों के तहत उसका शव तैरते अस्थायी मंच पर रखकर जला दिया था। उत्तर कोरिया की तरह तुर्कमेनिस्तान के भी इस दावे पर आशंका जताई जा रही है कि वहां पर अब तक कोरोना वायरस से संक्रमण का मामला नहीं आया है। करीब 60 लाख आबादी वाले मध्य एशियाई देश तुर्कमेनिस्तान का प्रशासन गोपनीयता बरतने वाला अधिनायकवादी है। हालांकि, उसने आंकड़ों को छिपाने के आरोपों का खंडन किया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 नवंबर 2020



# टेंट लगाते समय करंट लगने से दो की मौत

## गाड़ी से तंबू का सामान उतारते समय हाईटेंशन लाइन से छू गया लोहे का पाइप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



इसी टैम्पू में रखा लोहे का पाइप बिजली की हाईटेंशन लाइन से टकराया था जिसमें दो युवकों की मौत हो गई।

खोड़ा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को शनि बाजार स्थित एक मिठाई की दुकान पर एक हादसे मे दो युवकों की जान चली गई। दुकान के बाहर टेंट लगाने के दौरान लोहे का पाइप 11 हजार वॉट की हाईटेंशन लाइन से छू गया जिसकी चपेट में आकर दो टेंट कर्मचारियों की मौत हो गई।

इस हादसे में एक युवक भी घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मृतक मौसेरे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से ग्राम छैछू थाना इगलास, जनपद अलीगढ़ के रहने वाले रिंकू व गुड्डू यहां गली नंबर नौ, शंकर विहार खोड़ा में अपने मौसी के 20 वर्षीय बेटे अजय निवासी मडराक अलीगढ़ के साथ रहते हैं। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे तीनों शनि बाजार स्थित जगबीर सिंह स्वीट्स कॉर्नर के बाहर टेंट लगाने के लिए आए थे। वहां वे महिंद्रा पिकअप लोडिंग गाड़ी से टेंट का सामान उतारने लगे, तभी टेंट का लोहे का पाइप ऊपर जा रही 11 हजार बिजली की लाइन से टकरा गया।

इस हादसे में 22 वर्षीय गुड्डू व 20 वर्षीय अजय बुरी तरह झुलस गए जिसमें गुड्डू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अजय व रिंकू को उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल दिल्ली में भर्ती कराया गया जहां अस्पताल में अजय की भी मौत हो गई। खोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद असलम ने बताया है कि करंट लगने से दो युवकों की मौत हुई है।

### चलती कार पर गिरा बिजली का खंभा

**गाजियाबाद।** विद्युत विभाग की लापरवाही से इंदिरापुरम में एक अधिवक्ता की जान जाते-जाते बची। अहिंसा खंड-दो स्थित बालाजी रेजिडेंसी सोसायटी के सामने बृहस्पतिवार सुबह चलती कार पर बिजली का खंभा टूटकर गिर गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एंजल मरकरी सोसायटी में परिवार के साथ रह रहे अधिवक्ता अंबर जैन सुबह करीब 11 बजे गाजियाबाद न्यायालय जाने के लिए निकले थे। बालाजी रेजिडेंसी सोसायटी के सामने अचानक बिजली का एक खंभा टूटकर उनकी कार के बोनट पर गिर गया। उन्होंने तत्काल ब्रेक लगाया और नीचे उतर गए।

### व्यापारी को हनी ट्रैप में फंसाकर ऐंठ लिए एक लाख रुपए

**नोएडा।** सेक्टर 20 के थानाक्षेत्र के सेक्टर 15-ए में एक व्यापारी को कथित रूप से हनी ट्रैप में फंसाकर दो लोगों ने एक लाख रुपए की रंगदारी वसूल ली।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि सेक्टर 15- ए के गौरव नामक व्यक्ति ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि 23 जुलाई को इंस्टाग्राम पर उन्हें एक मैसेज आया, जिसमें कुछ लोगों ने उनसे कहा कि उन्होंने एक लड़की के साथ अश्लील आनलाईन हरकत की है तथा उनकी कुछ वीडियो उनके पास है।

गौरव के अनुसार इन लोगों ने उनकी अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उनसे करीब एक लाख रुपए ऐंठ लिए। एडीसीपी ने बताया कि पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा ट्रक, लगी आग

## हादसे में मिनी ट्रक चालक की मौत, हाईवे पर लगा भीषण जाम

● पुलिस ने गाड़ी काटकर निकाला शव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दुर्घटना के बाद सड़क किनारे गड्ढे में गिरा ट्रक।

दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित गंगनहर के निकट तेज रफ्तार एक ट्रक-ट्रोला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा जिसके चलते उसमें आग लग गई । वहीं ट्रोला के पीछे चल रहे एक ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण उसके पीछे आ रही छोटा हाथी गाड़ी ट्रक के नीचे घुस गई। इस हादसे में छोटा हाथी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंसे हुए छोटा हाथी चालक के शव को गाड़ी काटकर बाहर निकाला। पुलिस ने चालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिय।

इस हादसे के कारण हाईवे पर भीषण जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु रूप से चालू कराया। बता दें कि बुधवार रात करीब ग्यारह बजे एक तेज रफ्तार ट्रक-ट्रोला दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहा था कि अचानक टैंकर अनियंत्रित होकर दिल्ली-मेरठ रोड़ स्थित गंगनहर के निकट गड्ढे में गिर गया। ट्रक-ट्रोला के गड्ढे में गिरने से आग लग गई। जिसमें टैंकर जलकर खाक हो गया।

वहीं इस हादसे के बाद ट्रोला के चालक व परिचालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। अचानक हुए हादसे में टैंकर के पीछे चल रहे एक ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए। ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रहे छोटा हाथी गाड़ी ट्रक के नीचे घुस गया। जिसमें में चालक 35 वर्षीय ब्रजेश पुत्र भोपाल सिंह निवासी गांव दुजाना गौतमबुद्नगर की मौत हो गई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। वहीं जले हुए ट्रक-टोला के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है।

### विवाहिता को जलाकर मारने का आरोप, केस दर्ज

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गांव जुनेदपुर में विवाहिता को जलाकर मारने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

जिला बुलंदशहर निवासी महेश ने बताया कि उन्होंने बेटी चांदनी की शादी तीन साल पहले गांव जुनेदपुर निवासी जितेंद्र सिंह से की थी। पति जितेंद्र व उसके परिवारवाले चांदनी से मायके से ढाई लाख रुपये लाने का दवाब बना रहे थे। मंगलवार की देर रात पति जितेंद्र व उसके परिवारजनों ने षडयंत्र कर चांदनी को जलाकर मार डाला और बुधवार की सुबह बिना किसी को सूचना दिये उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# बिजली विभाग की लापरवाही से जल गई गन्ने की फसल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



बिजली के तार से निकली चिंगारी से जलती गन्ने की फसल का दृश्य।

मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव डिडोली में गन्ने के खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से उसकी चिंगारी से खेतों में आग लग गई। जिसके चलते किसानों की लाखों रूपये की गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने बिजली विभाग के अफसरों पर शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं करने व लापरवाही का आरोप लगाया है।

पुलिस का कहना है कि थाना क्षेत्र के गांव डिड़ौली निवासी शर्मा नंद राजकुमार व सुरेंद्र के खेतों के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गन्ने के खेत में गिरा गया। जिसकी चिंगारी से शर्मानंद की 12 बीघा, राजकुमार की 6 बीघा व सुरेंद्र की 12 बीघा गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। इससे किसानों का लाखों रूपये का नुकसान हो गया।

### ग्रेनो प्राधिकरण ने लांच की औद्योगिक भूखंडों की योजना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच की है। इस योजना के भूखंड सेक्टर इकोटेक-10 व 11 में हैं। भूखंडों का साइज 2 हजार वर्ग मीटर से लेकर 80,000 वर्ग मीटर तक है, जिसमें कुल 28 भूखंड शामिल हैं।

दीपावली से पहले लांच की गई इस योजना में 2000 वर्ग मीटर के 20 भूखंड, 4000 वर्ग मीटर के 5 भूखंड, 8000 वर्ग मीटर, 48000 वर्ग मीटर और 80000 वर्ग मीटर के 1-1 भूखंड हैं। योजना में भूखंड प्राप्त करने के लिए आवेदकों को सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# 'डायबिटीज एंड नर्स' थीम पर काम करेगी टीम आईएमए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




प्रेसवार्ता में वर्ल्ड डायबिटीज डे पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देती टीम आईएमए के सदस्य।

14 नवंबर वर्ल्ड डायबिटिक डे से टीम आईएमए गाजियाबाद, मधुमेह के खिलाफ लड़ाई के लिए हुंकार भरेगी। इस दिन से आईएमए एक हफ्ते तक कई जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। डब्ल्यूएचओ ने इस बार इस थीम का नाम 'डायबिटीज एंड नर्स' रखा है। आईएमए भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में ये जानकारी दी गई।

अध्यक्ष डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते इस बार टीम आईएमए लोगों के बीच जाकर बड़े आयोजन नहीं कर पा रही है लेकिन, ऑनलाइन व सोशल मीडिया के माध्यम से वो लगातार विभिन्न बीमारियों के प्रति लोगों को आगाह व जागरूक कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने आज वर्ल्ड निमोनिया डे पर कोरोना के मरीजों को निमोनिया से बचाये रखने के संबंध में अपनाए जाने वाले उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना मरीज को निमोनिया होना खतरनाक है।

प्रेसवार्ता में डायबिटीज डे पर टीम आईएमए द्वारा आयोजित किये जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों के विषय में संयोजक डॉ. प्रह्लाद चावला ने बताया कि कोरोना काल के चलते इसे कई चरणों में लोगों के बीच तक पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसकी शुरुआत 14 नवंबर से कविनगर में शिविर लगाकर किया जाएगा और कार्यक्रम 21 नवंबर तक चलेगा। इसमें जहां प्रतिदिन 11 से 3 बजे तक लोगों की निशुल्क शुगर जांच की जाएगी वहीं 50 प्रतिशत की छूट के साथ मधुमेह से होने वाली अन्य शारीरिक परेशानियों व बीमारियों की जांच भी की जाएगी।

इसके अलावा 15 नवंबर से नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को मधुमेह के विषय मे ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे कि वो मधुमेह रोगियों के साथ-साथ लोगों को भी इस बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने प्रमाण पत्र दिखाते युवक।

### गांव मुबारकपुर में ग्रामीण नेतृत्व प्रशिक्षण का आरंभ

**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के गांव मुबारकपुर में ग्रामीण युवाओं के लिए ग्रामीण नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत सचिवालय में शुरू किया गया। शौर्य शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य आशुतोष शर्मा ने बताया 1992 का 73वां संशोधन अधिनियम ग्राम पंचायतों को सेल्फ गवर्नमेंट का दर्जा देता है। जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान अपने स्तर पर निकाल सकते हैं और गांव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना सकते हैं। इसके लिए संविधान में एक नई 11वीं सूची भी जोड़ी गई। इस सूची में पंचायतों की 29 कार्यकारी विषय वस्तु हैं। लगभग 28 वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों में इसके प्रति जागरूकता की और जानकारी की कमी है जिसकी वजह से ग्रामीण नौजवान अपना भविष्य निर्माण नहीं कर पा रहे हैं और राज्य सरकारों पर और केंद्र सरकारों पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।



भोजपुर आंगनबाड़ी केंद्र में राशन वितरण करतीं सीडीपीओ सुमन शर्मा।

### ड्राई टेक होम राशन कार्यक्रम हुआ शुरू

**गाजियाबाद।** प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद का ख्याल रख रही है। जिसमें सरकार द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण कर ड्राई टेक होम राशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके तहत गर्भवती, धात्री महिलाओं और छह माह से छह वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को पोषाहार के तहत विटामिन एवं कैल्शियम युक्त सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्वंसेवी महिला समूहों की भी मदद ली जा रही है। यह बातें बाल विकास परियोजना अधिकारी भोजपुर सुमन शर्मा ने कहीं। सुमन शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र भोजपुर से ड्राई टेक होम राशन कार्यक्रम का शुभारंभ कर रही थीं। इस मौके पर विकास खण्ड अधिकारी भोजपुर, आपूर्ति अधिकारी मोदीनगर और सुपरवाइजर आरती राठी व सुनीता सैनी भी मौजूद रहीं।

### अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई बाइक, एक की मौत

**नोएडा।** जेवर थानाक्षेत्र के जेवर- खुर्जा रोड पर बृहस्पतिवार सुबह को एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि सुबह शिद मोटरसाइकिल से जेवर खुर्जा मार्ग से जा रहा था और धनसिया गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कोपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कानून-व्यवस्था चाक चौबंद करने को बैठक

**नोएडा।** दीपावली के मद्देनजर कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य नोएडा के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने बुधवार रात को आला अधिकारियों के साथ एक बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया कि बैठक में अधिकारियों से दीपावली के मद्देनजर पटाखों के संबंध में एनजीटी के निर्देशों का पालन कराने को कहा गया। चौहान के अनुसार कोरोना संक्रमण को ध्यान रखते हुए एक दूसरे से दूरी बनाए रखने के नियम का भी पालन कराने को कहा गया है। बैठक में यह भी कहा गया कि पटाखों की तस्करी रोकने को जिले की सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाया जाए।

# प्रतिबंध के बावजूद बेच रहा था पटाखे, पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को ईदगाह मैदान के पास से एक युवक को पटाखे बेचते हुए गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपए के पटाखे बरामद हुए हैं।

कोतवाली प्रभारी ओपी सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह क्षेत्र स्थित ईदगाह रोड पर खाली मैदान के पास एक युवक द्वारा पटाखे बेचे जाने की सूचना मिली। जिसपर पुलिस टीम ने कार्रवाई कर युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अलग-अलग तरह के करीब एक लाख रुपए के पटाखे बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम नौशाद निवासी त्यागी मार्किट लोनी बताया।

वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने आमिर निवासी हाजी कॉलोनी लोनी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपित ने दो दिन पूर्व टोली मोहल्ला लोनी स्थित राशिद की दुकान के गल्ले से सात सौ रुपए चुरा लिए थे। उन्होंने बताया कि आरोपित के कब्जे से चोरी किए गए रुपए बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों का जेल भेज दिया गया है।

### त्योहारी सीजन पर बाजारों में नहीं होगी साप्ताहिक बंदी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड.19 महासंकट के दौरान लॉक डाउन के कारण आर्थिक मंदी से जूझ रहे व्यापारियोंए दुकानदारों एवं उद्यमियों को राहत देते हुए दी साप्ताहिक बंदी में छूट।

शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी गौतमबुधनगर सुहास एलवाई ने जनपद के व्यापारियों, दुकानदारों एवं उद्यमियों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि कोविड-9 के महासंकट के दौरान लॉकडाउन के कारण उत्पन्न आर्थिक मंदी को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस से कार्तिक पूर्णिमा तक साप्ताहिक बंदी में छूट प्रदान की जाएगी।

# नोएडा में कोविड-19 के 170 नए मामले मिले, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोविड-19 के संक्रमण की वजह से बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि संक्रमण के 170 ताजा मामले सामने आए। कोरोना वायरस से जनपद में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बृहस्पतिवार को कोविड-19 से संक्रमित एक व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 72 लोगों की कोरोनावायरस की वजह से मौत हो चुकी है।

गौतमबुद्धनगर जनपद में कोविड-19 संक्रमण के 170 ताजा मामले सामने आने से संक्रमितों की कुल तादाद बढ़ कर 19,838 हो गई। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के अंदर 103 मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए हैं जबकि जिले के विभिन्न अस्पतालों में ।,225 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 18,531 मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के लिए अब तक 4,37,866 लोगों की जांच की जा चुकी है।

### नाबालिग से कथित रेप मामले में आरोपी दबोचा

**नोएडा।** सेक्टर 39 थानाक्षेत्र की सदरपुर कॉलोनी में एक किशोरी के साथ छह दिन पूर्व कथित रूप से हुए बलात्कार के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि छह दिन पहले सदरपुर कॉलोनी में 14 वर्षीय एक किशोरी के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले सद्दाम 17 वर्ष (काल्पनिक) नामक किशोर ने कथित रूप से बलात्कार किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया।

# मारपीट मामले में चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

● वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस आयुक्त ने की कड़ी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पंचशील हाइनिश सोसाइटी प्रकरण का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने पर्थला चौकी प्रभारी विकास चौहान को बृहस्पतिवार सुबह लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट भी मांगी है।

विदित हो कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील हायनिश सोसायटी के टावर-4 में रहने वाले पर्थला चौकी इंचार्ज विकास चौहान ने बीती रात करीब 12:30 बजे शराब पीकर हुड़दंग मचाया। वायरल वीडियो के अनुसार बुधवार रात करीब 12.30 बजे चौकी इंचार्ज शराब पीकर गाड़ी के अंदर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। इसी दौरान जब सोसायटी के टावर-4 का गार्ड बीच बचाव करने के लिए पहुंचा तो विकास चौहान ने गार्ड को बुरी तरह से पीट दिया। उसने सिर्फ गार्ड को पीटा ही नहीं बल्कि गन लहराकर वहां मौजूद अन्य गार्डों को धमकाया। गन को देखकर सोसायटी में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह दरोगा के भाई ने उसे काबू में किया। उसके बाद सोसायटीवासियों ने 112 नंबर पर फोन करके पुलिस बुलाई।

आरोप है कि जब पुलिस को जानकारी मिली कि उनके ही एक इंस्पेक्टर ने मारपीट की है तो बिना कार्रवाई किए ही पुलिस चुपचाप सुबह कार्रवाई करने की बात कहकर लौट गई। लोगों का कहना था कि जो पुलिसवाला अपनी पत्नी व सोसायटी के गार्ड को नहीं बख्श रहा वो उनकी या समाज की रक्षा क्या करेगा।



मारपीट मामले में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का दृश्य।

डासना जेल की अनूठी पहल

# चीनी झालरों को टक्कर देंगे जेल में बनाए कैदियों के उत्पाद

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना से बदल रहा है बंदियों का हृदय

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी डासना जेल में सजाआफ्ता कैदियों ने भारत के दुश्मन नंबर एक देश चीन को अनूठे अंदाज में सबक सिखाने का निर्णय किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत को साकार करने के लिए जेल परिसर में इस समय ये कैदी अपने पुराने गुनाहों का पश्चाताप करने के लिए बड़े पैमाने पर ईको फ्रेंडली मिटटी के दीपक, भगवान गणेश, लक्ष्मी अवतरण व कैंडल आदि बनाने का काम कर रहे हैं।

हर वर्ष दीवाली पर यहां चाइनीज झालरों से जेल परिसर को सजाया जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। परिसर में किसी भी प्रकार का कोई चीनी उत्पाद नजर नहीं आयेगा। खास बात यह है कि दीपक व भगवान की आकृति वाली तस्वीरों को इन कैदियों ने पहले तो मिटटी की डाई से इनको तैयार किया उसके बाद इनको रंगबिरंगे मोम से कवर किया है। जिससे इनकी सुन्दरता में चार चांद लग गये।

इस संबंध में हत्या के एक मामले में सजा काट रहे रामबीर का कहना है कि उसकी एक भूल से यह



जेल परिसर में दीवाली पर्व के लिए कैदियों द्वारा तैयार किये गये ईको फेंडली कैंडल।

अपराध हो गया वह अब पश्चाताप कर देश के लिए कुछ करना चाहता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर चीन को सबक सिखाने के लिए खुद जेल प्रशासन की मदद से इस मुहिम में रात दिन जुट गया है। इसीक्रम में अपहरण के मामले में सजा काट रहे ब्रिजेश का कहना है कि वह उस घटना को एक बुरे सपने की तरह भूलकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अपने गुनाह का पश्चाताप करना चाहता है। बकौल ब्रिजेश चीन ने जो हमारी सीमा पर हरकत की है उसे हम नहीं भूल सकते। रमेश नामक एक अन्य कैदी का कहना है कि जेल प्रशासन यहां समय-समय पर आध्यात्मिक एवं जीवन सुधार कार्यक्रमों का आयोजन करता है। उसी से हमें यह सब करने की प्रेरणा मिली है। इस संबंध में डासना जेल अधीक्षक और जेलर आनन्द कुमार शुक्ला से जेल परिसर में हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि इस प्रकार की व्यवसायिक कार्य योजनाएं इसलिए शुरू की गई हैं ताकि सजा समाप्त होने के बाद ये लोग पुन: अपराध की दुनिया में न लौट जायें। जब जेल से छूटेंगे तो इन्हें रोजगार ढूंढना नहीं पड़ेगा।

### गोरस फाउंडेशन का आवंटन निरस्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव जलपुरा स्थित गौशाला के कैटल शेड का रख रखाव एवं संचालन कर रहे मैसर्स गोरस फाउंडेशन के आवंटन को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निरस्त कर दिया है। गौशाला का निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि गोरस फाउंडेशन के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा एमओयू की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा था।

गौशाला में चारे की समुचित व्यवस्था, गोवंश टैगिंग, चिकित्सा सुविधाएं दवाईयों की व्यवस्था एवं पशुओं के रखरखाव आदि की व्यवस्था नहीं की गई थी। लिहाजा प्राधिकरण ने मैसर्स गोरस फ ाउंडेशन के साथ किया गया एमओयू को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

### जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

# विचारधारा पर गर्व राष्ट्र हित में हो: मोदी

**● आजादी के आंदोलन और आपातकाल के संघर्ष को किया याद**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अपनी विचारधारा को राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता दिए जाने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है। विचारधारा पर गर्व स्वाभाविक है लेकिन वह राष्ट्रहित में होनी चाहिए ना कि राष्ट्र के खिलाफ।

पीएम मोदी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के परिसर में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद छात्रों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस अनावरण समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है और यह स्वाभाविक भी है लेकिन फिर भी, हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में, राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए, राष्ट्र के खिलाफ नहीं। उन्होंने आजादी के आंदोलन और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब देश के सामने कोई कठिन समय आया है, हर विचार और हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं।

आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। आपातकाल के दौरान भी देश ने यही एकजुटता देखी थी। देश में लगे आपातकाल के खिलाफ उस आंदोलन में कांग्रेस के पूर्व नेता और कार्यकर्ता भी थे। आरएसएस के स्वयंसेवक और जनसंघ के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे।

कम्यूनिस्ट भी थे। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में भी किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था क्योंकि सभी का उद्देश्य राष्ट्रहित था। जब राष्ट्र की एकता अखंडता और राष्ट्रहित का प्रश्न हो तो अपनी विचारधारा के बोझ तले दबकर फैसला लेने से, देश का नुकसान ही होता है। छात्रों से स्वस्थ संवाद की परम्परा को जीवित रखने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएनयू में देश के अलग-अलग हिस्सों से छात्र आते हैं और अलग-अलग विचारों से आते हैं।



वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# निजी अस्पतालों में 80%आईसीयू बेड रिजर्व

### राजधानी में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए उच्च न्यायालय ने दी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप सरकार को 33 निजी अस्पतालों में 80 प्रतिशत आईसीयू बेड कोविड-19 मरीजों के लिए आरक्षित करने की अनुमति प्रदान कर दी।

इसके साथ ही अदालत ने कहा कि राजधानी में कोरोना वायरस के मामले काफी बढ़ रहे हैं। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली सरकार की अपील को स्वीकार कर लिया जिसमें 80 प्रतिशत आईसीयू बेड आरक्षित करने के सरकार के फैसले पर एकल न्यायाधीश के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने एकल न्यायाधीश द्वारा लगाई गई रोक को हटा लिया और मामले को एकल पीठ के समक्ष 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उस समय तक 80 प्रतिशत आईसीयू बेड आरक्षित करेंगे।

उच्च न्यायालय दिल्ली सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें अनुरोध किया गया है कि कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर कम से कम 15 दिनों के लिए 33 निजी अस्पतालों में 80 प्रतिशत आईसीयू बेड कोविड-19 मरीजों की खातिर आरक्षित करने का उसे अधिकार हो। दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस के 8,593 नए मामले सामने आए जो किसी एक दिन का सर्वाधिक स्तर है।

नगर में संक्रमण के 4.59 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 7,228 मरीजों की मौत हो चुकी है। सर गंगा राम अस्पताल में मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष एस पी ब्योत्रा ने कहा कि संक्रमण के मामलों में रोजाना तेज वृद्धि हो रही है, इसी के साथ-साथ मौत के मामलों में भी इजाफा हो रहा है।



## पिछले 15 दिन में 872 लोगों की मौत

*__नई दिल्ली।__ दिल्ली में बीते 15 दिन में कोविड-19 से 870 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जिसके लिए विशेषज्ञ संक्रमण के मामलों में अचानक उछाल आने, बिगड़ती वायु गुणवत्ता, सुरक्षा नियमों को लेकर बरती जा रही लापरवाही और अन्य कारकों को जिम्मेदार बता रहे हैं।*

*दिल्ली में 28 अक्टूबर के बाद से कोविड-19 के मामलों में अचानक उछाल देखा गया है। उस दिन राजधानी में पहली बार एक दिन में पांच हजार से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए थे। बृहस्पतिवार को पहली बार संक्रमण के आठ हजार से अधिक मामले सामने आए।दिल्ली में 28 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच संक्रमण के 90,572 नए मामले सामने आए हैं जबकि 872 लोगों की मौत हुई है। बीते दो दिन में रोजाना 80 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। राजधानी में बुधवार को एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के सबसे अधिक 8,593 मामले सामने आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या 4 लाख 59 हजार से अधिक हो गई। सरकारी और निजी अस्पतालों के चिकित्सा विशेषज्ञ बीते दो सप्ताह में मौत के मामलों में तेज वृद्धि की वजह संक्रमण के मामलों में रोजाना तेज उछाल, त्योहारों के सीजन में बड़ी संख्या लोगों की के बाहर निकलने, बढ़ते प्रदूषण के चलते लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने और बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा नियमों को लेकर लापरवाही बरते जाने को मानते हैं।*

# पश्चिमी विक्षोभ से दिवाली के बाद सुधरेगी वायु गुणवत्ता

**पायनियर समाचार सेवा, नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ से हवा की गति बढ़ सकती है और दिवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधर सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है।



विभाग के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में शनिवार को हल्की वर्षा होने की संभावना है लेकिन अभी यह देखना बाकी है कि यह प्रदूषकों के धुलकर बैठ जाने के लिए पर्याप्त है या नहीं। उन्होंने कहा , लेकिन दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता हवा की रफ्तार बढ़ने से दिवाली के बाद सुधरने की संभावना है। रविवार को हवा की अधिकतम रफ्तार करीब 12 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है।

आईएमडी के पर्यावरण अनुसंधान केंद्र के प्रमुख वी के सोनी ने बताया कि हवा नहीं चलने और पटाखों के कारण दिवाली की रात वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुंच सकती है। उन्होंने कहा हवा की रफ्तार उसके बाद बढ़ सकती है और हवा की दिशा पूर्व-दक्षिणपूर्व की ओर होगी।

# चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा पिटाई से मौत



**नई दिल्ली ।** दिल्ली में चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए युवक (24) की स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार को मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात उन्हें कबीर नगर में वाहन चोरी की सूचना मिली।

शिकायतकर्ता हीरा लाल कामरा ने मीसर नामक आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। कामरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी को उनका टेंपो चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और स्थानीय लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की। अधिकारी ने कहा कि घायल आरोपी को शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंदर अस्पताल ले जाया गया। कामरा की शिकायत के आधार पर वेलकम थाने में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक मास्टर चाबी बरामद की गई। उसे मंडोली जेल ले जाया गया। डॉक्टर ने उसका स्वास्थ्य जांच करने के बाद उसे हेडगेवार अस्पताल स्थानांतरित कर दिया। आरोपी की अस्पताल में रात करीब 12 बजे मौत हो गई। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा मामले की न्यायिक जांच कराई जा रही है।

# यूरोप की तर्ज राजधानी की सड़कें होंगी चमाचम

**● पायलट प्रोजेक्ट के तहत सात सड़कों की री-डिजाइनिंग को दिल्ली सरकार ने दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** राजधानी की सड़के यूरोप की तर्ज पर खूबसूरत होंगी। वजीरपुर डिपो क्रॉसिंग से रिठाला मेट्रो स्टेशन ब्रिटानिया चौक से आउटर रिंग रोड वेस्ट एनक्लेव पीतमपुरा, शिवदापुरी मार्ग एंड पटेल रोड- मोती नगर टी प्वाइंट से पूसा रोड के आस पास का इलाका, विकास मार्ग-लक्ष्मी नगर चुंगी से कड़कड़ी मोड़, रिंग रोड- मायापुरी से मोती बाग जंक्शन, रिंग रोड- ऑल इंडिया मेडिकल से आश्रम, अंबेडकर नगर से डिफेंस कॉलोनी फ्लाइओवर, आउटर रिंगरोड- निगम बोध घाट से मैग्जीन रोड क्रॉसिंग को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सड़कों की री-डिजाइलिंग की दिल्ली सरकार ने मंजूरी दी है।

इन सड़कों से बाटलनेक खत्म करने के लिए बिल्ट-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) की तर्ज पर रोड बनेंगी। एजेंसी 15 साल तक इनके रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगी। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ इस बाबत समीक्षा बैठक की।



पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार 13 नवंबर, 2020



# अब शिक्षा में भी क्यूआर कोड हुआ जानकारी बटोरने का ठोस माध्यम

## क्यूआर कोडिड चार्ट्स से मिलेगी विस्तृत जानकारी

## मौलिक मुख्याध्यापक मनोज कुमार लाकड़ा के नेतृत्व में उनके छात्र ने तैयार किए क्यूआर कोड



गुरुग्राम स्थित राजकीय व. मा. विद्यालय में क्यूआर कोड स्कैन करती छात्राएं ।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अक्सर** किसी भी सामान्य चार्ट में फोटो ही होता है। फोटो देखने मात्र से छात्रों को कोई जानकारी प्राप्त हो जाए, यह सम्भव नहीं है। जानकारियां आसानी से हासिल करने के लिए अब राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड से सम्मानित मौलिक मुख्याध्यापक मनोज कुमार लाकड़ा के नेतृत्व में उनके एक छात्र ने क्यूआर कोड के रूप में फार्मुला निकाल लिया है। अब क्यू-आर कोडिड चार्ट्स से यह सम्भव है कि सभी जानकारियां चुटकियां में हासिल हो जाएं। इससे बच्चों को तुरंत व विस्तृत जानकारी मिल जाती है। यह अपने आप में एक अनूठा प्रयोग है।

जिले के बजघेड़ा गांव स्थित शहीद मेजर विनोद राणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजघेड़ा में मौलिक मुख्याध्यापक एवं इस वर्ष के प्रदेश के राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड से सम्मानित शिक्षक मनोज कुमार लाकड़ा ने आईटीसी श्रेत्र में मोबाइल लर्निंग को विशेष तौर पर अपनाया। जिसमें वे क्यू-आर कोड द्वारा विशेष जानकारी बच्चों को उपलब्ध करवा रहे हैं। मनोज कुमार लाकड़ा के मार्गदर्शन में कक्षा बारहवीं के छात्र हिमांशु ने विशेष क्यू-आर कोडिड चार्ट्स का निर्माण किया है, जिनमें भारतीय प्रधानमंत्री, भारतीय राष्ट्रपति, हरियाणा के मुख्यमंत्री, हरियाणा के महान खिलाड़ी, भारतीय महान वैज्ञानिक, भारतीय नदियां, मानव तंत्र, फलदार पेड़, भारत का नक्शा, हरियाणा का नक्शा, कक्षा छठी से कक्षा दसवीं तक की सभी पाठ्य पुस्तकें कक्षावार क्यू-आर कोडिड चार्ट बनाए हैं, जिन्हें बच्चे मोबाइल फोन द्वारा क्यूआर को स्कैनर ऐप की सहायता से स्कैन कर इनके विषय में तुरंत व विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप में भारत का नक्शा, जिसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के क्यूआर कोड, हरियाणा का नक्शा जिसमें सभी जिलों के क्यू-आर कोड निर्धारित स्थान पर नाम सहित दर्शाया गया है। ये क्यू-आर कोडिड नक्शे बड़े ही आकर्षक बने हैं। इन क्यू-आर कोडिड चार्ट्स को विद्यालय की हर कक्षा में लगाया गया हैं।

### क्यूआर कोडिड चार्ट्स शिक्षण सहायक सामग्री के रूप में प्रयोग

**शिक्षक** मनोज कुमार लाकड़ा का कहना है कि अध्यापक को अपने शिक्षण कार्य को रोचक तथा प्रभावशाली बनाने के लिए कई प्रकार के संसाधनों का प्रयोग करना पड़ता है। वही संसाधन अधिक उपयोगी होते हैं, जो छात्रों को सीखने के लिए अधिक अनुभव प्रदान करे। अध्यापक इसके लिए बच्चों की रूचि के हिसाब से शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग करता है, जो बच्चों की ज्ञानेन्द्रियों, आंख और कान को अधिक सक्रिय बनाकर उनके लिए विशेष सामग्री को अधिक सुबोध, रोचक व प्रभावशाली बनाता है।

# अधिवक्ताओं की सरकार से 10-10 लाख का बीमा कराने की मांग : चौधरी


सोहना कोर्ट परिसर में हरियाणा एण्ड पंजाब बार एसोसिएशन के सचिव अजय चौधरी अधिवक्ताओं का चैम्बर अलाटमेंट का पत्र देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हरियाणा** वेलफेयर बार एसोसिएशन प्रदेश सरकार से प्रत्येक अधिवक्ता का दस लाख रुपये का बीमा कराए जाने की मांग करेगा। मेडिकल पोलिसी का अधिवक्ता अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

हरियाणा एण्ड पंजाब बार एसोसिएशन के सचिव अजय चौधरी ने गुरुवार को सोहना कोर्ट में पहुंचकर नवनियुक्त बार एसोसिएशन के प्रधान लखमिन्दर खटाना, सचिव सचदेव समेत सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। बार एसोसिएशन का हौसला बढ़ाते हुए हर संभव कदम से कदम साथ लेकर चलने का आश्वासन दिया। अजय चौधरी ने कहा कि हार से ही जीतना सीखा जाता है। चुनाव में मिलने वाली हार से अपने आपसी प्यार मिलन को समाप्त न करें। एक दूसरे के सुख-दुख के साथी बनकर एक साथ मिलकर चले। सचिव ने कहा कि बार एसोसिएशन की तरफ से जो मेडिकल पॉलिसी चलाई गई है। उसका लाभ लें। जल्द ही हरियाणा सरकार से वेलफ्रयर बार एसोसिएशन की तरफ से प्रदेश सरकार को राज्य के सभी अधिवक्ताओं का 10-10 लाख रुपये का बीमा करने की मांग की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंध के बावजूद बेचे जा रहे पटाखों के गोदामों पर छापेमारी

**फर्रूखनगर।** सरकार द्वारा पटाखा बिक्री, पटाखे चलाने के प्रतिबंध के बावजूद बाजार में पटाखे बिक्री करने वाले दुकानदारों पर छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते की दुकानदारों में पटाखे छुपाने की होड़ लग गई। जब तक पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक सभी दुकानदार पटाखे छुपा चुके थे। हालांकि एकाध जगह से पटाखे बरामद करने में पुलिस कामयाब रही। थाना प्रभारी सवित कुमार व आईओ सब-इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली का फर्रूखनगर के वार्ड-9 वाल्मीकी मोहल्ले में सतबीर नाम व्यक्ति सरकार के प्रतिंबंध के बावजूद अपनी दुकान दुकान पर पटाखे बेच रहा है। पुलिस ने नायब तहसीलदार रणसिंह गोदारा, फायर अधिकारी पटौदी रामकेश को शामिल करके रेड पार्टी तैयार की और छापेमारी की। दुकानदार को नोटिस देकर तलाशी ली गई और 15 पेटी पटाखे बरामद किए। सतबीर ने पटाखा बिक्री पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाने के बावूजद अवहेलना की है। आबादी क्षेत्र में पटाखा बिक्री करके दूसरे के जीवन को खतरे में डालने का कार्य की और पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### मकान में लगी, पांच मिनट में काबू पाया

**सोहना।** शहर के वार्ड-5 की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में मकान के अंदर लगी आग पर दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए काबू किया। जिससे आग मकान के एक कमरे में तक ही सीमिट कर रह गई। गुरुवार की सुबह नौ बजे शहर की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में मूलचंद नंबरदार के मकान में रह रहे किराएदार के बच्चों द्वारा बरती गई लापरवाही से कमरे में रखा सामान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मात्र दस कदम पर दूर अग्निशमन कार्यायाल को दी गई। विभाग के कर्मचारियों ने तुरन्त प्रभाव से फुर्ती दिखाते हुए कमरे में रखा सामान में लग रही आग को मात्र पांच मिनट में ही काबू कर लिया। जिससे आग अन्य कमरों में फैलने से रोक लिया। अग्निशमन कार्यालय प्रभारी जयवीर भड़ाना ने बताया कि आग सौफा पर रखी पानी गर्म करने की रॉड से लगी। जिसे पानी गर्म करने के दौरान बिजली जाने पर सौफा पर रख दिया। बिजली आने पर चालू रॉड से सौफा में आग जल उठी। कमरे का दरवाजा बंद होने के बाद काफी देर के बाद धुआं निकलता हुआ नजर आया। जिसकी सूचना मिलने पर तुरन्त प्रभाव से काबू कर लिया। कमरे में रखा करीब 40 हजार रुपये सामान जलकर राख हो गया।

### अल्पसंख्यक शिक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक



**नूंह।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिन के उपलक्ष्य में एक्शनएड और यूरोपीय यूनियन के सहयोग से मेवात कारवां जनसंगठन ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रावली में अल्पसंख्यक शिक्षा और सरकारी शिक्षा योजनाओं पर जागरुकता कैंप का आयोजन किया। मुख्यतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अब्दुल रहमान और जिला बालकल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने शिरकत की। कार्यक्रम अक्लीमा बानों के संविधान की प्रस्तावना पढ़ने से हुआ। डॉ. रहमान ने कहा कि शिक्षा ही हर ताले की कुंजी है अपने बच्चों को शिक्षित कर दो बेरोजगारी, ग़रीबी और पिछड़ेपन के ताले खुल जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बच्चों के लिए सरकार छात्रवृत्ति देती है जिसका 31 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। लड़कियों के लिए बेगम हजरत महल स्कॉलरशिप है जिसका लाभ लेना चाहिए। कमलेश शास्त्री ने हरियाणा बाल कल्याण परिषद की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राजकुमार चुटानी ने मौलाना आजाद को याद करते आपसी एकता मजबूत करने का आहान किया। कार्यक्रम में नीट परीक्षा में बेहतर नम्बर लाने वाले अफजल रहमान, रेहान फजल, अफरोज जुबैर, नईम शमशाद व कलेट में सलेक्ट होने वाले मारूफ अबरार और ऑल इंडिया मेडिकल में नर्सिंग हेड के हैसियत से सलेक्ट होने वाले जियाउद्दीन खान को भी सम्मानित किया। मौके पर डॉ अजय भारद्वाज, हाजी शमशाद, मास्टर नाजिम आजाद, नौशाद खान अशरफ मेवाती प्रिया रानी, सरफुद्दीन रावली, इसाब खान, अमजद एडवोकेट, वसीम सैफी, आसिफ अब्दुल्लाह, आकिब जावेद, अरशद माहौली और बरकत मालिक आदि लोग मौजूद थे।

### आईटीआई में आज लगेगा रोजगार मेला

**सोहना।** सोहना आईटीआई में शुक्रवार को रोजगार मेला लगाया जाएगा। जिसमें 5 से 6 कंपनियों के अधिकारी आईटीआई पास विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेने के लिए पहुंच रहे हैं। आईटीआई के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि शुक्रवार को उनकी आईटीआई में पांच से छह अलग-अलग कंपनियों की टीम पहुंच रही है। उनका उद्देश्य बेरोजगार आईटीआई पास विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि 200 से 250 विद्यार्थियों को कंपनी अधिकारी रोजगार देने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन कर रहे है। ताकि बेरोजगारी की मार झेल रहे विद्यार्थियों को इस कोरोना काल में रोजगार उपलब्ध हो सके। खनगवाल ने बताया कि साक्षात्कार सुबह दस बजे शुरू हो जाएंगे। रोजगार का इच्छू विद्यार्थी अपना साक्षात्कार दे सकता है।

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मिठाइयों की दुकानों पर की छापामारी

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने गुरुवार को अनाज मंडी में स्थित मिठाई की दुकानों पर छापामारी करने से हड़कंप मच गया। टीम के आने की सूचना मिलने पर शहर के 90 फीसदी दुकानदार अपनी दुकानों के ताले लगा नौ दो ग्यारह हो गए। गुरुवार को जैसे ही मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम अनाज मंडी में स्थित सुभाष सूंडिया की मिठाई की दुकान पर पहुंची। वैसे ही शहर में यह सूचना आग की तरफ से फैल गई। उड़नदस्ता की टीम में डीएसपी इंद्रजीत यादव, एएसआई रणधीर सिंह, मुकेश कुमार, ब्रह्म प्रकाश, हवलदार मनोज और शिव कुमार के साथ डॉ. दीपक मौजूद थे। उड़नदस्ता की टीम ने यहां पर खौवा और पनीर से बनी मिठाइयों के नमूने लिए। करीब दो घंटे तक चली छापामारी में टीम ने अलग-अलग लिए गए नमूनों को सील करके चंडीगढ़ जांच के लिए भेज दिया।

# दीपावली पर्व पर प्रशासन ने 130 प्रतिभावान बेटियों को किया प्रोत्साहित


गुरुग्राम में प्रतिभावान बेटियों को सम्मानित करते एडीसी प्रशांत पवार।

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन ने दीपावली पर्व पर जिला के अकेली बेटी वाले परिवारों की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को सम्मानित करने की नई पहल शुरू की है। इस नई पहल के अंतर्गत जिला की 130 बेटियों को सम्मानित किया जाएगा जिसकी शुरुआत गुरुवार को एडीसी प्रशांत पवार द्वारा 16 बेटियों को सम्मानित करके की गई है। बाकी बेटियों को खण्ड स्तर पर जाकर सम्मानित करने की योजना है।

प्रशासन की इस नई पहल के अंतर्गत गुरुवार जिला के चारों खण्डों से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली 16 लड़कियों को अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की लिखी पुस्तक-अग्नि की उड़ान भेंटकर सम्मानित किया। इन छात्राओं ने पढ़ाई, खेल-कूद, नृत्य, पेंटिंग या अन्य क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सम्मानित की गई छात्राओं में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा से 12वीं कक्षा की छात्रा खुशी, राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मानेसर से 11वीं कक्षा की छात्र मेघा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्लामपुर से 11वीं कक्षा की छात्र भारती, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीराबाद से 11वीं कक्षा की अंजलि सस्माल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 43 से 9वीं कक्षा की खुशी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रूखनगर से 9वीं कक्षा की सोनिया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडेवला से नौवीं कक्षा की राधिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडेवला से दसवीं कक्षा की मुस्कान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोनियावास से 11वीं कक्षा की रिंकू, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फर्रूखनगर से 12वीं कक्षा की पूजा राणा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोरा कलां से 11वीं कक्षा की भावना, राजकीय उच्च विद्यालय बागंखी से 10वीं कक्षा की छात्रा नेहा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोना से 12वीं कक्षा की छात्रा रचना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादशाहपुर से 12वीं कक्षा की छात्रा कविता यादव, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घामड़ोज से नौवीं कक्षा की छात्रा वंदना, और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकली से 11वीं कक्षा की छात्रा सीमा शामिल हैं।

### इस नई पहल से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम को मिलेगा बल

# आईटीआई में दाखिलों की चौथी काउंसलिंग शुरू

**गुरुग्राम।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाईन दाखिले की चौथी काउंसलिंग शुरू हो गई है, जिसके लिए प्रार्थी 14 नवंबर तक अपनी फीस ऑनलाईन भर सकते हैं।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्या गीता आर. सिंह ने बताया कि दाखिले के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिला की सभी आईटीआई संस्थानों में चलाए जा रहे इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीनियरिंग व्यवसायो में सत्र 2020-21 के दाखिले के लिए ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने के लिए पोर्टल दोबारा से खोल दिया गया है। इच्छुक प्रार्थी 16 नवंबर तक विभागीय वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं।

# दीपावली पर्व खुशी से मनाएं, बांटें खुशियां



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**दीपावली** अब एक दिन का पर्व न होकर कई दिनों का पर्व बन गया है। इससे जुड़े पर्वों में धनतेरस या धन त्रयोदशी का भी अपना महत्व है। यह कहना अप्रांसगिक न होगा कि दीपावली से जुड़े पर्वों से दीपावली की भव्यता में वृद्धि होती है। धनतेरस पर्व सुख-समृद्धि का प्रतीक है।

पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने कहा कि तावडू नगरपालिका की और से शहरवासियों को धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामनाएं। हर पर्व अपने साथ हर्ष व उमंग का संचार लेकर आता है। वरिष्ठ चिकित्सक एवं सिंगला अस्पताल के संचालक डा. अमृतलाल सिंगला ने कहा कि पर्वों पर उल्लास के संग हम अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। लेप्रोस्कॉपिक सर्जन एवं एंडोस्कॉपिस्ट डा. मयंक सिंघल ने कहा कि हर पर्व पर हम एक पौधा अवश्य लगाएं। ईएनटी सर्जन डा. अनुजा केडिया ने कहा कि हम इको फ्रेंडली दीपावली मनाएं। ग्रीन डेल्ज पब्लिक स्कूल तावडू की संचालिका हेमा शर्मा ने कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, जिसे धन त्रयोदशी या धनतेरस भी कहा जाता है को लक्ष्मी, कुबेर और धन्वंतरि का दिन भी माना जाता है। पूर्व पार्षद किरण सोनी कहती हैं कि चांदी चंद्रमा का प्रतीक है और चंद्रमा धन और मन दोनों का स्वामी है। पूर्व पार्षद किरण गर्ग का कहना है कि धनतेरस में धन शब्द को धन संपत्ति और धन्वंतरि दोनों से ही जोड़कर देखा जाता है। पार्षद बबीता गर्ग का कहना है कि इस दिन घर, बाहर या दक्षिण दिशा में दीपमालिका जलाकर यम को अर्पित करने से वह प्रसन्न होते हैं। लेक्चरर योगिता शर्मा का कहना है कि दीपावली अब एक दिन का पर्व न होकर कई दिनों का पर्व बन गया है। लेक्चरर प्रीति का कहना है कि धनतेरस पर्व सुख-समृद्धि का प्रतीक है।

### पर्वों के उल्लास के संग शरीर का ध्यान भी जरूरी

# बेटियां जीवन का अनमोल उपहार : मंजीत ठाकुर

## युवा भाजपा नेता मंजीत ठाकुर ने मनाया बेटी का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


जेवर विधानसभा से भाजपा नेता मंजीत ठाकुर की बेटी मानसी सिंह के जन्मदिवस पर आशीर्वाद देने पहुंचे लोग।

**भारतीय** जनता पार्टी के नेता मंजीत ठाकुर ने अपने गांव दयानतपुर ग्रेटर नोयडा में बेटी मानसी सिंह का 12वां जन्मदिन सादगी के साथ मनाया। कोरोना महामारी के चलते बहुत ही कम संख्या में मेहमानों को आमंत्रित किया गया।

बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच लेकर समाज को बेहतर संदेश दे रहे मंजीत ठाकुर को सामाजिक, राजनैतिक, चिकित्सक व अन्य पेशेवर लोगों ने कॉल करके व सोशल मीडिया के माध्यम से बेटी के जन्मदिन की बधाइयां दी। मंजीत ठाकुर ने क्षेत्र व गांव के लोगों को बेटी के लिए प्यार व आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि बेटियां कुदरत का अनमोल तोहफा है। दो घरों को रोशन करने वाली बेटियों को हमेशा सम्मान मिलना चाहिए। बेटियों की उम्र चाहे कितनी भी हो, लेकिन उनके जन्मदिन के मौके पर हर घर में खुशियां मनायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, जो आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में गूंज रहा है। बेटियों को आगे लाना ही हम सबका उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम सबका यही कर्तव्य है कि हम बेटियों को सदा सम्मान दें। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर किशोर सिंह, ठाकुर करनेश सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा नेता सुरेश चंद्र शर्मा, ओमबीर मास्टर, ग्राम पंचायत दयानतपुर के प्रधान गजेंद्र चौधरी, यतीश ठाकुर, मोहित ठाकुर, संजय पुजारी, फरीदाबाद से महाप्रबंधक परविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, पुष्पेंद्र राजपूत, वैभव ठाकुर, सिद्धार्थ, मयंक व पार्थ मौजूद रहे।

# फोनपे ने भारत में किया 25 करोड़ यूजर का आंकड़ा पार

## 9अक्टूबर में रिकॉर्ड 10 करोड़ मासिक सक्रिय यूजर और 92.5 करोड़ लेन-देन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख डिजिटल भुगतान मंच फोनपे ने 25 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता के आंकड़े को पार कर लिया है। कंपनी ने अक्टूबर 2020 में 10 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता (क्रू) और 230 करोड़ बार ऐप पर एक्टिविटी की सूचना दी।

फोनपे के लिए अक्टूबर एक रिकॉर्ड महीना रहा, जिसमें 92.5 करोड़ लेनदेन की प्रक्रिया की गई, जो अब तक का सबसे अधिक, 20 लाख करोड़ का वार्षिक TPV रन-रेट है। फोनपे ने अक्टूबर में 40त्न से अधिक की बाजार-अग्रणी हिस्सेदारी के लिए 83.5 करोड़ PI लेनदेन की प्रक्रिया भी की।

इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, फोनपे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा, हम 25 करोड़ उपयोगकर्ता की उपलब्धि को प्राप्त करके काफी उत्साहित हैं और आभारी हैं कि इतने सारे भारतीय हमारी सेवा पर भरोसा बनाए रखना चाहते हैं। हम प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए डिजिटल भुगतान को उनके जीवन का हिस्सा बनाने के मिशन पर हैं, और हमारा अगला लक्ष्य 2022 तक 50 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को पार करने का है। हमारे ब्रांड लोकाचार करते जा बढ़ते जा के अनुरूप, हम भारतीय समाज के हर क्षेत्र के लिए नए और अनोखे उत्पादों को लॉन्च करना जारी रखेंगे, साथ ही साथ भारत के हर गांव और कस्बे में हर व्यापारी के लिए डिजिटल भुगतान स्वीकृति को सक्षम बनाएंगे।'' पिछले कुछ वर्षों में भारत में डिजिटल भुगतान अपनाने का चलन बढ़ रहा है और फोनपे ने विभिन्न आयु समूहों, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों और आय स्तर के ग्राहकों के लिए इसे अपनाने में मुख्य भूमिका निभाई है। यह अभूतपूर्व वृद्धि सबसे बेहतर भुगतान सफलता दर, लेन-देन की सबसे तेज़ गति, और इसका यूजर इंटरफ़ेस उपयोग करने में काफी आसान भी है।

PhonePe के बारे में जाने

फोनपे, 25 करोड़ रजिस्टर्ड ग्राहकों के साथ भारत का अग्रणी डिजिटल पेमेंट प्लैटफॉर्म है। PhonePe का इस्तेमाल करके, ग्राहक पैसे भेज और मंगा सकते हैं, मोबाइल, डीटीएच, डेटा कार्ड रीचार्ज कर सकते हैं, दुकानों पर पेमेंट कर सकते हैं, सुविधाओं का इस्तेमाल करने के लिए पेमेंट कर सकते हैं, सोना खरीद सकते हैं और निवेश भी कर सकते हैं। PhonePe ने 2017 में डिजिटल गोल्ड की शुरुआत करके, वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में कदम रखा।

# डॉक्टर्स और सामाजिक कार्यकर्ता भी बन रहे रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**रेडक्रॉस** सोसायटी गुरुग्राम की गतिविधियों से प्रभावित होकर अब सामाजिक कार्यकर्ता और डाक्टर भी रेडक्रास के आजीवन सदस्य बन रहे है। गुरुवार को एक साथ मां और बेटी दोनो ही रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य बने। सामाजिक कार्यकर्ता योगिता धीर एवं उनकी बेटी डाक्टर प्रांजल धीर ने रेडक्रास सचिव श्याम सुन्दर को फार्म भरकर दिया और आजीवन सदस्य के लिए पंजीकरण करवाया।

एमबीबीएस डाक्टर प्रांजल धीर ने रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर सभी स्लम एरिया, वृद्ध आश्रम, जिला सुधार धर एंव ग्रामीण महिलाओं के लिए निशुल्क अपनी सेवाएं देने के लिए संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि वो आज विश्व की सबसे बड़ी संस्था की सदस्या बनी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता योगिता धीर ने कहा कि वो रेडक्रॉस के कार्यकलापों को आमजन तक पहुंचाएंगी। दिव्यांग जन, रक्तदान, बेटी बचाओ अभियान और जरूरतमन्द लोगों की सेवा में काम करेंगी। रेडक्रास सचिव श्याम सुन्दर ने आजीवन सदस्य का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिला उपायुक्त एवं प्रधान रेडक्रॉस सोसायटी अमित खत्री के मार्गदर्शन में अब तक सेंकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता भारतीय रेडक्रास सोसायटी के आजीवन सदस्य बन चुके हैं।

जिनका प्रमाण पत्र नई दिल्ली इण्डियन रेडक्रास सोसायटी एवं प्रोविजनल प्रमाण-पत्र हरियाणा राज्य रेडक्रास सोसायटी चण्डीगढ़ से प्राप्त होगा। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वो समाज सेवा के लिए रेडक्रास सोसायटी के आजीवन सदस्य बनें।

# सीएनएच इंडस्ट्रियल की सीएसआर परियोजना 'जलसंचय' सफलता के मुकाम पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सीएनएच** इंडस्ट्रियल इंडिया ने एक साल पहले उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में इस महत्वपूर्ण सीएसआर (नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व) परियोजना 'जलसंचय' (यानी जल आपूर्ति) की शुरुआत की। इसका मकसद चार स्थानीय तालाबों में नई जान और नई ऊर्जा डालना एवं उनका संरक्षण करना है। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिला स्थित ग्रेटर नोएडा के गांव देवला, खेड़ा चोगनपुर, सोरखा और सूरजपुर के इन चार तालाबों के सतत विकास और नया जीवन देने के कार्य योजनानुसार प्रगति पर हैं।

तालाबों के आसपास जैव विविधता और हवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इनके चारों ओर लैंडस्केपिंग की जा रही है। सीएनएच इंडस्ट्रियल ने तालाबों के चारों ओर सौर ऊर्जा के लैंप भी लगाए हैं। इससे न केवल शाम में रोशनी रहती है बल्कि स्थानीय समुदाय अन्य आवश्यकताओं के लिए भी अक्षय ऊर्जा के इस स्रोत का लाभ ले सकता है।

### कम्पनी ने अपनाये हुए चारों तालाबों की तरक्की की नवीनतम जानकारी दी, अपने परिचालन क्षेत्र के आसपास के सामुदायिकों स्थानों में नई जान डालने के लिए यह सतत जल संरक्षण परियोजना शुरू की

सीएनएच इंडस्ट्रियल ने मार्च 2022 तक इन तालाबों के रखरखाव और संरक्षण का संकल्प लिया है। परियोजना के बारे में बोलते हुए सीएनएच इंडस्ट्रियल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं कंट्री हेड (प्रबंध निदेशक और देश प्रमुख) - भारत एवं सार्क, श्री रौनक वर्मा ने कहा, एक साल पहले इनमें अधिकतर तालाबों की दुर्दशा थी। इनका पानी तेजी से कम हो रहा था। हम ने इन तालाबों का कायाकल्प कर इन्हें जल संचय का बड़ा स्रोत बनाने का लक्ष्य रखा है। मॉनसून में बरसात का पानी भरने की व्यवस्था की है। साथ ही, इनकी परिधि में पेड़ लगा रहे हैं। इससे भविष्य में कभी गाद नहीं होगी। हमारी टीम की कड़ी मेहनत के साथ हम यह देखकर खुश हैं कि हमारी सीएसआर परियोजना सही दिशा में बढ़ रही है और हमें लक्ष्य के अनुसार सफलताएं मिल रही हैं। मुझे विश्वास है कि परियोजना की कार्य प्रगति के साथ भी बड़ी सफलताएं मिलेंगी।''

सीएनएच इंडस्ट्रियल के कर्मचारियों ने सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से परियोजना के बारे में जागरूकता पैदा करके इस सीएसआर पहल पर स्वेच्छा से काम किया। निवासियों को पानी के संरक्षण और जल निकायों को बनाए रखने में उनकी सक्रिय भूमिका और जिम्मेदारी के बारे में सिखाने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता सृजन सत्र आयोजित किए गए थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार 13 नवंबर, 2020



# लापरवाही: रिपोर्ट के लिए पॉजिटिव मरीज काट रहे चक्कर

कविता। फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और तुगलकी नीतियों के कारण कोरोना पॉजिटिव मरीजों को अपनी रिपोर्ट हासिल करने के लिए इधर से उधर चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन दिनों एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही है।

नेगेटिव आने पर बीके अस्पताल में रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन पॉजिटिव आने पर कर्मचारी मरीज को यह कहते हुए लौटा रहे हैं कि उनकी रिपोर्ट उनके घर के निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र से दी जाएगी। ऐसे में पॉजिटिव मरीजों की दुर्गति तो ही रही है। साथ इससे कोरोना के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे अनेक मरीज है, जिनके घरों में रिपोर्ट लेने के लिए जाने अन्य कोई व्यक्ति मौजूद नहीं होता।

## ऐसे दे रहे हैं बढ़ावा

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा नया नियम लागू करने से बृहस्पतिवार को कई मरीजों और कर्मचारियों के बीच नौंक जौंक होती हुई देखी गई। कुछ समय पहले तक आरटीपीसी जांच के बाद मरीज के मोबाइल पर एक संदेश आ जाता है, लेकिन अब पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद मरीज तक स्वास्थ्य विभाग की तरफ से न तो संदेश पहुंचाया जाता है और न ही उसे फोन करके सूचना दी जा रही है, ऐसे में वह संक्रमित व्यक्ति रिपोर्ट लेने पहुंच जाते है, लेकिन रिपोर्ट न मिलने पर वह चक्कर काटने




को मजबूर है। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा भी पॉजिटिव से किसी तरह का कोई सम्पर्क नहीं किया जा रहा है, यह बात होम आईसोलेट एक मरीजों न बताई कि 10 दिन होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तरफ से न तो मैसेज आया और न ही कोई फोन। न ही कोई कर्मचारी सूचना देने घर पहुंचा।

### लापरवाह विभाग

**रोजाना** बढ़ रहे कोरोना के मरीजों की संख्या को देखकर भी विभाग सतर्क नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पॉजिटिव मरीजों को यहां से वहां चक्कर कटवा रहे है। पॉजिटिव को पहले तो पुरानी इमारत में मौजूद मलेरिया विभाग की इमारत में रिपोर्ट को भेजते है। वहां रिपोर्ट केवल बताने के बाद मरीज को कोविड-19 हेल्पलाइन में पर्ची के लिए भेज दिया जाता है। यहां आने के बाद मरीज के मुंह से पाजिटिव की बात सुनकर कर्मचारी उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र में रिपोर्ट मिलने की बात कहकर लौटा रहे है। ऐसे में पॉजिटिव यहां से वहां चक्कर काटने के बाद कितने अन्य लोगों को संक्रमित करता है, यह वह स्वयं भी नहीं जानता।

# आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल के कुशल मार्ग दर्शन में आईटीआई के अंर्तगत युवाओ की दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आईटीआई प्रिंसिपल ने देते हुए बताया कि जिसके कारण इस योजना के तहत चल रहे व्यवसाय में अभी तक चतुर्थ काउंसलिंग तक कम दाखिले होना विशेष कारण रहा है। दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली आईटीआई में पूर्व में चल रही सीटीएस प्रणाली के तहत व्यवसायियों का नवीनतम रूप है। जिसके तहत छात्र के हुनर को निखारने के लिए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग संस्थान में नए करवाएंगे।

# अधिवक्ता बैंसला ने बार चुनाव में लगाया धांधली का आरोप

**डीबीए के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं के एक ग्रुप ने लायर्स चैम्बर में की प्रेसवार्ता**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** बार एसोसिएशन के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं के एक ग्रुप ने लायर्स चैम्बर में प्रेसवार्ता की। जिसमें राजेश बैंसला ने जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के चुनाव में बतौर प्रधान जीत का दावा पेश किया। जिसे अधिवक्ताओं ने एक मत से स्वीकार किया।

राजेश बैंसला अधिवक्ता ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन का प्रधान मैं ही रहूंगा। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर के चुनाव में अधिवक्ताओं ने 2222 वोटों पर पोलिंग की थी, लेकिन ईवीएम मशीन ने कुल 1841 वोटों की पोलिंग दिखाई और गिनती के समय इस प्रकार की धांधली का अधिवक्ता सतेन्द्र अधाना जोकि पोलिंग एजेंट थे, ने दूसरे पक्ष पर लगभग 381 वोटों की हेराफेरी करने का आरोप लगाया था।

इन 381 वोटों को गिनती में बिना शामिल किए परिणाम घोषित करने से रोका परन्तु देर रात एक पक्ष के हक में चुनावों की घोषणा कर दी गई। जोकि बिल्कुल ही निराधार व अनुचित है। अधिवक्तागण एक बड़ा समूह इसको स्वीकार नहीं करता। बैंसला ने कहा कि 11 नवंबर को हाउस की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ों वकीलों ने मुझे व मेरी पूरी टीम को वकीलों के कल्याण के लिए जिम्मेवारी सौपी थी। इस पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव नरेन्द्र पाराशर ने प्रधान राजेश बैंसला, सैकेटरी नरेन्द्र शर्मा, संजीव अत्री अतिरिक्त सचिव, लाईब्रेरियन विजय पाल यादव को फूलों की माला पहनाकर एसोसिएशन की जिम्मेवारी सौंपी।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश चेतन, बार काउंसिल के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ, पूर्व प्रधान जेपी अधाना, नवल किशोर गर्ग, पूर्व महासचिव अनिल पाराशर, सुधीर चपराना, पवन कौशिक, महेन्द्र गर्ग, कंवर राकेश सिंह, विनोद कौशिक, सोताज बैंसला, डीएस रावत, सतबीर शर्मा, प्रदीप परमार, प्रमोद भारद्वाज, कुंवर दलपत सिंह, रघवेश सिंगल, रविन्द्र रावत, टीका डागर, अनिल कुमारी, एमएस नागर, हंसराज, सुन्दर पाहील, कुलदीप जोशी, सतपाल नागर, ललित बैंसला, कंवल भाटी, हरवंश, आदि सैकडों वकील मौजूद रहे।

# कोरोना विस्फोट जारी:दो मौतें, 598 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 30,337



**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे है। जिससे जिले में कोरोना 30 हजारी हो गया है। बृहस्पतिवार को 598 मरीज पॉजिटिव आने से जिले में कोरोना का आंकड़ा 30,337 पर पहुंच गया। वहीं दो पॉजिटिव मरीजों ने दम तोड़ दिया। जिससे जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 270 पर पहुंच गया। वहीं 502 मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। जिससे जिले का रिकवरी रेट 91.5 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**मृतक और पॉजिटिव** : कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत हो गई। जिसमें जवाहर कालोनी निवासी 82 वर्षीय महिला और एनएच-दो निवासी 92 वर्षीय बुजुर्ग शामिल है। वहीं 598 पॉजिटिव में सेक्टर-11, 87, 16, 62, पाली, नंगला, भनकपुर, दयालपुर, सिही, नेहरू कालोनी, चावला कालोनी से 3-3 मरीज है। एसजीएम नगर, सेक्टर-3, तिगांव से 7-7 मरीज है। पर्वतीया कालोनी, प्रेम नगर, सेक्टर-49, 25, 31, 22, 15, ग्रीन फिल्ड कालोनी, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, संजय कालोनी से 6-6 मरीज है। नेहरू कालोनी, गाजीपुर, सेक्टर-18, 20, नरहावली से 2-2 मरीज है। जवाहर कालोनी, सेक्टर-7, 75, 88, 10, पुरी प्रणायाम, एनआईटी-एक, पल्ला से 5-5 मरीज है। टीकावली, जीवन नगर, एनआईटी-5, 3, सेक्टर- 28, 55, 81, 82, 75, 29, 25, 60, 89, एनआईटी-तीन, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, नरहावली, वेदराम कारोनी, भुदत्त कालोनी, अशोका इंक्लेव, सराय, अमर नगर, जवाहर कालोनी, पर्वतीया कालोनी, भारत कालोनी, जनता कालोनी, बड़ौली, खेड़ी कला, शिव कालोनी, छायंसा, यादव कालोनी, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी से 4-4 मरीज है। सेक्टर-16 से 8, डबुआ कालोनी से 11 और अन्य एरियों से 163 मरीज है।

### यह है आंकड़ा

अब तक कुल सैम्पल जांच- 274310

| | |
|---|---|
| अब तक कुल पॉजिटिव | -30337 |
| अब तक नेगेटिव | - 243775 |
| रिपोर्ट आनी शेष | - 498 |
| अब तक मौते | - 270 |
| गंभीर हालत में | - 60 |
| वेंटिलेटर पर | -9 |

# संक्षिप्त समाचार

## डीसी को सौंपा खराब लाइटों को लेकर ज्ञापन : अरोड़ा



**फरीदाबाद।** दीवाली पर्व के अवसर पर फरीदाबाद स्मार्ट सिटी में नेशनल हाइवे व बाईपास रोड पर लाइटों की व्यवस्था किए जाने को लेकर युवा नेता एवं समाजसेवी भारत अशोक अरोड़ा ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की, कि दीपावली पर्व जोकि रोशनी एवं दीपों का पर्व है के अवसर पर फरीदाबाद स्मार्ट सिटी को भी रोशन किया जाए। एक तरफ जहां दिल्ली के सभी हाईवे एवं मुख्य सडकें जगमग रोशन है, वहीं फरीदाबाद का बुरा हाल है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की, कि फरीदाबाद के अंदर लगने वाले हाईवे व बाईपास रोड पर लाइटिंग की व्यवस्था की जाए और बंद पड़ी लाइटों को चालू करवाया जाए, जिससे आने वाले समय में पडने वाले कोहरे एवं सर्दियों में दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। भारत अरोड़ा ने कहा कि फरीदाबाद शहर के लिए यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सत्ताधारी पार्टी के 5-5 विधायक, एक कैबिनेट मंत्री एवं एक केन्द्रीय राज्यमंत्री होने के बावजूद भी यहां के रोड रात होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं। फरीदाबाद की जनता करोड़ों रुपया रोड टैक्स के रूप में दे रही है, टोल टैक्स अलग से देती है, बावजूद उसको सुविधाओं के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है। बदरपुर बॉर्डर से लेकर बल्लभगढ़-पलवल तक मथुरा रोड पूरी तरह अंधकारमय है। जिसके चलते इस नेशनल हाइवे पर रात के समय गाड़ी से यात्रा करना बहुत खतरनाक है। हाइवे पर अंधेरा होने के चलते यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। क्योंकि फरीदाबाद एनसीआर क्षेत्र में शामिल है और स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त है, बावजूद इसके न केवल हाईवे बल्कि शहर के अंदर के भी अधिकतर मार्गों पर अंधेरा छाया रहता उन्होंने जिला उपायुक्त को इस मामले में आगे आकर कार्यवाही करने की मांग की। जिला उपायुक्त ने भारत अरोड़ा की इस मांग पर गहनता से विचार-विमर्श करने के बाद कार्यवाही का भरोसा जताया और कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि हाईवे पर लाइटों की व्यवस्था कराई जाए और जो लाइटें खराब पड़ी हैं, उनको ठीक करवाया जाए। इस अवसर पर उनके साथ राधेश्याम कुमार, प्रिंस कपूर एवं हरीश अरोड़ा आदि मौजूद थे।

## कोर्ट परिसर में चलाया प्लाज्मा जागरूकता अभियान



**फरीदाबाद।** न्यायालय परिसर सेक्टर-12 फरीदाबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में प्लाज्मा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलेश कुमार चौबे सीजीएम डीएल एसए फरीदाबाद के दिशा निर्देशानुसार इस कार्यक्रम को दिशा दी गई। मंगलेश चौबे ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी में फरीदाबाद में जिस प्रकार से रोज आंकड़े आ रहे हैं वह बेहद ही चिंताजनक है। इसकी अभी तक कोई वैक्सीन भी नहीं आई है। जिसको देखते हुए निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें लोगों को पाठ पढ़ाया जाएगा सोशल डिस्टेंसिंग का बाहर निकले तो मुंह पर मास्क अवश्य लगा कर निकले। जिला रेडक्रॉस सोसायटी इसमें बहुत ही पुनीत कार्य कर रही है। जागरूकता अभियान के लिए पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता, अर्चना गोयल ,मीनाक्षी आंचल को बोला गया है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस मुहिम के साथ जोड़ें और इस कार्यक्रम को सफल अवश्य बनाएं। रेडक्रॉस सह सचिव बिजेंद्र सोरोत ने मंगलेश चौबे के सहयोग के लिए भरपूर प्रशंसा की। प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर विमल खंडेलवाल ने बताया कि अब धीरे-धीरे सभी सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। उनके साथ मिलकर जागरूक अभियान निरंतर चलाया जाएगा। जब तक समाज के लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा प्लाज्मा डोनेशन सिरे नहीं चढ़ेगा। कार्यक्रम में मंगलेश कुमार चौबे सीजीएम डीएलएसए फरीदाबाद, अधिवक्ता संजय गुप्ता, रेडक्रॉस सह सचिव विजेंद्र सोरौत, प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर विमल खंडेलवाल, सहायक पुरुषोत्तम सैनी, डॉक्टर बी एन वशिष्ठ, सोनू अशोक, प्रभात, आशा, प्रवीण, गोपाल, अर्चना गुप्ता, मीनाक्षी आंचल उपस्थित थे।

## विद्यालय में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से तथा विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि विद्यालय के सभी अध्यापकों, प्राध्यापकों, मिड डे मील कर्मचारियों और विद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ सहित सभी के स्वास्थ्य की जांच बीके हॉस्पिटल से आई टीम द्वारा की गई। विद्यालय के लगभग सभी शिक्षकों और अन्य सदस्यों की जांच डिप्टी सिविल सर्जन, एएच काउन्सलर अनुक्रम भाटी, स्टाफ नर्स प्रियंका, स्टाफ नर्स रेखा और कपिल की टीम ने सभी को हृदय आघात, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, नशे से दूर रहने तथा बॉडी मास इंडेक्स से सम्बन्धित जानकारी बुकलेट वितरित कर और समझा कर बताई गई। गुरुवार को डिप्टी सिविल सर्जन की टीम द्वारा प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, सुंदर लाल, संजय मिश्रा, प्रेमदेव यादव, परवीन कुमार, पूनम, जसनीत कौर, अमृत कौर, मनीषा, कविता, गीता, अंशुल सहित लक्ष्मी, कमला एवम् सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें व्यायाम, सिटरस फ्रूट्स, अंकुरित अनाज और हरी सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करने का परामर्श दिया गया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने डिप्टी सिविल सर्जन और उन के टीम के सदस्यों एएच काउन्सलर अनुक्रम भाटी, स्टाफ नर्स प्रियंका, स्टाफ नर्स रेखा और कपिल का विद्यालय और स्टाफ की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

## कर्मचारी काली दिवाली मनाने को हैं मजबूर

**फरीदाबाद।** वेतन न मिलने के कारण टूरिज्म व अन्य कई विभागों के हजारों कर्मचारी काली दिवाली मनाने पर मजबूर होंगे। जिसके कारण इन विभागों के कर्मचारियों और उसके परिजनों में सरकार व विभागों के खिलाफ भारी आक्रोश है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सीएम को ट्वीट कर मामले में हस्तक्षेप कर दिवाली से पहले बकाया वेतन देना सुनिश्चित करने की मांग की है।

# जिले में पटाखे बेचने और जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध : डीसीपी

**किसी भी समय अवधि के लिए किसी प्रकार की नहीं है छूट**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** एनआईटी अर्पित जैन ने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार के पटाखें बेचने और जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। दिवाली दीपों का त्यौहार है। इस दिन सभी लोग अपने अपने घरों में दीप जलाकर रोशनी करते हैं। आध्यात्मिक रूप से यह त्यौहार 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' को दर्शाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष उल्लास के साथ दिवाली का त्यौहार मनाते हैं।

दिवाली के अवसर पर कुछ लोग पटाखे चलाकर आतिशबाजी कर त्यौहार मनाते हैं। फरीदाबाद में एयर क्वालिटी को देखते हुए एनजीटी के आदेश पर स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी हरियाणा ने एक्शन लेते हुए आदेश जारी किए हैं, जिसके मद्देनजर फरीदाबाद शहर में किसी भी प्रकार के पटाखे बेचने और जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। आदेश अनुसार फरीदाबाद शहर के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगते हुए और भी हरियाणा के कई जिलों में पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है।

पुलिस उपायुक्त ने साफ तौर पर कहा है कि जो कोई भी पुलिस के आदेशों की अवहेलना करेगा फरीदाबाद पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगी। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कोरोनावायरस महामारी भी फैल रही है। पटाखों से निकलने वाले धुएं से हवा खराब हो जाती है। कोरोना वायरस और प्रदूषण के चलते सांस के मरीजों को सांस लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है अत: आप, अपने और आसपास रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, दिए जलाकर दिवाली का त्यौहार मनाएं और खुशियां बांटे। उन्होंने बताया कि आदेशों की पालना न करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# रावल अकादमी ने 90 रनों से जीता मैच



**फरीदाबाद।** एनएच-दो स्थित बॉयज स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर प्रैक्टिस मैच खेला गया। बीबीसीआई कोच सुनील चौधरी ने बताया कि यह मैच अयाज क्रिकेट अकादमी और रावल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। अयाज क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें रावल क्रकेट अकादमी के बल्लेबाजों ने 35 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। जिसमें 54 गेंदों पर 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। दिपांश सैनी ने 44 गेंदों पर 7 चौके और 3छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। नमन ने 31 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 36 रन बनाए। अयाज के गेंदबाज ईमताज और रिजवान ने 2-2 विकेट लिए। अयाज क्रिकेट अकादमी की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए 31.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 169 रन बनाए। जिसमें निर्भय ने 61 गेंदो पर 7 चौके और दो छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। विज ने 61 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज अभिजीत और ललित भड़ाना ने 3-3 विकेट लिए।

# नवनियुक्त बार प्रधान विवेक रावत ने टीम के साथ ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** बार एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान विवेक कुमार (बॉबी रावत) ने अपनी टीम के साथ सादगीपूर्ण एक समारोह में शपथ ली। रावत को एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान व वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव चौधरी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं की मौजूदगी में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार तंवर, उपप्रधान विकास भड़ाना, अतिरिक्त सचिव अरूण नागर, कोषाध्यक्ष नरेश रावत, कार्यकारिणी सदस्य मनीष छोकर ने भी पद व गोपनीयता की शपथ ली।

बार के प्रधान बॉबी रावत ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार सदस्यों ने उनके प्रति विश्वास व्यक्त किया है, वे उसके ऋणी रहेंगे और सेवाभाव से कार्य करेंगे। इससे पूर्व चुनाव अधिकारी निर्दोष गुर्जर ने समस्त अधिवक्ताओं व मीडिया के समक्ष उम्मीदवारों को मिले वोटों की जानकारी देते हुए चुनी हुई टीम को बधाई दी। बार रूम में आयोजित शपथग्रहण समारोह में अधिवक्ता काफी उत्साहित दिखाई दिये। एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान संजीव चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिये भविष्य में भी तत्पर रहेगी।

चुनाव अधिकारी निर्दोष गुर्जर ने बताया कि चुनाव 6 नवम्बर को होने थे परंतु कुछ लोग बार काउंसिल ऑफ इंडिया की मध्यस्थता के लिये चले गये और मतदान 10 नवंबर को हुआ। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान से लेकर चुनाव परिणाम बार काउंसिल ऑफ इंडिया के दिशा निर्देश में और वहां से आए आब्जर्बरस की देखरेख में किया गया। गुर्जर ने पूर्ण शांतिपूर्वक चुनावों के लिये जिला व पुलिस प्रशासन की जहां सराहना की। वहीं चुनाव पारदर्शिता के लिये बार काउंसिल ऑफ इंडिया का भी आभार व्यक्त किया। गुर्जर ने कहा कि बार काउंसिल से बड़ा अधिवक्ताओं के लिये कोई मंच नही है।

जिस निष्पक्षता के साथ चुनाव हुए उसकी सराहना सभी वकीलों ने की है। संजीव चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम अधिवक्ताओं के कल्याण के लिये तत्पर रहेगी। आपने नवनियुक्त प्रधान बाबी रावत से आह्वान किया कि वे सभी को साथ लेकर अधिवक्ताओं के हित में तत्पर रहें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे और नई टीम को बधाई दी।

# निगमायुक्त ने किया मैनुअल कम्पोस्ट खाद प्लांट का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ह्यूमन काइंड फाउंडेंशन की अध्यक्ष मोनिका व आरडब्ल्यू के मेम्बर मौजूद रहे**



**नगर** निगम के निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने सेक्टर-89 में पीयूष हाईट सोसायटी में मैनुअल कम्पोस्ट खाद प्लांट का उद्घाटन रिबन काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इन्द्रजीत कुलड़िया भी मौजूद थे।

ह्यूमन काइंड फाउडेंशन की अध्यक्ष मोनिका शर्मा, आरडब्ल्यू के मैम्बर बिजेन्द्र, वॉलियंटर रूचिका बोहरा, यामिनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नगर निगम के आयुक्त डा. यश गर्ग ने पीयूष हाईट सोसायटी के बॉलियन्टर और आरडब्ल्यूए द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहा कि पीयूष हाईट सोसायटी में टोटल 1086 फ्लैट्स हैं और 650 लोग रह रहे हैं।

सबने मिलकर गीले कूड़े से सोसायटी के अंदर ही कम्पोस्ट खाद बनाने की मैनुअल प्रक्रिया शुरू की है जो कि बहुत ही अच्छी, सस्ती और सरल प्रक्रिया है। इस मैनुअल कम्पोस्ट प्रक्रिया को फरीदाबाद की हर आरडब्ल्यूए संस्था को अपनाना चाहिए। मैनुअल कम्पोस्ट प्रक्रिया में नगर निगम प्रशासन भी उनकी पूरी तरह से मदद करेगा। निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने फरीदाबाद के निवासियों से अपील की है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग इकट्ठा करने की योजना चलाई हुई है। समस्त फरीदाबादवासी इस योजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा गीले कचरे के लिए हरे रंग का डस्टबिन और सूखे कूड़े के लिए नीले रंग का डस्टबिन का प्रयोग करें। साफ प्लास्टिक, प्लास्टिक कवर, बोतल, बक्सा, वस्तु, चिप्स और चॉकलेट का कवर, रैपर, प्लास्टिक कप, दूध-दही का खाली पैकेट, पेपर, रैपर, मैगजीन, स्टेशनरी, रद्दी मेल, कार्ड बोर्ड, कार्टन या मोटे कागज का डिब्बा, पिज्जा बॉक्स, पेपर कप और प्लेट, टेट्रा पैक, धातु, मेटल, लोहे की पन्नी से बना डब्बा, मेटल का फैन, डिब्बा, रबड़, थर्मोकॉल, पुराना पोछा, गद्दा, सौंदर्य प्रसाधन, लकड़ी, बाल, नारियल का छिलका आदि नीले डस्टबिन में रखे। इसके अलावा वर्मीकंपोस्ट बनाने के लिए हरे डस्टबिन में रखे पदार्थों का उपयोग किया जाएगा जैसे सब्जी, फल के छिलके, पका खाना, बचा हुआ खाना, अंडे का छिलका, मुर्गा, मछली की हड्डियां, सड़े, खराब फल, सब्जियां, टी बैग, कॉफी, पेड़ से झड़ी हुई पत्तियां एवं उसकी टहनियां, फूल और इससे बनी माला, घासफूस, कूड़े वाली घास आदि रखने होंगे। ताकि गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग कर दिया जाए तो गीले कूड़े से खाद बनाई जा सकती है वहीं सूखे कूड़े को रिसाइकिल करके वस्तुएं भी बनाई जा सकती हैं।

हयूमन काइंड फाउडेंशन की अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने बताया कि पीयूष हाईटस सोसायटी के हर घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग हो रहा है और इनका रोज का जो गीला कूड़ा है वो तकरीबन 500 किलो निकलता है जिससे हाउस कीपिंग स्टाफ द्वारा प्रतिदिन कम्पोस्ट खाद बनाई जाएगी जो यहां के पार्कों और पेड़-पौधों में इस्तेमाल की जाएगी। हाउस कीपिंग स्टाफ का उक्त कार्य में बहुत ही सराहनीय योगदान हो रहा है।

# डीएवीआईएम के छात्रों ने एमडीयू में किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीएवीआईएम** फरीदाबाद शहर का ही नहीं बल्कि देश का एक ऐसा जाना माना संस्थान है। जहां छात्र शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ औधोगिक प्रशिक्षण का भी ज्ञान प्राप्त करते हैं। यह संस्थान छात्रों को वास्तविक जीवन की उपलब्धि एवं उनमें छिपी क्षमता को पहचान कर औद्योगिक प्रशिक्षण को महत्व देता है। डीएवीआईएम छात्रों के भविष्य में आने वाली चुनौतियों का मार्गदर्शन एवं उनका नेतृत्व करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के दिसंबर 2019 के परीक्षा परिणाम में डीएवीआईएम के छात्रों ने शीर्ष उपलब्धियों को प्राप्त किया है उसके लिए वे बधाई के पात्र है। डीएवीआईएम परिवार ने बीसीए एवं बीएससी ऑनर्स कंप्यूटरसाइंस विभाग के शानदार और मेहनती छात्रों की उपलब्धि के लिए उनकी सराहना दर्ज की। जिन्होंने सेमेस्टर विश्वविद्यालय परीक्षा के पदों को हासिल किया। कुमारी हीना कपूर ने बीसीए तृतीय सेमेस्टर में 10 वां स्थान हासिल किया। कुमारी खुशबू, कुमारी कोमल गर्ग और कुमार सागर मक्कड़ ने बीसीए पांचवें सेमेस्टर में क्रमश: 6 वां, 7 वां और 13 वां स्थान हासिल किया है। कुमार दिव्यांक जोशी, कुमार अतुल, कुमार नवीन बिष्ट, कुमार सचिन कथूरिया और कुमारी पूजा वर्मा ने बीएससी ऑनर्स कंप्यूटरसाइंस ने प्रथम सेमेस्टर में पहले पांच स्थान हासिल करके गरवित किया। कुमारी आरती जगुरी, कुमारी सिमरन भुल्लर, कुमारी भावना गिरधर, कुमारी इशिकामेहता और कुमारी मेघा ने तीसरे सेमेस्टर में पहले पांच स्थान प्राप्त किए

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 नवंबर, 2020



# भाजपा का वर्चस्व

## निस्तेज होता विपक्ष

**भाजपा** ने कांग्रेस से बहुत सी सीटें छीन ली हैं तथा क्षेत्रीय दलों को भी अप्रासांगिक बना रही है, ऐसे में संघवाद की निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं। न केवल बिहार, बल्कि बाकी भारत में हुए उपचुनाव परिणामों में दो प्रवृत्तियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। पहली, महामारी के कारण संकटमय वर्ष होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता व स्वीकार्यता है। जनता को विश्वास है क वे लाकडाउन के कारण गांवों की ओर पलायन, तेज आर्थिक गिरावट तथा कर्ज-आधारित सहायता पैकेज के बावजूद नतीजे दिखा सकते हैं। आम मतदाता मुफ्त अनाज व थोड़ी नकदी के प्रत्यक्ष हस्तांतरण जैसे तत्कालीन कल्याणकारी उपायों से संतुष्ट है। निश्चित रूप से लोकसभा में प्रचंड विजय के बाद एक साल में किसी को मोदी के प्रभामंडल में कमी की उम्मीद नहीं थी। कोरोनावायरस महामारी ने अभूतपूर्व चुनौती दी है। यदि प्रधानमंत्री इस परेशानी भरे समय से तुलनात्मक रूप से बेअसर होकर निकलने में सफल होते हैं तो उनके नेतृत्व कौशल का प्रभामंडल और तेज होता जाएगा। देश पर आने वाले किसी संकट के बारे में 'मन की बात' के माध्यम से वे आम जनता को अपनी बात समझाने में सफल होते हैं। मतदाता जानते हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वोत्तम प्रयास कर रहे हैं। महाराष्टं, झारखंड व दिल्ली में पराजय के बाद कोविड-प्रबंधन ने उनकी छवि सुधारी है। इसकी तुलना में लगता है कि कांग्रेस गंभीर मुद्दे समझ ही नहीं पा रही है, जबकि उसे मतदाता के सामने ऐसे वैकल्पिक रास्ते पेश करने चाहिए जो उसे समझ में आएं। रोजी-रोटी के मुद्दों के समाधान में मोदी का व्यक्तित्व सकारात्मक रूप से सामने आता है।



अपने चुनाव भाषणों में वे अयोध्या में राम मंदिर, पुलवामा व अन्य मुद्दों की चर्चा करते हैं। स्थानीय मुद्दों को संबोधित करने के उनके तरीके ने मतदाताओं को प्रभावित किया है और बिहार के मतदाता इसके उदाहरण हैं। उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि पिछले 15 साल में प्रदेश सरकार ने अनेक वादे पूरे नहीं किए। एक के बाद दूसरे राज्य में भाजपा के केन्द्रीय शक्ति बनते जाने से विकास योजनायें बड़ी सीमा तक उसकी सदाशयता पर निर्भर हो गई हैं और मतदाता इस आधार पर फैसला देने लगे हैं। भाजपा ने मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने की चुनावी गणित के साथ प्रचार के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी के जादुई व्यक्तित्व का प्रयोग करने में महारत हासिल कर ली है। भाजपा ने 11 राज्यों की 59 सीटों में से 41 पर विजय प्राप्त की है। इसमें मध्य प्रदेश शामिल है जहां उसने 28 सीटों में से 19 पर कब्जा किया है। इसकी तुलना में 40 से अधिक सीटों पर विधायकों वाली कांग्रेस केवल 12 सीटें जीत सकी है तथा दो पर बीजद ने कब्जा जमाया है। एक-एक सीट पर सपा, झामुमो व एनडीपीपी तथा दो पर निर्दलीयों की विजय हुई है। भाजपा ने कांग्रेस से गुजरात में आठ व मणिपुर में चार सीटें छीनीं तथा उत्तर प्रदेश में अपनी 6 सीटें बनाए रखीं। इसने कर्नाटक में दो तथा तेलंगाना में एक सीट जीती। गुजरात में कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत की थी, पर अपनी जीती पांच सीटें गंवाने से उसे तगड़ा धक्का लगा है। ऐसा पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के बावजूद हुआ है। मध्य प्रदेश में उपचुनाव ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए सम्मान का मामला थे क्योंकि 16 सीटें उनके ग्वालियर संभाग की थीं। उन्होंने अपने प्रयासों से 9 सीटें जीतने में सफलता पाई तथा भाजपा को सत्ता चलाने के लिए संतोषजनक बहुमत मिल गया। उत्तर प्रदेश में 2022 में सरकार बदलने का सपा नेता अखिलेश यादव का सपना धूल में मिल गया है और वे केवल अपनी एक सीट बचा सके हैं। इन परिणामों के बाद अब कांग्रेस वोट पाने के बजाय वोट काटने वाली मशीन बन कर रह गई है। अन्य क्षेत्रीय पार्टियों को भी अपने मतदाताओं पर ध्यान देते हुए संगठन मजबूत करना होगा। इसी तरह वे भाजपा का मुकाबला करने में सफल हो सकती हैं।

# तमिलनाडु में राजनीतिक हलचल

चुनाव के पहले गठबंधन सहयोगियों को सीटें आबंटित करना स्टालिन के लिए बड़ी समस्या होगी। हालांकि, अभी गठबंधन सहयोगी तय नहीं हैं, पर द्रमुक नीत मोर्चे में कांग्रेस, कम्युनिस्ट, मुस्लिम लीग व विधुतलाई चिरुथैगल काच्ची का होना निश्चित है।



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**तमिलनाडु में** पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे। इसके बावजूद अभी संभावित गठबंधनों के बारे में चर्चा हो रही है। ऐसे में द्रमुक की स्थिति मजबूत है। तमिलनाडु की जीवनरेखा कावेरी नदी इन दिनों शांत बह रही है। राज्य की राजनीति भी इसी नदी के प्रवाह की तरह है, लेकिन इस शांति के नीचे अनेक धारायें प्रवाहित हैं तथा हलचल धीरे-धीरे तेज हो रही है। हालांकि, तमिलनाडु में राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है। यहां हमेशा की तरह प्रमुख शक्तियां द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-द्रमुक तथा आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक हैं। इनके समक्ष कांग्रेस व भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियां सहायक भूमिका निभाती हैं तथा अन्य हाशियाकृत पार्टियों का महत्व और कम है। 1967 तक राज्य में अबाध शासन करने वाली कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है क्योंकि उसका सारा तेज द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने सोख लिया है। राजनीतिक विश्लेषक एन. कल्याणसुंदरम के अनुसार अब उसके पास कार्यकर्ताओं के बजाय नेता अधिक हैं। द्रमुक जे. जयललिता नामक राजनीतिक सुनामी के कारण राज्य की सत्ता से लंबे समय से बाहर है। उन्होंने द्रमुक को 2011 व 2016 के विधानसभा चुनावों में दो सीटों तक सीमित कर दिया था। लेकिन द्रमुक नेता एम. करुणानिधि समेत अपने सभी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर लगाम लगाने वाली जयललिता अब नहीं हैं। 5 दिसंबर, 2016 को उनके असमय निधन के बाद अन्नाद्रमुक का असर तेजी से घटा है। जयललिता की निकट सहयोगी रही वीके शशिकला ने अन्नाद्रमुक से बाहर निकल कर अपनी पार्टी अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कझगम-एएमएमके बनाई थी तथा स्वयं को पुत्रैची थैलवी का वैध वारिस होने का दावा किया था। मुख्यमंत्री इडापड्डी पलानीस्वामी-ईपीएस व उप मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम-ओपीएस के नेतृत्व वाले गुट एक दूसरे का गला काटने पर आमादा हैं। इसके साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डी. जयकुमार के नेतृत्व वाला गुट भी नेतृत्व पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। अन्नाद्रमुक का 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ चुनाव गठबंधन था। लेकिन ईपीएस व ओपीएस इसे याद नहीं करना चाहते हैं क्योंकि यह जयललिता द्वारा भाजपा से गठजोड़ न करने के सिद्धान्त के खिलाफ था। उस समय भाजपा को एक सीट भी नहीं मिली थी तथा अन्नाद्रमुक को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा था। अन्य पार्टियां, जैसे पट्टालि मक्कल काच्चि-पीएमके, देसीय मुरपोक्कू द्रविड़ कझगम-डीएमडीके, तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी व पुतिया तमिलगम-पीटी भी खाली हाथ रह गई थीं। इस बार अल्पसंख्यक वोट खोने के भय से अन्नाद्रमुक भाजपा से दूर रह सकती है। तमिलनाडु के मुसलमान नागरिकता संशोधन कानून तथा अनुच्छेद 370 समाप्त करने से नाराज हैं। विदेशी मुद्रा विनियमन कानून तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून से चर्चों का राजस्व घटा है तथा कुडनकुलम मे नाभिकीय रिएक्टर विरोधी आंदोलन व धर्मांतरण अभियानों पर भी लगाम लगी है। 1998 लोकसभा चुनाव को छोड़ कर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन पूरी तरह विफल रहा है। हालांकि, द्रमुक समर्थक राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ईपीएस सरकार भाजपा के समर्थन से चल रही है, पर दोनों के बीच औपचारिक समझौते के कोई संकेत नहीं हैं। 2019 में अन्नाद्रमुक ने भाजपा को केवल पांच सीटें दी थीं। इसके बावजूद ईपीएस को केन्द्र से काफी सहायता मिली है। उन्होंने फरवरी, 2017 में शशिकला के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से आय से अधिक संपत्ति मामले में शशिकला जेल चली गईं और सरकार के स्थायित्व पर संकट मड़राने लगा।

विपक्षी नेता एम.के. स्टालिन ने बार बार ईपीएस सरकार को आईसीयू में भर्ती बताया जो भाजपा द्वारा प्रदत्त जीवनरक्षक प्रणाली पर जीवित थी। लेकिन धीरे-धीरे सदन में मामूली बहुमत के बावजूद ईपीएस स्थिति संभालने में सफल रहे। शशिकला समर्थक 18 विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने के बावजूद वे सत्ता में बने रहे क्योंकि अध्यक्ष ने उनको अयोग्य ठहरा दिया था। इसके बाद हुए उपचुनाव में अन्नाद्रमुक व द्रमुक नौ-नौ सीटें जीतने में सफल हुए। अन्नाद्रमुक ने कांग्रेस व द्रमुक से दो सीटें छीन कर भी अपनी स्थिति मजबूत की। जयललिता जैसा करिश्माई नेता न होने के कारण अन्नाद्रमुक 2011 व 2016 के विधानसभा चुनाव तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में अपना प्रदर्शन दुहराने की स्थिति में नहीं है। पार्टी में भीतरी गुटबाजी से ईपीएस की परेशानियां बढ़ गई हैं। इसके अलावा मीडिया का एक हिस्सा सत्ता विरोधी लहर को हवा दे रहा है। हालांकि, सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, लेकिन अब तक कुछ सिद्ध नहीं हुआ है। स्टर्लाइट कापर प्लांट बंद करने की मांग पर थूथुकुडी में हुए दंगे के अलावा राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक है। इस दंगे में हुई पुलिस गोलीबारी के परिणामस्वरूप 15 लोगों की जान गई थी। सरकार ने पिछले पांच साल में सृजित नौकरियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के बारे में जनता को संतुष्ट किया है। 2018 में चेन्नै में आई बाढ़ तथा कोविड-19 महामारी के कारण ये उद्योग बंद हो गए थे। पार्टी में आंतरिक उठापटक के कारण द्रमुक भी सहज स्थिति में नहीं है, हालांकि वह एक सेक्युलर मोर्चे का नेतृत्व कर रही है। आरोप है कि पार्टी पर स्टालिन की पत्नी दुर्गा, बेटे उदयनिधि व दामाद साबारी का कब्जा है। स्टालिन के लिए यह करो या मरो का समय है। 68 वर्ष की आयु में वे सबसे वृद्ध मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। उनके पिता एम. करुणानिधि 45 वर्ष की आयु में मुख्यमंत्री बन गए थे। जयललिता भी पहली बार 43 वर्ष की आयु में मुख्यमंत्री बनी थीं। चुनाव के पहले गठबंधन सहयोगियों को सीटें आबंटित करना स्टालिन के लिए बड़ी समस्या होगी। हालांकि, अभी गठबंधन सहयोगी तय नहीं हैं, पर द्रमुक नीत मोर्चे में कांग्रेस, कम्युनिस्ट, मुस्लिम लीग व विधुतलाई चिरुथैगल काच्ची का होना निश्चित है। सवाल है कि क्या वन्नियार प्रभुत्व वाली पार्टी पीएमके व कमल हासन की मक्कई नीधि मय्यम द्रमुक के साथ जाएंगी। पीएमके संस्थापक डा.एस. रामदास का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे अंबुमणि को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनाना है। फिल्म अभिनेता कमल हासन ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वे अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। दूसरी ओर डीएमडीके संस्थापक विजयकांत भी मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। तमिलनाडु में 234 विधानसभा सीटें हैं। द्रमुक निश्चित रूप से कम से कम 130 सीटों पर कब्जा करना चाहता है। स्टालिन अपनी सरकार बनाना तथा उसमें किसी को साझीदार बनाने को तैयार नहीं हैं। 2006 में केवल 96 विधायक होने पर भी एम. करुणानिधि ने गठबंधन सहयोगियों को किनारे रख कर राज्य पर बाहरी सहयोगियों के समर्थन से पांच साल सरकार चलाई थी। कांग्रेस, मुस्लिम लीग, वीसीके व कम्युनिस्टों को विश्वास है कि इस बार उनको समुचित स्थान मिलेगा। इस प्रकार मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा करने के लिए स्टालिन पर द्रमुक की 91 प्रतिशत सीटें जीतने का भारी दबाव होगा।

अभी रजनीकांत व उनकी बहुचर्चित आध्यात्मिक राजनीति के बारे में सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। रजनीकांत के पास एनटीआर जैसा करिश्मा दिखाने के लिए समय बहुत कम है जिन्होंने 1982 में आंध्र प्रदेश में तेलगू देशम पार्टी शुरू की थी। अभिनेता ने स्वयं कहा है कि डाक्टरों ने उन्हें ज्यादा काम न करने तथा महामारी से सावधान रहने की सलाह दी है। रजनीकांत किडनी प्रत्यारोपण करवा चुके हैं और 70 वर्ष की आयु में वे अपने जीवन से खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं। लेकिन उनमें जोश की कमी नहीं है और वे राजनीति को क्रिकेट जैसा खेल समझते हैं। इस प्रकार वर्तमान समय में तमिलनाडु में त्रिशंकु विधानसभा बनने की आशंका है। ऐसे में चुनाव के पश्चात गठबंधन सहयोगियों के बारे में अनेक प्रकार के संभावित प्रयोगों की चर्चा हो रही है। यह अनुमान लगाना बहुत जल्दबाजी होगा कि प्रदेश की राजनीति किस करवट बैठेगी। चुनाव होने में अभी पांच महीने बाकी हैं और राजनीति में पांच दिन का समय भी बहुत लंबा होता है। इस बीच कावेरी मंद गति से बहती रहेगी।

# मानव संसाधन का महत्व

"वैश्वीकरण, डिजिटल तकनीक की स्वीकार्यता, श्रमिकों की कमी, विलय एवं अधिग्रहण, विस्तार के साथ गतिविधियों में कमी और कर्मचारियों की बदलती जनसंख्या संरचना जैसी वैश्विक बिजनेस परिस्थितियों में यह बहुत महत्वपूर्ण है।"

**हिमा बिंदु कोटा**
(लेखिका, एमिटी विश्वविद्यालय में एसोसियेट प्रोफेसर हैं)



**कर्मचारियों** की खोज संबंधी निर्णय लेने में 'प्रतिभाशीलता' शब्द का प्रयोग होता है। इसका संबंध एच आर से उसी तरह है जैसे फाइनेंस का एकाउंटिंग से व मार्केटिंग का बिक्री से। मानव संसाधन-एचआर प्रबंधन को वित्त व माकेटिंग की तुलना में कम आंका जाता है। कार्पोरेट प्रमुख प्रतिभा प्रबंधन के लिए उतना समय नहीं देते हैं जितना निवेश आबंटन, ग्राहक सेवा, मार्केटिंग, प्रोडक्ट लाइन व तकनीक पर देते हैं। इसलिए एचआर काम कौशल विकास, इंसेटिव, हायरिंग, लर्निंग, विकास, आदि तक सीमित है। इससे सीगा विस्तार में बाधा पैदा होती है। आवश्यकता इस बात की है कि एचआर प्रबंधकों के कामकाज में आमूल परिवर्तन कर इसमें निर्णय लेने वाली प्रतिभा का विकास शामिल किया जाए। मानव संसाधन में प्रतिभा के महत्व को कम कर नहीं आंका जा सकता है जो किसी भी संगठन की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। वैश्वीकरण, डिजिटल तकनीक की स्वीकार्यता, श्रमिकों की कमी, विलय एवं अधिग्रहण, विस्तार के साथ गतिविधियों में कमी और कर्मचारियों की बदलती जनसंख्या संरचना जैसी वैश्विक बिजनेस परिस्थितियों में यह बहुत महत्वपूर्ण है। अच्छी तरह काम करने के बावजूद परंपरागत एचआर कामकाज से उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं। वित्त, आपरेशन व मार्केटिंग की तुलना में रणनीतिक व टैक्टिकल एचआर के बीच अंतर नहीं समझा जाता है। रणनीतिक एचआर का संबंध उद्योग के लिए सर्वोत्तम सेवायोजक से है, वहीं टैक्टिकल एचआर का संबंध कर्मचारियों के कल्याण कार्यक्रमों के प्रबंधन, अनेक नियमों तथा विनियमों से है। ऐसे में अनेक क्षेत्र परंपरागत एचआर के बाहर छूट जाते हैं। इनमें प्रमुख बिजनेस सिद्धान्त व प्रतिभा प्रबंधन प्रक्रियायें शामिल हैं। कर्मचारी प्रबंधन के लक्ष्य आमतौर से सामान्य प्रकृति के होते हैं जैसे, कर्मचारियों



की संख्या, उन पर होने वाला खर्च, मानक एचआर कार्यक्रम, आदि। इनका प्रतियोगी सफलता व शेयरहोल्डर मूल्य से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, एचआर प्रबंधन तकनीकों, जैसे बैलेंस स्कोरबोर्ड, विश्लेषण, कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने आदि पर काफी ध्यान दिया गया है, पर वे विरले ही विलय व अधिग्रहण तथा नए बाजार उद्यमों में कोई सहायता करते हैं। वे कंपनी का प्रतियोगी लाभ बढ़ाने में भी ज्यादा योगदान नहीं करते हैं जिसके लिए कर्मचारियों को साथ लेना जरूरी है। सबके लिए समान नियम जैसे एचआर कार्यक्रम ज्यादा प्रचलित हैं। मार्केटिंग में यह नहीं कहा जा सकता है कि सभी उत्पादों का समान रूप से विज्ञापन किया जाए क्योंकि कुछ को ज्यादा महत्व देना होता है। लेकिन एचआर में ऐसा ही कामकाज प्रचलित है। सभी कर्मचारियों के लिए '50 घंटे का गुणवत्ता प्रशिक्षण' जैसी चीजें प्रचलित हैं। ऐसा प्रशिक्षण सटीक तथा पूरी तरह प्रभावी नहीं होता है। इसलिए परंपरागत एचआर कामकाज बेहतर निर्णय लेने वाले लोगों को प्रोत्साहित नहीं करता है जो संगठन की प्रभावशीलता बढ़ाना चाहते हैं। अनेक शोधकर्ताओं का विश्वास है कि इसका जवाब बेहतर मीटिंक्स है। एचआर उपाय कार्यक्रमों में निवेश का लाभ उठाने तक सीमित हैं। ऐसे में एचआर एकाउंटिंग, गुणवत्ता, ब्रांडिंग व बैलेंस स्कोरबोर्ड जैसे मीटिंक्स बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सही उपयेग करने पर वे प्रतिभा खोज निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। कार्पोरेट लीडरशिप कौंसिल, 2001 के अनुसार एचआर आंकलन के दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानव संसाधन के बारे में निर्णय लेना तथा मार्केटिंग, फाइनेंस व आपरेशन्स में एचआर रणनीति का बेहतर प्रयोग हैं। इससे वैध, विश्वसनीय व मजबूत ढांचा तैयार होता है जो सभी स्तरों पर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है। फाइनेंस व मार्केटिंग की तरह प्रतिभा एचआर का भी एक महत्वपूर्ण आयाम है। संगठन को सफल बनाने के लिए फाइनेंस, मार्केटिंग व प्रतिभा खोज में प्रभावी व पेशेवर निर्णय लेना जरूरी है। कर्मचारियों की खोज में 'प्रतिभाशीलता' शब्द का प्रयोग होता है। वास्तव में एचआर के लिए इसका वही महत्व है जो एकाउटिंग में फाइनेंस तथा मार्केटिंग में बिक्री का है। विश्वास किया जाता है कि एचआर के दृष्टिकोण से संगठनात्मक सफलता में प्रतिभा खोज के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है। यह अवधारणा विकसित होने पर कंपनियां एचआर व्यवहारों में परिवर्तन कर निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार कर सकती हैं। फाइनेंस व मार्केटिंग विभागों की तरह कंपनी में विभिन्न स्तरों पर प्रतिभा संबंधी निर्णय किए जाते हैं। सुपरवाइजर व मैनेजर उपलब्ध कर्मचारियों की व्यक्तिगत क्षमताओं के बारे में निर्णय करते हैं। प्रभावी व रणनीतिक बिजनेस नियोजन के लिए एचआर को ज्यादा विशिष्ट दृष्टिकोण पर ध्यान देना चाहिए। प्रतिभा खोज पर ध्यान देना न केवल निर्णय लेने में सुधार से संबंधित है, बल्कि इसका संबंध निर्णयों के क्रियान्वयन से भी है। प्रत्येक फर्म को 'प्रतिभाशीलता' संबंधी निर्णय विज्ञान पर ध्यान देना चाहिए ताकि सही चयन व रणनीतिक सफलता के बीच संबंध स्थापित हो सके।

## आप की बात

### लोग धोखे में न आएं

**इन** दिनों लोग अपने व्यवसाय विस्तार और आय वृद्धि के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बैंकों के माध्यम से कई सरकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं मगर पूरी जानकारी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाने के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर कुछ जालसाज लोग उपभोक्ताओं को फंसाकर उन्हें आर्थिक चपत लगा रहे हैं जिससे बचने की जरूरत है। कोरोना के कारण लोगों की अर्थव्यवस्था पस्त है। न तो धंधे ठीक से चल पा रहे हैं, न हीं उससे इतनी आय हो पा रही है कि लोग घर गृहस्थी चल सके। कोरोना के दौर में सरकार ने छोटे व्यापारियों को राहत भी दी मगर उससे उनका गुजर-बसर संभव नहीं है। इसी का लाभ उठाकर कुछ जालसाज लोगों ने बैंकों से लोन कराने के नाम पर धोखाधड़ी का धंधा खोल लिया है। उपभोक्ता की मजबूरी का लाभ उठाकर ऐसे लोग उन्हें आर्थिक चपत लगा रहे हैं जिसकी जानकारी सरकार तक पहुंची है और सरकार ने भी ऐसे उठाईगीरों से सतर्क रहने को कहा है। वाकई आज व्यक्ति जितना संभल कर रहेगा उतना ही वह सुरक्षित रहेगा। लोग लोन के लिए झांसे में न आकर बैंकों से संपर्क करें तो उचित रहेगा।

**अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

### रोचक रहा मुकाबला

**भारत** के इतिहास में पहली बार 10 नवंबर को दो इतिहास एक साथ रचा गया। एक तरफ इंडियन प्रीमियर लीग तो दूसरी तरफ इंडियन पॉलिटिकल लीग में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। बिहार की सत्ता में पहली बार इतने कांटे की टक्कर हुई। वहीं दूसरी ओर दिल्ली और मुंबई के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। दोनों ही खेलों का परिणाम देर रात आया। एक तरफ मुंबई तो दूसरी तरफ बिहार में सरकार। एनडीए का नेतृत्व कर रहे नीतीश कुमार ने फिर से जीत दर्ज की लेकिन आरजेडी के तेजस्वी ने भी आखिरी मुकाम तक मुकाबला नहीं छोड़ा। सरकार भले ही एनडीए की बनी है लेकिन विपक्ष भी मजबूत है। ऐसे में सरकार को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। अन्यथा लोकतंत्र की जान विपक्ष भी अपनी ताकत कभी भी दिखा सकता है। 122 की बहुमत का आंकड़ा पार कर 125 सीट एनडीए को मिली वहीं आरजेडी महागठबंधन को 110 मिली। उम्मीद है आने वाले समय में बिहार की जनता के लिए एक बार फिर पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सरकार कार्य करेगी। वहीं दूसरी ओर अन्य आईपीएल टीम भी आगामी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### पूजनीय है गौमाता

**गौ** माता का (गोधूलि वेला) जंगल से घर वापस लौटने का संध्या का समय अत्यंत शुभ एवं पवित्र है । गाय का मूत्र गौ औषधि है। माँ शब्द की उत्पत्ति गौ मुख से हुई है। मानव समाज में भी माँ शब्द कहना गाय से सीखा है। जब गौ वत्स रंभाता है तो माँ शब्द गुंजायमान होता है । गौ - शाला में बैठकर किये गए यज्ञ, हवन,जप-तप का फल कई गुना मिलता है । बच्चों को नजर लग जाने पर गौ माता की पूंछ से झाड़ने जाने से उतर जाती है। ऐसा उदाहरण पूतना उद्धार में भगवान कृष्ण को नजर लग जाने पर गाय की पूंछ से नजर उतारने का ग्रंथों में भी पढ़ने को मिलता है। गौ के गोबर से स्थान का लीपने से स्थान पवित्र होता है। गौ -मूत्र का पावन ग्रंथों में अथर्व वेद ,चरक संहिता,बाण भट्ट ,अमृत सागर ,भाव सागर आदि ग्रंथों में सुंदर वर्णन किया गया है। काली गाय का दूध त्रिदोष नाशक सर्वोत्तम है। गाय के दूध में रेडियो विकिरण से रक्षा करने की सर्वाधिक शक्ति होती है। गाय का दूध एक ऐसा भोजन है जिसमे प्रोटीन कार्बोहाइड्रेड, दुग्ध, शर्करा, खनिज लवण वसा आदि मनुष्य शरीर के पोषक तत्व भरपूर पाए जाते हैं।

**संजय वर्मा,** मनावर, धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** और आसियान के बीच आर्थिक, सामाजिक, डिजिटल, वित्तीय और समुद्री हर प्रकार के संपर्क को बढ़ाना हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है।

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



**यह** चौंकाने वाली बात है कि राजग को महागठबंधन से केवल 12,270 वोट अधिक मिले और फिर भी वह 15 और सीटें जीतने में सफल रहा। कई विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम 900 डाक मतपत्रों को रद्द कर किया गया।

**तेजस्वी यादव**
**राजद नेता**



**हमें** इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही महागठबंधन की सरकार नहीं बन पाई और ऐसे में हमारी पार्टी को आत्मचिंतन करना चाहिए कि चूक कहां हुई।

**तारिक अनवर**
**कांग्रेस, महासचिव**

# रिकवरी दर बढ़ाने के साथ उपचार व्यवस्था बेहतर करें

## दीपावली पर विशेष सावधानी बरती जाए, सभी मेडिकल कालेजों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और मेरठ में कोविड-19 की रिकवरी दर को बेहतर बनाने के लिए उपचार व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के सम्बन्ध में निरन्तर पूरी सावधानी और सतर्कता बहुत जरूरी हैं। त्योहारों और पर्व को ध्यान में रखते हुए सीएम ने लोगों को कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक करने के भी निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरती जाए। सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए वर्तमान में मिशन शक्ति अभियान संचालित है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में पूरी सतर्कता बरती जाए। इस सम्बन्ध में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को सर्दी से पूर्व स्वेटर का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वेटर की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रैन बसेरों के संचालन में महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा कोविड-19 से बचाव के लिए सभी प्रबन्ध करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ प्राप्त हो। पराली जलाने पर रोक के लिए जागरूकता का निरन्तर प्रसार किया जाए। गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखा जाए। उन्होंने पेयजल टंकियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि की मंगल कामना की है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अर्थ सहित चार प्रकार के पुरुषार्थ बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनतेरस इसी का द्योतक है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश में अन्त्योदय की भावना के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सुख समृद्धि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन वैद्यगण भगवान धन्वंतरि का पूजन करते हैं। सर्वविदित है कि अच्छे स्वास्थ्य के माध्यम से ही सुख एवं समृद्धि पायी जा सकती है। इसलिए धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के अवसर पर अर्थ के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने का भी संकल्प लिया जाना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज निर्मित हो सके।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्वन्तरि जयन्ती पर गुरुवार को राजभवन स्थित ग्रह वाटिका में आयुर्वेद के जनक आरोग्य देव भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा का अनावरण किया और आचार्य सुस्रुत, आचार्य वाग्भट्ट, आचार्य चरक और आचार्य माधवकर द्वारा आयुर्वेद के संबंध में व्यक्त किये गये विचारों से अंकित शिलापटों को अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रयागराज के राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय की ओर से आयुर्वेद की दुर्लभ पाण्डुलिपियों और पुस्तकों की लगाई गई प्रदर्शनी का राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया तथा पुस्तक भारत के प्राणाचार्य एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों में आयुर्वेद का विमोचन किया। इसके अलावा ग्रह वाटिका में राज्यपाल ने इलायची एवं मुख्यमंत्री ने लौंग का पौधा भी रोपित किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में रखी आगन्तुक पुस्तिका में लिखा कि भगवान धन्वन्तरि हमारे आयुर्वेद के भगवान हैं। पूरा जीवन आयुर्वेद दवाई और सुश्रुषा में व्यतीत किया। मनुष्य की जीवनदायिनी हैं आयुर्वेद दवाइयां। मैं ऐसे महान आयुर्वेद भगवान को प्रणाम करती हूँ। मुख्यमंत्री ने आगन्तुक पुस्तिका में लिखा कि धनतेरस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजभवन परिसर में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा स्थापना तथा आयुर्वेद से संबंधित प्रदर्शनी अत्यन्त रोचक एवं प्रेरणास्पद है। राज्यपाल के सानिध्य में यह कार्यक्रम अत्यन्त महत्व का हो गया है। मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।

# योगी बने अयोध्या को नयी पहचान दिलाने के सूत्रधार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद से ही उन्होंने अयोध्या में दीपोत्सव और राम लीला मंचन से लेकर कई ऐसे आयोजन कराए, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अयोध्या को नई पहचान दी। फिलहाल जो भी काम अयोध्या में कराए जा रहे हैं, वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को अमलीजामा पहना रहे हैं। जल्द ही वैश्विक पर्यटन के नक्शे पर अतुल्य होगी अयोध्या।

देश दुनिया से वहां अपने आराध्य के दर्शन करने वालों पर अमिट छाप छोड़ने के लिए भगवान श्रीराम के भव्यतम और दिव्यतम मंदिर, प्रभु श्री राम की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा, वैदिक और आधुनिक सिटी के समन्वित मॉडल के रूप में नव्य अयोध्या के अलावा और भी बहुत कुछ होगा। कुछ काम हो रहे हैं और कई पाइपलाइन में हैं।

अयोध्या की विकास परियोजनाओं के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार ने खजाना खोल दिया है। मसलन अयोध्या आने वाली रेलवे लाइन का दोहरीकरण के साथ भविष्य की जरूरतों के अनुसार रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण और विस्तारीकरण होना है। अयोध्या से सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 330 से एयरपोर्ट तक 18.75 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन की सड़क का नवनिर्माण होना है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अयोध्या धाम से बाईपास के लिए सोहावल से विक्रमजोत तक का प्रस्ताव बना रहा है। करीब 1500 करोड़ रुपये की लागत से रायबरेली से अयोध्या तक चार लेन की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी होना है।

# नव निर्वाचित विधायक संगीता चौहान ने ली शपथ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने गुरुवार को विधान भवन स्थित अपने कक्ष में अमरोहा के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र नौगांवा सादात से नव-निर्वाचित विधायक संगीता चौहान को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली, स्वलिखित पुस्तक हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ, भगवतगीता रिविज़टेड एवं संसदीय दीपिका के अक्टूबर अंक की प्रति भेंट की। स्पीकर ने कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हों और जीवन में यशस्वी हों तथा सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

**स्पीकर ने दी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं:** लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी व समृद्धि होने की कामना की है। धन्वंतरि जी आयुर्वेद के देवता माने जाते हैं और इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रुप में भी जाना जाता है। श्रीसूक्त में वर्णन के अनुसार लक्ष्मी जी भय और शोक से मुक्ति दिलाती हैं कुबेर भी आसुरी प्रवृत्तियों का हरण करने वाले देव हैं इसीलिए उनकी भी पूजा का प्रचलन है। इस दिन देवताओं के निमित्त दीपदान भी किया जाता है।

# पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सरकारी आवास पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और महान शिक्षाविद, भारत रत्न एमहामना मदनमोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृभाषा तथा भारत माता की सेवा में अपना पूरा जीवन अर्पण किया वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता थे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिए तैयार करने की कोशिश की जो देश का गौरव बढ़ा सकें। मौर्य ने कहा कि वह जो कुछ कहते थे उसका पालन भी करते थे। कर्म ही उनका जीवन था। प्रयागराज में जन्मे मालवीय जी ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान उदारवादियों और राष्ट्रवादियों के बीच सेतु का काम किया । उन्होंने कहा कि मालवीय जी का जीवन दर्शन, उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हम सबको उनके जीवन आदर्शों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए, बल्कि उन्हें आत्मसात भी करना चाहिए।

# स्टे के बावजूद एनआरसी विरोधियों के घर चस्पा की जा रही कुर्की की नोटिसः शाहनवाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर न्यायपालिका की अवमानना का आरोप लगाते हुए कहा है कि एनआरसी विरोधी आंदोलन में शामिल लोगों की संपत्ति की कुर्की के आदेश पर कोर्ट द्वारा स्टे होने के वावजूद लखनऊ प्रशासन लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा कर रहा है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने लखनऊ के अब्दुल तौफीक का मामला उठाते हुए कहा कि इनको हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सरोज यादव ने 14 अक्टूबर को ही कुर्की की कार्रवाई के खिलाफ स्टे दे दिया था। अब्दुल तौफीक ने 16 जून को तहसीलदार सदर के कुर्की आदेश की वैधता को चुनौती दी थी। जिस पर दो सदस्यीय बेंच से सरकारी वकील ने अपना पक्ष रखने के लिए 4 हफ्ते के मोहलत की गुहार की थी। जिसे अदालत ने मान लिया था और अगली तारीख से पहले तक किसी तरह की वसूली पर रोक लगा दी थी। इस मामले में अभी तक कोई तारीख नहीं मिली है। आलम ने आरोप लगाया है कि ऐसा सिर्फलखनऊ में ही नहीं हो रहा है बल्कि पूरे प्रदेश में ऐसा किया जा रहा है। जिसका मकसद संविधान विरोधी एनआरसी के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाना और इसके बहाने पुलिस को अवैध वसूली का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का विधि विभाग कोर्ट की अवमानना में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई के लिए अदालत जाएगा।

# सूबे में 15-21 नवम्बर तक मनेगा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवजात** की समुचित देखभाल व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेश में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। जिसके जरिये शिशुओं को आयुष्मान बनाया जा सके। इस बाबत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय की तरफ से सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

केंद्र सरकार द्वारा जारी एसआरएस-2018 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश की शिशु मृत्यु दर 43 प्रति 1000 जीवित जन्म है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह सूचकांक 32 प्रति 1000 जीवित जन्म है । इनमें से तीन चौथाई शिशुओं की मृत्यु पहले महीने में हो जाती है। जन्म के एक घंटे के अन्दर स्तनपान और छह माह तक केवल माँ का दूध दिए जाने से शिशु मृत्यु दर में 20 से 22 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है। एमडी के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि सप्ताह के दौरान जनसामान्य को नवजात शिशु स्वास्थ्य के साथ बेहतर देखभाल के बारे में जागरूक किया जाए। कंगारू मदर केयर और स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ ही बीमार नवजात शिशुओं की पहचान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। आदेश के मुताबिक नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल के लिए जरूरी है कि प्रसव चिकित्सालय में ही कराएं। प्रसव के बाद 48 घंटे तक माँ एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें।

नवजात को तुरंत न नहलायें केवल शरीर पोंछकर नर्म साफ़ कपड़े पहनाएं। जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का गाढ़ा पीला दूध पिलाना शुरू कर दें और छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएं। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन के का इंजेक्शन लगवाएं। शिशु जितनी बार चाहे दिन या रात में बार.बार स्तनपान कराएं।

# किसानों को कम मुआवजा देकर जबरन ली जा रही जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में बनने वाले एयरपोर्ट को लेकर कहा कि किसानों को कम मुआवजा देकर जबरन जमीन ली जा रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में धर्मपुर, कुटिया, गाजा गांव में लगातार किसानों को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने मांग की कि किसानों को जमीन के सर्किल रेट का 6 गुना दिया जाए।

अखिलेश यादव से बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में ग्राम सभा कुट्टिया, धरमपुर तथा गंजा के किसान प्रतिनिधियों ने मिलकर बताया कि श्रीराम के नाम पर बन रहे एयरपोर्ट के लिए उनके गांवों की जमींने सरकार जबरन हथिया रही है। उन्हें सहमति पत्र देने के लिए धमकियां दी जा रही है। मुआवजा देने में भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा सरकार और इसके अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ संघर्षरत हैं और किसी भी हालत में उचित मुआवजा लिए बिना जमीन नहीं देंगे।

अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद भी किसानों की मदद न हो तो किसान किससे मिलें। अखिलेशन ने दावा किया कि सपा सरकार में बने एक्सप्रेस वे में कभी किसानों का नुकसान नहीं हुआ। सपा सरकार ने एक्सप्रेस वे के लिए दिल खोलकर मुआवजा दिया था। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को कभी पैसे की कमी नहीं होती। सरकार क्या जनता की नहीं है। हमारी सरकार में किसानों के पास अधिकारी झुक कर जाता था।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 नगर निकाय पुरस्कृत

● प्रदेश को देश में मिला सातवां स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें नवसृजित 56 निकायों तथा विस्तारित हुए क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए वित्त पोषण किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त एनजीटी के निर्देशों में प्रदेश के निकायों में विद्यमान लगभग 80 लाख टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए करीब 400 करोड़ वित्त पोषण सम्बन्धी प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 98 निकायों में 1200 केएलडी के एफएसटीपी प्लांट अधिष्ठापित कराये जाने सम्बन्धी करीब 120 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में 20 नगर निकायों को पुरस्कृत किया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में इस वर्ष प्रदेश को पूरे देश में सातवां स्थान व 20 पुरस्कार प्राप्त हुये हैं। इससे पूर्व सचिव नगर विकास अनुराग यादव ने स्वच्छ भारत मिशन अर्बन के अंतर्गत धन की उपलब्धता एवं उपभोग के बारे में बताया गया कि मिशन के अंतर्गत विभिन्न कम्पोनेन्ट्स में कुल 2580.5381 करोड़ प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 2121.9322 करोड़ नागर निकायों को अवमुक्त किए गए। नगर निकायों से 1078.1189 करोड़ के उपभोग प्रमाण पत्र प्राप्त हो गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन की प्रगति की जानकारी देते हुये बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लक्ष्य 891052 को पूरा कर लिया गया है। कम्युनिटी टॉयलेट निर्माण के 30781 लक्ष्य के सापेक्ष 34032, पब्लिक टॉयलेट के लक्ष्य 32670 के सापेक्ष 31351 प्रगति हासिल हो चुकी है। सभी 652 नागर निकाय ओडीएफ घोषित किये जा चुके हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक 731.59 टन जब्त की गई है तथा धनराशि 10.95 करोड़ का जुर्माना किया गया है।

# सरयू तट पर बिखरेगी संस्कृतियों की सतरंगी छटा

## दीपोत्सव के जरिये बुंदेलखण्ड के कलाकारों को विश्व स्तरीय मंच देगी योगी सरकार

● गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड, ब्रज, बुंदेलखण्ड के कलाकार होंगे दीपोत्सव में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रघुनंदन** के स्वागत को अयोध्या में कल संस्कृतियों की सतरंगी छटा बिखरेगी। एक दो नहीं, गुजरात से लेकर बुंदेलखण्ड तक सात अनूठी संस्कृतियों के दर्शन सरयू तट पर एक साथ होंगे। योगी सरकार ने दीपोत्सव को खास बनाने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड, ब्रज और बुंदेलखण्ड के लोक कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अयोध्या बुलाया है।

सरयू तट पर लाखों की संख्या में झिलमिलाते दीपों के बीच संस्कृतियों और लोक कलाओं की सतरंगी छटा सोलह श्रृंगार कर सजी अयोध्या को अदभुत और अलौकिक बनाएगी । दुनिया भर में आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बनी अयोध्या में दीपोत्सव के जरिये योगी सरकार समूचे विश्व को भारत के सांस्कृतिक वैभव का संदेश भी देने जा रही है।

दीपोत्सव के जरिये योगी सरकार खास तौर से बुंदेलखण्ड के लोक कलाकारों को विश्वस्तरीय मंच देगी । राज्य सरकार के संस्कृति विभाग ने बुंदेलखण्ड की टोली को विशेष तौर पर दीपोत्सव में शामिल किया है। दोहा, छंद, चौपाई की तान, ढोल की थाप और थाली की छन, छन की धुन पर मस्त बुंदेली जवानों की नृत्य करती टोली दीपोत्सव को अपने अनूठे अंदाज में खास बनाएगी।

बांदा के बड़ोखर खुर्द के रमेश पाल की बुंदेली दीवारी टोली को अयोध्या के दीपोत्सव पर प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है । देश और विदेश में अलग अलग समय पर अपनी कला का जलवा बिखेर चुके इन कलाकारों को योगी सरकार अब तक का सबसे बड़ा मंच देने जा रही है। शुक्रवार को सरयू तट पर रामकथा पार्क में देश भर के अन्य कलाकारों के साथ ही बुंदेलखण्ड के कलाकारों की टोली भी अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी । सरयू तट पर बुंदेलखण्ड के कलाकारों को सबसे बड़ा मंच देने के पीछे योगी सरकार की मंशा बुंदेलखण्ड के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास को गति देने की है । भगवान राम के साथ बुंदेलखण्ड का रिश्ता बहुत खास है । चित्रकूट में भगवान राम की तपस्या से लेकर उनके पुत्रों लव कुश की कथाएं भी बुंदेलखण्ड की संस्कृति में समाहित हैं । झांसी के पास मध्य प्रदेश के ओरछा में शासक के तौर राम राजा मंदिर से अयोध्या का रिश्ता अभिन्न है।

# रोजगार न देकर आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बढ़ती बेरोजगारी और घटते रोजगार के बीच योगी सरकार के मिशन रोजगार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कागजी प्लान और कार्ययोजनाओं के रंगीन प्रेजेंटेशन से योगी सरकार रोजगार सृजन का भ्रम पैदा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज पिछले 70 सालों में बेरोजगारी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी और उनके अफसर बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति बनाने की बजाए कागजी दावों से निपटना चाहते है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह फेल साबित हुई है।

लल्लू ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार उप्र में बेरोजगारों की संख्या लगभग 40 लाख के करीब पहुंच गयी है जो कि सरकार द्वारा वर्ष 2018 में पेश किये गए आंकड़ों से 54 प्रतिशत अधिक है। सरकार बेरोजगारी से निपटने के कोई ठोस उपाय करने के बजाए आये दिन बेरोजगारों से झूठे वादे करके नया नया शिगूफा छोड़ती रहती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार से जब जब बेरोजगारी के बारे में आंकड़े मांगे गये हैं उतनी बार आंकड़े पहले से बढ़कर मिले हैं। इन्वेस्टर्स समिट, स्मार्ट सिटी के नाम पर तमाम लुभावने इवेन्ट्स सरकार ने कराए लेकिन जमीनी हकीकत में न तो कोई रोजगार आया और न ही इन्फ्रास्ट्रक्चर में कोई सुधार। कौशल विकास के नाम पर योगी सरकार युवाओं में भ्रम पैदा कर रही है।

# जेलों में बंदी बना रहे हैं मिट्टी व गोबर के दिये और गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजी** कारागार आनंद कुमार ने कोरोना काल में बन्दियों को अवसाद से बचाने के लिए उन्हें किसी न किसी रोजगारपरक कार्य में योजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके अनुपालन में इस दीपावली प्रदेश के कई जेलों में बंदियों द्वारा इको फ्रेंडली प्रदूषण रहित मिट्टी और गोबर के दिये, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां ,कैंडल्स ,हवन पूजन सामग्री आदि का निर्माण किया जा रहा है।

जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि जिला जेल गाज़ियाबाद, मथुरा, उन्नाव ,बाराबंकी, इटावा बागपत आदि में कैदी पूरी तत्परता के साथ इस काम में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बंदियों द्वारा गाय के गोबर से बने दीपक, हवन के लिए लकड़ी और लक्ष्मी गणेश, मोमबत्ती, वातावरण की शुद्धता को लेकर पंचगव्य बनाए गए हैं। जेल में बंद बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लक्ष्मी गणेश की मूर्ति और मोमबत्ती आदि बनाए जा रहे हैं।

गोबर से युक्त दीपकों की विशेषता यह भी है कि तेल खत्म होने के बाद भी जल जाता है, जिससे पर्यावरण किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता हैए परंतु गाय के गोबर से बने हुए दीयों को किसी धातु या बर्तन में रखकर जलाएं, क्योंकि दीपक में आग लगने के बाद आसपास आग न लगे। जेल में बंद बंदियों को आत्मनिर्भर के लिए यह कदम उठाया गया है, जेल से छूटने के बाद यह बंदी अपना खुद का काम कर सकते हैं और अपनी रोजी रोटी कमा सकते हैं।

# पूर्वी लद्दाख में चीन-भारत सीमा गतिरोध के जल्द शांतिपूर्वक हल होने की उम्मीदः आईटीबीपी प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रमुख एस एस देसवाल ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा गतिरोध के जल्दी ही शांतिपूर्ण तरीके से हल होने की उम्मीद है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास बुनियादी ढांचे को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। बल के महानिदेशक देसवाल ने कहा कि उनके जवानों को सर्दियों के लिए विशेष कपड़े और पौष्टिक भोजन मुहैया कराए गए हैं क्योंकि उन्हें पूर्वी लद्दाख में अत्यंत प्रतिकूल मौसम का सामना करना होता है। उस क्षेत्र में भारत और चीन की सेनाएं पिछले करीब छह महीने से आमने-सामने हैं।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ मौजूदा सैन्य गतिरोध के बारे में सवाल किए जाने पर देसवाल ने कहा, द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पहले से ही स्पष्ट है हमें भरोसा है कि ए बहुत जल्द शांतिपूर्ण तरीके से सुलझ जाएंगे। बुधवार को कहा था कि भारत और चीन तनाव वाले सभी प्रमुख स्थानों से समयबद्ध तरीके से सैनिकों और हथियारों की वापसी के लिए तीन-चरणों वाली प्रक्रिया पर सहमत हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा दुनिया की सबसे उंची अंतरराष्ट्रीय सीमा है। यह हर स्थान पर करीब 10-11 हजार फुट की उंचाई पर है। हमारे सभी जवान उस उंचाई पर तैनात हैं। ऑक्सीजन कम है, सर्दियों में तापमान शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है।

ये सभी कठिनाइयां उस क्षेत्र में इंसानों के अस्तित्व के लिए मुश्किलें पैदा कर देती हैं और उसके बाद सीमा पर गश्त करना भी उतना ही कठिन है। आईटीबीपी के जवानों का प्रशिक्षण लंबा है और हम सभी प्रकार के कौशल विकसित करते हैं तथा प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देते हैं ताकि वे प्रतिकूल वातावरण में भी टिके रह सकें। देसवाल ने कहा, अपने जवानों की सुरक्षा के लिए हमने विशेष गर्म कपड़े मुहैया कराए हैं। हमने ठंड से बचे रहने के लिए उच्च पोषण और उच्च कैलोरी वाले भोजन पर जोर दिया है। ये उस सीमा पर कामकाजी स्थिति है और बिना सीमांकन वाली सीमा पर तैनाती के दौरान जवान को हमेशा सतर्क रहना होता है। गश्त से सीमा की सुरक्षा की जाती है और आईटीबीपी के जवान लंबी गश्त करते हैं जो 30 दिनों तक की होती है। आईटीबीपी में 90,000 कर्मी हैं और यह पहाड़ी क्षेत्र में युद्ध के लिए प्रशिक्षित बल है। आईटीबीपी प्रमुख ने लद्दाख मोर्चे के अपने हालिया दौरे के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने 8-9 दिन बिताए तथा मई और जून में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान वीरता दिखाने के लिए अपने 291 कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, कठिन कामकाजी स्थितियां होने के बावजूद हमारे सैनिकों का मनोबल काफी उंचा है। कठिन समय और कठिन परिस्थितियों में अपने जवानों से मिलना मेरी जिम्मेदारी है। जब चीजें ठीक हों तो संभव है कि मैं उनसे मिलने नहीं जाऊं लेकिन जब वे कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हों तो उन तक पहुंचना मेरी जिम्मेदारी है। सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में देसवाल ने कहा कि नई सीमा चौकियां बनाने और उन्हें हर मौसम में चालू रहने वाली सड़कों के साथ जोड़ने का काम तेज गति से चल रहा है। लगभग 75 प्रतिशत आईटीबीपी सीमा चौकियों को सड़कों से जोड़ दिया गया है। वर्ष 1962 के चीनी आक्रमण के बाद इस बल की स्थापना की गई थी और लद्दाख से लेकर भारत के पूर्वी हिस्से में अरुणाचल प्रदेश तक फैली हुई 3,488 किमी लंबी एलएसी पर इसकी करीब 180 चौकियां हैं।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आत्म निर्भर भारत का रोड मैप लांच करते हुए।

# कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण नहीं बनी महागठबंधन की सरकार, आत्मचिंतन की जरूरत : तारिक अनवर

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 19 सीटों पर सिमट जाने के बाद पार्टी महासचिव तारिक अनवर ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण ही महागठबंधन की सरकार नहीं बन पाई और ऐसे में उनकी पार्टी को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उससे चूक कहां हुई। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एआईएमआईएम का प्रवेश शुभ संकेत नहीं है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल क्षेत्र की पांच सीटें जीती हैं। कटिहार से कई बार लोकसभा सदस्य रह चुके अनवर ने ट्वीट किया, भले ही भाजपा गठबंधन एन केन प्रकारेण चुनाव जीत गया, परन्तु सही में देखा जाए तो बिहार चुनाव हार गया। इस बार बिहार परिवर्तन चाहता था।15 वर्षों की निकम्मी सरकार से छुटकारा और बदहाली से निजात चाहता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया, हमें सच को स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस के कमज़ोर प्रदर्शन के कारण महागठबंधन की सरकार से बिहार महरूम रह गया। कांग्रेस को इस विषय पर आत्म चिंतन ज़रूर करना चाहिए कि उस से कहां चूक हुई ?

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, भाजपा की मेहरबानी रही तो नीतीश जी इस बार अंतिम रूप से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। देखते हैं कि बकरे की मां कब तक खैर मनाएगी। बिहार विधानसभा चुनाव में राजग 125 सीटें हासिल करके एक बार फिर से सरकार बनाने जा रहा है। राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन को 110 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। इस गठबंधन में 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ 19 सीटों पर जीत मिली।

# उल्फा (आई) के शीर्ष उग्रवादी के आत्मसमर्पण से मेघालय में उग्रवाद का अंतः डीजीपी

**शिलांग।** मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रनाथन ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रतिबंधित उल्फा (इंडिपेंट) संगठन के दूसरे शीर्ष कमांडर दृष्टि राजखोवा के आत्मसमर्पण के साथ राज्य में उग्रवाद का अंत हो गया है। उल्फा (आई) के स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ परेश बरुआ के करीबी राजखोवा ने बुधवार को दक्षिण गारो हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप सेना के समक्ष चार अन्य उग्रवादियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। वह गारो हिल्स क्षेत्र में सक्रिय था और उसने कई अन्य विद्रोही संगठनों को सहायता प्रदान की थी। डीजीपी ने कहा, राजखोवा के आत्मसमर्पण से मेघालय, खासकर अशांत गारो हिल्स क्षेत्र, में दो दशक से चल रहे सशस्त्र संघर्ष का अंत हो गया है।

# बंगाल भाजपा प्रमुख दिलीप घोष को काले झंडे दिखाए गए, काफिले पर पथराव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव क्षेत्र में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष के काफिले पर पत्थर फेंके गए और काले झंडे दिखाए गए, जहां वह पार्टी के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने गए थे। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के कई कार्यकर्ताओं को घोष के खिलाफ नारे लगाते हुए देखा गया, जो उन्हें वहां से चले जाने को कह रहे थे। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि हमले में घोष का वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधिकारियों के एक दल ने प्रदर्शनकारियों और भाजपा समर्थकों को तितर-बितर करने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। घोष ने बाद में संवाददाताओं से कहा, तृणमूल कांग्रेस और उनके सहयोगी हताश हो रहे हैं, क्योंकि वे आगामी विधानसभा चुनावों में हार महसूस कर सकते हैं। इस तरह की रणनीति काम नहीं करेगी। लोग हमारे साथ हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस तरह की घटना से पता चलता है कि बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा, ऐसे हथकंडे नहीं चलेंगे क्योंकि लोग हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा, चाय पे चर्चा सत्र के बाद हम एक और कार्यक्रम के लिए जा रहे थे, तभी हमारे काफिले पर पथराव किया गया। काले झंडे दिखाए गए। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ दल और उसके सहयोगियों के ऐसे हमले साबित करते हैं कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो गई है। लोकतंत्र में ऐसी चीजें नहीं होती हैं। जिला तृणमूल कांग्रेस प्रमुख सौरव चक्रवर्ती ने हालांकि कहा कि घोष उत्तर बंगाल में गड़बड़ी फैलाने की कोशिश कर रहे थे और उनकी पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता इस घटना में शामिल नहीं था।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clients **Ashok Khanna** and his wife **Subhadra Khanna** R/o-GH-9/191, 2nd Floor, Paschim Vihar, New Delhi-63 have debarred & disowned their Son **SUNIL KHANNA** from their movable & immovable Properties of my clients,due to their misbehaviour,misconduct,non maintaining of cordial relation with them.If anybody deals with them in any manner he or she all do at his/her own risk. My Clients are not be responsible for the same in any manner.

Ramesh Chander Anand(Advocate), Ch-68, Westren Wing,Tis Hazari

# महिला पार्षदों के साथ हाथापाई के बाद विवादों में घिरे भाजपा विधायक

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में भाजपा विधायक सिद्दू सावड़ी एक वीडियो के वायरल होने के बाद विवादों में घिर गए हैं, जिसमें वह महालिंगपुर टाउन नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहीं महिला पार्षदों के साथ कथित रूप से हाथापाई करते दिख रहे हैं। राज्य की कांग्रेस इकाई ने अपने ट्वीटर हैंडल पर घटना का वीडियो डाला है। मिली जानकारी के अनुसार घटना नौ नवंबर को बागलकोट जिले में हुई जिसमें तेराडाल सीट से विधायक सवाड़ी ने कथित रूप से भाजपा पार्षदों सविता हुंाकडली, गोदावरी और चांदनी नाइक के साथ हाथापाई की। ये महिलाएं कांग्रेस से जुड़ी हुई हैं। भाजपा ने इन पार्षदों को टिकट देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद इन्होंने कांग्रेस सदस्यों के समर्थन से महालिंगपुर टाउन नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने का फैसला किया। ये महिलाएं जब अपने नामांकन पत्र दाखिल करने जा रही थीं, तो सावड़ी ने कथित रूप से उन्हें नगर परिषद भवन में प्रवेश करने से रोका। जल्द ही अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी सावड़ी के साथ आ गए और कथित रूप से उन्हें पीटने लगे। हाथापाई के दौरान सावड़ी ने कथित रूप से सविता को जमीन पर गिरा दिया। सावड़ी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह महिलाओं का बहुत सम्मान करते हैं और उन्हें धक्का देना और हाथापाई करना उनके संस्कार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरी छवि खराब करने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार उसने खुद ही इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है क्योंकि हिंसा में शामिल लोगों ने पुलिस की मौजूदगी को अनदेखा किया। पुलिस ने कहा कि किसी भी महिला ने शिकायत नहीं दी है। राज्य की कांग्रेस इकाई ने वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, तेराडाल से विधायक सिद्दू सावड़ी द्वारा नगर चुनावों के दौरान महिलाओं पर हमला किया जाना पूरे राज्य के लिए शर्म की बात है। पार्टी ने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा और गृह मंत्री बसावराज बोम्मई से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की।


## हिन्दुस्तान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : कंचनजंगा, 7वां तल, 18, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001

सीआईएन : एल31300डीएल1959पीएलसी003141, www.hindusthanurban.com, फोन : 011-2331001, ई-मेल : investors@hindusthan.co.in.

**30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत और समेकित अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30 सित. 2020 अनंकेक्षित | 30 जून 2020 अनंकेक्षित | 30 सित. 2019 अनंकेक्षित | 30 सित. 2020 अनंकेक्षित | 30 सित. 2019 अनंकेक्षित | 31 मार्च, 2020 अंकेक्षित | 30 सित. 2020 अनंकेक्षित | 30 जून 2020 अनंकेक्षित | 30 सित. 2019 अनंकेक्षित | 30 सित. 2020 अनंकेक्षित | 30 सित. 2019 अनंकेक्षित | 31 मार्च, 2020 अंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 10,171.44 | 5,935.02 | 14,980.42 | 16,106.47 | 28,494.84 | 46,294.00 | 13,268.82 | 6,854.73 | 16,479.17 | 20,123.55 | 32,300.21 | 55,032.85 |
| 2. | अवधि/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 476.36 | (617.32) | 639.56 | (140.96) | 534.15 | 948.50 | (992.13) | (1,782.00) | (520.54) | (2,774.13) | (1,275.10) | (3,985.05) |
| 3. | अवधि/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद मदों के पश्चात) | 476.36 | (617.32) | 639.56 | (140.96) | 968.59 | 948.50 | (992.13) | (1,782.00) | (520.54) | (2,774.13) | (1,274.07) | (3,985.05) |
| 4. | अवधि/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के पश्चात | 484.58 | (560.16) | 250.75 | (75.59) | 419.13 | 555.60 | (602.07) | (1,418.88) | (630.29) | (2,020.95) | (1,276.54) | (3,095.70) |
| 5. | अवधि/वर्ष हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि/वर्ष हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 481.60 | (563.88) | 251.66 | (82.28) | 421.24 | 540.01 | (604.28) | (1,421.83) | (629.19) | (2,026.10) | (1,274.03) | (3,108.20) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 | 144.29 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | | | | 45,485.78 | | | | | | 42,346.78 |
| 8. | रू. 10 प्रत्येक के शेयर पर लाभ (क) मूल (रू.) | 33.58 | (38.82) | 17.38 | (5.24) | 29.05 | 38.51 | (10.47) | (73.62) | (18.36) | (84.09) | (39.72) | (109.58) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 33.58 | (38.82) | 17.38 | (5.24) | 29.05 | 38.51 | (10.47) | (73.62) | (18.36) | (84.09) | (39.72) | (109.58) |

नोट :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण सांविधिक लेखापरीक्षकों की पुनरीक्षण रिपोर्ट सहित हमारी वेबसाइट www.hindusthanurban.com के निवेशक खंड के अंतर्गत तथा www.bseindia.com के कार्पोरेट खंड में वित्तीय परिणामों के अंतर्गत उपलब्ध है।
2. उपरोक्त अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा, पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा इसकी 12 नवम्बर, 2020 को सम्पन्न बैठक में किया गया था। सांविधिक लेखापरीक्षकों की पुनरीक्षण रिपोर्ट बीएसई लिमिटेड में प्रस्तुत की जा रही है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिन्दुस्तान अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
हस्ता./-
(दीपक केजरीवाल)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 07442554

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12-11-2020



## TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED

CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

**Extract of Statement of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and half year ended September 30, 2020**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Half Year Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30th September 2020 Unaudited | 30th June 2020 Unaudited | 30th September 2019 Unaudited | 30th September 2020 Unaudited | 30th September 2019 Unaudited | 31st March 2020 Audited |
| Total income from operations (net) | 25,711.37 | 16,975.49 | 26,375.84 | 42,686.86 | 50,124.61 | 87,616.61 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 9,735.45 | 4,620.96 | 9,850.67 | 14,356.41 | 16,925.61 | 21,498.31 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs.10/-) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7 | Other Equity (excluding Revaluation Reserve) | | | | | | 100.81 |
| 8 | Earnings Per Share (Rs.10 each ) | | | | | | |
| | Basic: | (0.20) | (0.35) | (0.54) | (0.55) | 1.08 | 1.46 |
| | Diluted: | (0.20) | (0.35) | (0.54) | (0.55) | 1.08 | 1.46 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website (www.pasupatiacrylon.com) and BSE Limited (www.bseindia.com).

for Pasupati Acrylon Ltd.
Sd/-
Vineet Jain
Managing Director

Date: 12th November, 2020
Place: New Delhi

**MODI INDUSTRIES LIMITED**
CIN - U15429UP1932PLC000469
Regd. Office : Modinagar - 201204. (U.P.) Tel: : 01232- 243115, 9084786567
E-mail : modiindustrieslimited@gmail.com Website : www.modiindustries.net

**NOTICE OF 86TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the 86th Annual General Meeting ('AGM') of the members of Modi Industries Limited will be held on Saturday, the 5th December, 2020, at 12:30 P.M., at Auditorium, Dayawati Modi Public School, Modinagar-201204, District Ghaziabad (U.P.), to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of AGM. The physical copy of the Notice of the Meeting, Annual Report for the financial year ended March 31, 2020 and remote e-voting details have been sent to all members individually at their registered addresses. The date of completion of dispatch of the notices to the shareholders is 11th November, 2020. These documents are also available on Company's website www.modiindustries.net for download by the members and kept at the Registered Office of the Company for inspection by Members.

Notice is hereby given in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended that the Company is pleased to provide remote e-voting facility to its members for transacting all the business through National Securities Depository Ltd. (NSDL) through their portal www.evoting.nsdl.com to enable the members to cast their votes electronically. The remote e-voting period commences on **Wednesday, the 2nd December, 2020 (09:00 am) and ends on Friday, the 4th December, 2020 (05:00 pm)**. No e-voting shall be allowed beyond the said date and time. During this period members of the Company, holding shares, as on the cut-off date of 28th November, 2020, may cast their vote by remote e-voting. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 28th November, 2020, will be provided the notice through mail or by post after the cut-off date and such members may also obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or RTA, MAS Services Limited. However, if the members are already registered with NSDL for remote e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. The facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM and the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. The Company has appointed Shri Amar Nath Jaiswal, the Proprietor on behalf of M/s. A.N. Jaiswal & Co., (Membership No. ACS-19000 & CP No. 14629) of New Delhi as Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

In view of the continuing COVID-19 pandemic, Ministry of Corporate Affairs dated May 5, 2020 read with General Circulars dated April 8, 2020 and April 13, 2020 (collectively referred to as 'MCA Circulars'), have permitted the holding of AGM through Video Conferencing("VC")/Other Audio Video Means("OAVM"). The Company is providing this facility also to the shareholders to participate in the AGM from their homes. The detailed instructions for attending the AGM through VC/OAVM are provided in the AGM notice.

In case of any grievances connected to e-voting process, the members may please contact Ms. Pallavi Mhatre (Manager), NSDL, 4th Floor, 'A' Wing, Trade World, Kamla Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai 400013. Email evoting@nsdl.co.in, Tel 1800222990.

The detailed procedure for remote e-voting are contained in the Notice of the AGM. If you require any additional information or have any enquiries, please contact to the under signed at above mentioned address.

NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, Rule 10 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 that the Register of the Members and Share Transfer Books of the Equity Shareholders of the Company will remain closed from Sunday, the 29th November, 2020 to Saturday, the 5th December, 2020 (both days inclusive) for the purpose of taking record of the shareholders at the Annual General Meeting.

Date: 11.11.2020
Place: Modinagar (U.P.) 201204

For Modi Industries Limited,
Sd/-
Shobit Nehra
Company Secretary

**कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली-110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई-मेल : mail@cosco.in
फोन : 91-11-23843000 फैक्स : 91-11-23846000
30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु
**पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2020 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2020 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2019 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2020 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2019 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2020 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,340.45 | 2,723.63 | 3,658.83 | 6,064.08 | 6,986.12 | 13,435.82 |
| 2 | अवधि हेतु कर पूर्व शुद्ध लाभ, | 94.39 | 57.97 | 105.65 | 152.36 | 154.18 | 221.78 |
| 3 | अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ | 64.16 | 37.02 | 28.26 | 101.18 | 103.35 | 180.72 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 64.16 | 37.02 | 28.26 | 101.18 | 103.35 | 179.81 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 | 416.10 |
| 6 | अन्य इक्विटी | - | - | - | - | - | 3,504.85 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक) | | | | | | |
| | मूल (रू.) | 1.54 | 0.89 | 0.68 | 2.43 | 2.48 | 4.34 |
| | तनुकृत (रू.) | 1.54 | 0.89 | 0.68 | 2.43 | 2.48 | 4.34 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 12 नवम्बर, 2020 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
देविन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन : 00191539

स्थान : दिल्ली
तिथि : 12-11-2020



फिलीपींस, वैमको में आए तूफान व बारिश के बाद नाव से सुरक्षित स्थान की ओर जाते लोग

# ट्रंप की खुफिया टीम की मदद के बिना बाइडन आगे बढ़े

एपी। वाशिंगटन

**राष्ट्रपति चुनाव** 2000 में भी मामला बीच में फंसा हुआ था, लेकिन निवर्तमान राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने फैसला किया कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति और तब गवर्नर पद पर कार्यरत जॉर्ज डब्ल्यू बुश से भी रोजाना मिलने वाली देश की सबसे संवेदनशील खुफिया जानकारी साझा की जाए।क्लिंटन एक डेमोक्रेट नेता थे और उप राष्ट्रपति अल गोर रिपब्लिकन उम्मीदवार बुश के खिलाफ चुनाव लड़े थे। गोर की पहुंच गत आठ साल से प्रेसीडेंट डेली ब्रीफ तक थी। क्लिंटन ने बुश को जीतने पर उन्हें इसके लिए अधिकृत करने का फैसला किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्लिंटन के उदाहरण का पालन नहीं किया है। अभी तक चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं करने वाले ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जो बाइडन को दैनिक आधार पर मिलने वाली अति संवेदनशील खुफिया जानकारी तक पहुंच नहीं दी है। राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विशेषज्ञों को उम्मीद है कि ट्रम्प अपना मन बदलेंगे, ताकि अगला राष्ट्रपति पहले दिन से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। इसके लिए यह बेहद आवश्यक है। मिशिगन के पूर्व रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक रोजर्स, जो सदन की खुफिया समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, हमारे विरोधी सत्ता हस्तांतरण का इंतजार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जो बाइडन को आज से राष्ट्रपति के दैनिक खुफिया विवरण की जानकारी मिलनी चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि नवीनतम खतरे क्या हैं और तदनुसार अपनी योजना शुरू करें। यह कोई राजनीति का मामला नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है।अमेरिका के विरोधी इसका लाभ उठा सकते हैं और प्रमुख विदेशी मुद्दों पर इसका असर पड़ेगा, जब बाइडन अपना काम शुरू करेंगे।विदेशी मामलों और राष्ट्रीय सुरक्षा में बाइडन के पास दशकों का अनुभव है, लेकिन इनसे जुड़ी नवीनतम जानकारी उनके पास नहीं है। हालांकि बाइडन पीडीबी की जानकारी मिलने में देरी के महत्व को कमतर आंक रहे हैं।बाडन ने मंगलवार को कहा, जाहिर है पीडीबी उपयोगी होगा लेकिन, यह उतना आवश्यक नहीं है। उन्होंने इस बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या उन्होंने इस या किसी अन्य ने मुद्दे पर खुद ट्रम्प से संपर्क करने की कोशिश की, जिसपर उन्होंने केवल इतना कहा, राष्ट्रपति महोदय, मैं आपके साथ बात करने के लिए उत्सुक हूं।बाइडन ने कहा, देखिए, खुफिया जानकारी तक पहुंच उपयोगी है, लेकिन मैं वैसे भी इन मुद्दों पर कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हूं।

## बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया के नेताओं से की बात

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं के साथ फोन पर बात की और इस दौरान हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा को कायम रखने और क्षेत्र की समृद्धि पर जोर दिया।बाइडन की सत्ता हस्तांतरण टीम द्वारा जारी बयान के मुताबिक बाइडन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे–इन से फोन पर बात की। अमेरिका में तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन की जीत के बाद शुभकामनाएं देने के लिए इन नेताओं ने फोन किया था।मॉरिसन से बातचीत में बाइडन ने रेखांकित किया कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया मूल्य और इतिहास साझा करते हैं और दोनों देशों ने प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही सभी संघर्षों का मिलकर सामना किया है।बाइडन ने कहा कि वह मॉरिसन के साथ कोविड–19 वैश्विक महामारी से निपटने, भविष्य के वैश्विक स्वास्थ्य खतरों से बचाव, जलवायु परिवर्तन , वैश्विक अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने, लोकतंत्र की मजबूती और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा कायम रखने और क्षेत्र की समृद्धि सहित सभी साझा चुनौतियों पर मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।बाइडन ने सुगा का बातचीत के दौरान बधाई देने के लिए धन्यवाद किया।उन्होंने अनुच्छेद–पांच के तहत जापान की सुरक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और अमेरिका–जापान साझेदारी को नए क्षेत्रों में भी और मजबूत करने की इच्छा जताई।बाइडन ने मून के साथ फोन पर हुई बातचीत में अमेरिका–दक्षिण कोरिया साझेदारी को मजबूत करने की इच्छा जाहिर की। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ने तीनों देशों के नेताओं के साथ बातचीत में हिंद–प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत करने और क्षेत्र की समृद्धि पर जोर दिया।गौरतलब है कि इससे पहले बाइडन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और आयरलैंड के प्रधानमंत्री टी. माइकल मार्टिन से भी फोन पर बात की थी।

## बाइडन ने रॉन क्लैन को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के विजेता और आगामी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने सहयोगी रॉन क्लैन को व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की।बाइडन द्वारा राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद क्लैन राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय की देखरेख करेंगे और वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। बाइडन ने कहा, रॉन कई वर्षों से मेरे बेहद खास रहे हैं और हमने एकसाथ काम किया है। वर्ष 2009 में इतिहास की सबसे बड़ी मंदी से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को हमने मिलकर बचाया और बाद में वर्ष 2014 में जन स्वास्थ्य (इबोला कार्वाई समन्वयक की भूमिका में)पर आई विपदा से निपटे। उन्होंने कहा, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के साथ काम करने का उनका लंबा, विविध अनुभव है और क्षमता ठीक वैसी ही है जैसी मुझे व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ में चाहिए, क्योंकि हम संकट का सामना कर रहे हैं और हमारे देश को एकसाथ लाने की जरूरत है। वहीं क्लैन ने कहा, राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित बाइडन को इस रूप में अपनी सेवा देना एक सम्मान की बात है और मैं उन्होंने जो विश्वास दिखाया है, उससे अभिभूत हूं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं..। क्लैन (2009–2011) में भी बाइडन के चीफ ऑफ स्टाफ थे, तब बाइडन उप राष्ट्रपति थे।

## कपड़े का नया मास्क एक घंटे धूप में रहने पर 99.9 प्रतिशत जीवाणु और वायरस को मार सकता है

भाषा। लॉस एंजिलिस

**शोधार्थियों** ने सूती कपड़े का ऐसा पुनः इस्तेमाल किया जाने वाला मास्क विकसित किया है जो एक घंटे सूरज की रोशनी में रहने पर 99.99 प्रतिशत जीवाणु और वायरस को मार सकता है। अलग अलग तरह के कपड़ों से बनते वाले मास्क खांसते और छींकते वक्त निकलने वाली बूंदों को रोकते हैं जिससे कोविड–19 समेत अन्य बीमारियों के प्रसार को कम करने में मदद मिल सकती है। एसीएस अप्लाइड मटेरियल एंड इंटरफेसेज जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, मास्क पर लगे जीवाणु और वायरस संक्रामक हो सकते हैं। अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने एक नया सूती कपड़ा विकसित किया है जो सूरज की रोशनी में आने पर प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन स्पाइजेस (आरओएस) छोड़ती है जो कपड़े पर लगे सूक्ष्म विषाणुओं को मार देती है और यह धोने योग्य, पुनः इस्तेमाल योग्य और लगाने के लिए सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति दोपहर के भोज के समय सूरज की रोशनी में अपने मास्क को रखकर जीवाणु मुक्त कर सकता है। टीम ने पाया कि रोज बंगाल डाइ से बना कपड़ा फोटोसैनेटाइजर के तौर पर सूरज की रोशनी में आने पर एक घंटे में उसपर लगे 99.99 प्रतिशत जीवाणुओं को मार देता है और 30 मिनट के अंदर टी7 बैक्टरियाफैज को 99.99 फीसदी सक्रिय कर देता है। टी7 बैक्टरियाफैज के बारे में माना जाता है कि यह वायरस कुछ कोरोना वायरस की तुलना में आरओएस के लिए अधिक प्रतिरोधी है।

## ईरान में कोरोना से मरने वालों की संख्या 40,000 के पार पहुंची

**तेहरान।** ईरान में कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का आंकड़ा बृहस्पतिवार को 40,000 के पार चला गया। देश में एक महीने से भी कम समय में कम से कम 10,000 लोगों की कोविड–19 के कारण जान गई है। वहीं, ईरान महामारी की नई लहर से निपटने के लिए जद्दोजेहद कर रहा है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बृहस्पतिवार को देश में 457 लोगों की जान गई और 1,17,517 नए मामलों की पुष्टि हुई। इसके बाद मामलों की कुल संख्या 7,26,000 के पार चली गई है। देश में हाल के हफ्तों में मृतकों की संख्या काफी बढ़ी है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, करीब आधी मौतें राजधानी तेहरान में हुई हैं। तेहरान में स्वास्थ्य कर्मियों ने चेताया है कि जल्द ही स्वास्थ्य व्यवस्था ढह सकती है और मांग की है कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी प्रांतीय राजधानियों में एक महीने का कड़ा लॉकडाउन लागू किया जाए। इस हफ्ते के शुरू में सरकार ने तेहरान और 30 अन्य प्रमुख शहरों में एक महीने के लिए रात में व्यापार करने पर रोक लगा दी है। उप स्वास्थ्य मंत्री कासिम जानबाबेई ने कहा कि राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्य बल देश में दो हफ्ते का लॉकडाउन लगाने के प्रस्ताव पर इस सप्ताहांत चर्चा करेगा।

## उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु हथियार से जुड़ी संस्था को पश्चिमी देशों का कठपुतली बताया

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**उत्तर कोरिया** ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु कार्यक्रमों से जुड़ी निगरानी संस्था आईएईए को कठपुतली करार देते हुए कहा कि यह शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाले पश्चिमी देशों की धुनों पर नाचती है।उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र की निगरानी संस्था द्वारा उसके परमाणु कार्यक्रम के संबंध में जुटाई गई जानकारियों में घोर असंगतियां रेखांकित करते हुए कहा कि यह जानकारियां अटकलों और जाली तथ्यों पर आधारित है।

उत्तर कोरिया के दूत किम सोंग ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में अपने भाषण में ए बाते कहीं। यहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए)के कार्यकारी अधिकारी राफेल ग्रोसी ने प्योंगयांग की परमाणु संबंधी गतिविधियों को बेहद अफसोसजनक और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया था।आईएईए का कोई भी निरीक्षक उत्तर कोरिया में 2009 से नहीं मौजूद है क्योंकि प्योंगयांग ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। एजेंसी ने एक सितंबर 2020को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि किम जोंग उन को निरीक्षण संबंधी काम करनेवाले वाले अधिकारियों को फिर से बहाल करना चाहिए। सोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया ने आईएईए से काफी समय पहले संबंध खत्म कर लिया था और यह भूला नहीं है कि कैसे इस संस्था ने प्योंगयांग पर दबाव बनाने के लिए शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाली ताकतों का पक्ष लिया और उत्तर कोरिया के शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों को 90 के शुरुआती दशक से ही संदेह से देखा।सोंग ने कहा कि जब तक आईएईए उत्तर कोरिया के खिलाफ काम करने के लिए शत्रुतापूर्ण रवैया रखनेवाली ताकतों की धुनों पर नाचता रहेगा तब तक प्योंगयांग आईएईए के साथ संबंध रखने को तैयार नहीं है।



जर्मनी के नीडरकैलीन में हाइवे को लेकर प्रदर्शन कर रहे एक कार्यकर्ता को ले जाती पुलिस

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने अलास्का में जीत दर्ज की, वोट बढ़कर 217 हुए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में अलास्का में कांटे की टक्कर में जीत हासिल कर ली है और इसके साथ ही उनके इलेक्टोरल कॉलेज वोट बढ़कर 217 हो गए है।रिपब्लिकन पार्टी ने अलास्का की सीनेट सीट पर भी अपनी पकड़ कायम रखी और इसके साथ ही 100 सदस्यीय अमेरिकी सीनेट में से 50 उनके नाम है। ट्रंप को यहां 56.9 प्रतिशत वोट मिले और डेमोक्रेटिक पार्टी के अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के नाम पर 39.1 प्रतिशत वोट पड़े।न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप के इलेक्टोरल कॉलेज वोट अब बढ़कर 217 हो गए है।वही तीन नवम्बर को अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में 543 में से 279 वोट हासिल करने वाले बाइडन को पहले ही विजेता घोषित किया जा चुका है।

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव : जॉर्जिया राज्य ने मतों की दोबारा गिनती करने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जॉर्जिया राज्य राष्ट्रपति चुनाव के लिए पड़े मतों की गिनती दोबारा कराएगा। वहां राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार जो बाइडन अपने रिब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एवं मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 14 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे है।ट्रम्प ने इस चुनाव में हार स्वीकार नही की है बल्कि चुनाव में धांधली करने और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया है।जॉर्जिया के अंतर राज्य संबंध मामलो के मंत्री ब्रैड रेफ्फेन्स्परगर जो स्वयं रिपब्लिकन है ने कहा कि मतो का अंतर कम होने की वजह से राज्य की सभी 159 कांउटियो में हाथ से एक-एक मतपत्र को गिना जाएगा। अटलांटा में पत्रकारों से ब्रैड ने कहा, अंतर बहुत कम होने की वजह यह जरूरी हो गया था कि प्रत्एक कांउटी मे हाथ से मतो की गिनती की जाए। उन्होने कहा मतो की दोबारा गिनती का फैसला राज्य के नतीजे का राष्ट्रीय स्तर पर महत्व को देखते हुए किया गया है।

### सऊदी अरब के शाह ने नीतिगत भाषण में ईरान को सबसे बड़ा खतरा बताया

**दुबई।** सऊदी अरब के शाह सलमान ने बृहस्पतिवार को दिए अपने वार्षिक भाषण में प्रतिद्वंद्वी ईरान की आलोचना की और कोरोना वायरस को नियंत्रित करने और तेल की आपूर्ति को स्थिर करने के लिए उठाए गए अपने देश के कदमों की प्रशंसा की। सऊदी अरब के वलीअहद मोहम्मद बिन सलमान की उपस्थिति में शूरा परिषद में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए दिए गए भाषण में 82 वर्षीय शाह सलमान ने देश की नीतिगत प्राथमिकताओ और उपलब्धियो को रेखांकित किया। विदेश नीति पर सलमान ने जोर देकर कहा कि ईरान चिंता का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। उन्होने आरोप लगाया कि ईरान आतंकवाद का समर्थन कर रहा है और क्षेत्र में जातीय भावनाएं बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। शाह ने राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जो बाइडन के नेतृत्व वाले नए अमेरिकी प्रशासन के साथ संबंध के बारे में अपने भाषण में इसका जिक्र नही किया। सऊदी नेतृत्व ने प्रतिद्वंद्वी ईरान पर अधिकतम दबाव की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति का पुरजोर तरीके से समर्थन किया था। सऊदी शाह ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ईरान जनसंहार के हथियार को हासिल नही कर सके, कड़े उपाय करने की जरूरत है।

### ईरान लगातार बढ़ा है यूरेनियम का भंडार : संरा एजेंसी

**वियना।** ईरान विश्व शक्तियों के साथ हुए ऐतिहासिक परमाणु समझौते में निर्धारित सीमा के विपरीत निम्न संवर्धित यूरेनियम का भंडार लगातार बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सदस्य देशो को दिए गोपनीय दस्तावेजो मे कहा कि ईरान के पास दो नवम्बर को 2,442.9 किलोग्राम निम्न संवर्धित यूरेनियम का भंडार था, जबकि 25 अगस्त को यह भंडार 2,105.4 किलोग्राम का था। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन और रूस के साथ 2015 मे जिस परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, उसके तहत ईरान केवल 202.8 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार रख सकता है। आईएईए की रिपोर्ट के अनुसार ईरान यूरेनियम को 4.5 प्रतिशत की शुद्धता तक संवर्धित कर रहा है, जबकि समझौते मे 3.67 प्रतिशत शुद्धता तक ही यूरेनियम को संवर्धित करने की अनुमति है।

### सीरिया में असद परिवार के शासन के 50 साल पूरे

**बेरूत।** सीरिया मे असद परिवार के शासन के 50 साल शुक्रवार को पूरे हो रहे है। वर्ष 1970 मे 13 नवंबर को ही वायुसेना के युवा अधिकारी हाफिज असद ने रक्तहीन तख्ता पलट किया था और वर्ष 1946 मे फ्रांस से आजादी प्राप्त करने का बाद पहला सैन्य शासन था और तब से असद परिवार देश पर राज कर रहा है। सीरिया करीब एक दशक के गृह युद्ध की वजह से खंडर में तब्दील हो गया है, इस युद्ध में करीब पांच लाख लोगो की मौत हो चुकी है, आधी आबादी पलायन कर चुकी है और अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है, पूरा इलाका सरकार के नियंत्रण से बाहर जा चुका है लेकिन एक चीज अक्षुण्ण है तो वह है हाफिज असद के बाद उनके बेटे बशर असद की देश की सत्ता पर पकड़। बशर असद पर आरोप है कि वह राजस्व का आधा हिस्सा युद्ध पर खर्च कर रहे है और अपनी सत्ता पर पकड़ मजबूत रखने के लिए अरब राष्ट्रवाद से अधिक पिता की तरह ईरान और रूस जैसे सहयोगियो पर निर्भर है।

## भारत के साथ रक्षा-सुरक्षा सहयोग की साझेदारी को प्राथमिकता देंगे बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** बराक ओबामा प्रशासन में शामिल रहीं एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन भारत–अमेरिका संबंध के समर्थक रहे हैं और उनका प्रशासन नई दिल्ली के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को प्राथमिकता देने की नीति बरकरार रखेगा। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में काफी प्रगति हुई।

अमेरिकी मीडिया ने बाइडेन को 2020 राष्ट्रपति चुनाव का विजेता बताया है। ट्रंप ने अब भी अपनी हार स्वीकार नहीं की है और वह कई कड़े मुकाबले वाले निर्णायक राज्यों में कानूनी लड़ाई की बात कर रहे हैं। इसी बीच भारत–अमेरिका के संबंधों पर भी काफी चर्चा हो रही है कि नए प्रशासन में यह किस रूप में रहेगा।

काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स (सीएफआर) में भारत, पाकिस्तान और दक्षिण एशिया की फेलो एलिसा आयरस ने पीटीआई–भाषा को बताया कि नव निर्वाचाति राष्ट्रपति बाइडन की ओर से बताई गई प्राथमिकताओं के आधार पर वह यह कह सकती हैं

### ● अमेरिका में बराक ओबामा प्रशासन में शामिल रही एक वरिष्ठ अधिकारी ने दिया बयान



कि बाइडन–हैरिस प्रशासन भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को उच्च प्राथमिकता वाली सूची में रखेंगे।आवर टाइम हैज कम: हाउ इंडिया इज मेकिंग इट्स प्लेस इन द वर्ल्ड की लेखिका आयरस 2010 से 2013 के बीच दक्षिण एशिया मामलों के लिए उप विदेश मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बाइडन अमेरिका और भारत के संबंधों के शुरुआती समर्थकों में शामिल हैं। बाइडन 15 साल पहले भी अमेरिका और भारत को दुनिया के सबसे करीबी देश के रूप में देखते थे।आयरस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिकी संसद में भारत के साथ असैन्य परमाणु समझौते का समर्थन किया था।उन्होंने कहा कि बाइडन की कोरोना वायरस महामारी से लड़ने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने की वैश्विक प्राथमिकताओं में इस बात की जरूरत है कि भारत के साथ अमेरिका का करीबी संबंध रहे।

## बाइडन प्रशासन आतंकवाद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर दवाब डाल सकता है

भाषा। वाशिंगटन

**बाइडन प्रशासन** पाकिस्तान से अपने रिश्तों पर, आतंकवाद से संबंधित मुद्दों पर कार्वाई करने के लिए दबाव डालने पर और अफगानिस्तान में शांति बहाल करने के अमेरिका के प्रयासों में साथ देने के मुद्दों पर परिणामवादी रुख अपना सकता है। एक पूर्व शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक ने यह बात कही। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रहे हुसैन हक्कानी ने पीटीआई–भाषा को बताया कि पाकिस्तान के साथ रणनीतिक वार्ता प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जा सकता है, लेकिन यह उस स्तर या पैमाने पर नहीं होगा जैसा ओबामा प्रशासन के दौरान था।उन्होंने कहा, संभावना है कि बाइडन प्रशासन इस्लामाबाद के प्रति कड़ा रुख अपनाएगा। अमेरिका पाकिस्तान को एफएटीएफ के मुद्दे सहित आतंकवाद से संबंधित मुद्दों पर कार्वाई करने और अफगानिस्तान में शांति बहाल करने के अमेरिकी प्रयासों का समर्थन करने के लिए कहता रहेगा। इसकी संभावना नहीं है कि बाइडन प्रशासन सुरक्षा सहायता या गठबंधन सहायता निधि के लिए पाकिस्तान को फिर से धन देना शुरू करेगा। गौरतलब है कि ट्रम्प प्रशासन ने आतंकवादी समूहों पर लगाम लगाने में विफल रहने के बाद 2018 में पाकिस्तान को सुरक्षा सहायता निलंबित कर दी। 2018 में पाकिस्तान की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा था कि उन्हें इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान सरकार के साथ संबंध ठीक होने की उम्मीद है।

वर्तमान में वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट के थिंक टैंक के वरिष्ठ सदस्य हक्कानी ने कहा कि चीन के साथ पाकिस्तान के घनिष्ठ संबंधों और वहां लोकतंत्र के अभाव और मानवाधिकारों की अवहेलना को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

## ब्रिटेन में कोविड-19 से अब तक 50,000 से अधिक लोगों की मौत हुई

**लंदन।** ब्रिटेन यूरोप का पहला देश है जहां कोविड–19 महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या 50,000 का आंकड़ा पार कर चुकी है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोविड–19 से जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के लिए शोक जाहिर किया है।सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस सप्ताह कोविड–19 के 22,950 नए मरीज मिलने के बाद संक्रमितों का कुल आंकड़ा 12,56,725 पहुंच गया है।इसके अलावा बुधवार को देश में इस संक्रमण के कारण 595 और मरीजों की जान जाने के बाद ब्रिटेन में मृतक संख्या बढ़कर 50,365 हो गई और ब्रिटेन अमेरिका, ब्राजील, भारत और मेक्सिको के बाद सर्वाधिक मौतों वाला पांचवा देश बन गया।जॉनसन ने कहा, हम अब भी खतरे से बाहर नहीं हैं। हर मौत त्रासदी है, जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के लिए हम शोक व्यक्त करते हैं और हम सभी मृतकों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना जाहिर करते हैं। उन्होंने कहा, यह एक वैश्विक महामारी है जिसका प्रभाव अब जा कर स्पष्ट हो रहा है।

# ट्रेंड बाजार

## सनी लियोन ग्लैमर वर्ल्ड में वापसी पर प्रसन्न



बॉलिवुड अभिनेत्री सनी लियोन एक बार पुन: ग्लैमर की दुनिया में वापसी करने पर बहुत ही प्रसन्न हैं। इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए जिसमें वो फोटो के लिए पोज़ कर रही हैं, इसमें वो चमकदार वस्त्र धारण किये हैं। उन्होंने इस पोस्ट के नीचे लिखा, 'काम पर लौट आई हूं। बॉलिवुड ग्लैमर मेरे जीवन में पुन: लौट आया है।'

हाल ही में सनी ने शूटिंग में सुरक्षित रहने का एक अनूठा उपाय ढूंढ निकाला था। इससे महामारी के दौरान भी उनका मेकअप बना रहता था। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किये एक फोटो में वो पारदर्शी मास्क लगाए हुए थीं।

## वाणी कपूर महीनों से सूटकेस पर निर्भर



हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि 'मैं महीनों से अपने सूटकेस से ही काम चला रही हूं और आगे भी कई महीने मेरा ऐसे ही चलने की योजना है। मैं किसी प्रकार की शिकायत नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं महामारी के समयकाल में भी काम करते रहने के विषय में सौभाग्यशाली हूं। मैं अपने माता-पिता और बहन से पिछले बहुत दिनों से नहीं मिली हूं। मैं महीनों से होटल के कमरे में रह रही हूं। हम सभी अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के लिए अब से यही नया सामान्य बन चुका है।

## फिल्म 'गणपत' में श्रॉफ का नया पोस्टर रिलीज़



टाइगर श्रॉफकी छाया वाला ट्रेलर रिलीज़ करने के बाद उनकी थ्रिलर फिल्म 'गणपत' बनाने वाली पूजा एंटरटेन्मेंट एंड गुड्स कंपनी ने अब उनका एक और पोस्टर रिलीज़ किया है।

इस पोस्टर मे श्रॉफको कंटीले तारों के साथ दिखाया गया है और उसके पीछे धुआं उठता दिखाई दे रहा है। निर्माताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि ये फिल्म किसी भी दूसरी हॉलिवुड ऐक्शन फिल्म के स्तर को छूने में सफल होगी।

## निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा लॉकडाउन में रहे साथ-साथ



**पॉप स्टार** निक जोनस अपनी अभिनेत्री पत्नी प्रिंयका चोपड़ा के साथ लॉकडाउन का समय व्यतीत करने पर अत्यधिक प्रसन्न हैं। अब सुनने में आ रहा है कि दोनों जल्दी ही परिवार को आगे बढ़ाने की जानकारी देंगे।

निक इस बात पर भी लजाते हुए दिखे कि उनकी भतीजी विला जोनास जो सोफी टर्नर और जो जोनास की बेटी है, भी जुलाई के महीने में ही जन्मी थी।

अब निक ने बताया है कि वो अबोध विला से मिले हैं जो उन्हें बहुत ही प्यारी लगी है। निक ने कहा, 'मैं उससे मिला और जैसा कि आपको पता ही है कि वो जो और सोफी की बेटी है और वो सर्वश्रेष्ठ है।'

# 'हिंदी और पंजाबी में गाने पर ही मुझे संपूर्ण आनंद की अनुभूति होती है'

**जाने माने गायक सुर के नये गाने 'असर' को इस बार अच्छी सराहना मिली है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी यात्राओं, लॉकडाउन के दौरान प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने तथा अपना पहला एकल गाना उन्होंने पंजाबी में ही क्यों गाना चुना? आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...**

**■ आप गायक कैसे बन गए?**

मैं यू.के. के न्यू हैंप्टनशायर में पला-बड़ा हुआ, वहां बच्चे हिप-हॉप से लेकर 80 के दशक के पॉप संगीत बजाते थे। बाहर रह रहे भारतीयों के लिए मेरे पिता सदा भारतीय फिल्म संगीत, भांगड़ा और कव्वाली आदि प्रस्तुत किया करते थे।। बचपन में ही मेरे आसपास संगीत पसरा हुआ था। पारिवारिक आयोजनों में मुझे गाने के लिए कहा जाता था। मेरे पिता कैमरा और संगीत लगा देते थे और मैं और मेरी बहन नाचा करते थे। जब मैं छ: या सात साल का था मुझे सत्संग आदि में गाने का अवसर मिल जाता था। यद्यपि ये 30 -40 लोगों का एक आध्यात्मिक समूह हुआ करता था लेकिन मुझे उनके सामने गाकर एक सिलेब्रिटी गायक होने का फील आया करता था। मैं बड़ा हुआ और संगीत के प्रति मेरी लगन भी और फिर में संगीत के क्षेत्र में पांव जमाने का प्रयास करने लगा। जबकि मेरे पिता बिजनेस में होने के कारण उनका हाथ बंटाने का आग्रह किया करते थे।

**■ आपका गाना 'असर' किस बारे में है?**

जब हम सत्र प्रारंभ होने से पहले निर्माता भरत गोयल और गीतकार सिद्धांत कौशल के साथ इसे लिख रहे थे तो हम एक दूसरे से उसके हाल-चाल पता किया करते थे। हम संबंधों के बारे में बात किया करते थे कि आजकल टिंडर और स्नैपचैट के इस काल में हम जो नहीं हैं वो बनने का प्रयास करते रहते हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैं किस प्रकार से अपने बारे में स्पष्ट हूं और मैं क्या हूं इसके लिए भी मैं कोई बहाना नहीं बनाता। ये भी कि अपने पार्टनर के कारण मैं एक व्यक्ति के रूप में मैंने स्वयं में बहुत सुधार किया है। इसी आधार पर हम गाना लिखने लगे। ये एक प्रकार से स्वयं के प्रति प्यार की भावना रखने पर आधारित है कि किस प्रकार आपके असर ने मुझे एक अच्छा व्यक्ति बनाया है।

**■ महामारी के कारण किस प्रकार की चुनौतियां सामने आईं?**

मुझे पता लगा कि मेरे इस गाने को यूनिवर्सल म्यूज़िक कंपनी ने स्टर्लिंग रिज़र्व के साथ प्रतिस्पर्धा में रखने के लिए चुना है। उस समय मैं लंदन में था। मुझे बताया गया कि शान और देवराज सान्याल के सामने मेरा एक ऑडिशन होगा जो यूनिवर्सल म्यूज़िक ग्रुप के एमडी और सीईओ हैं। मुझे ऑनलाइन ऑडिशन करना पड़ा। मुझे कुछ आशंका भी थी क्योंकि महीनों से मैंने कोई गाना नहीं गाया था। लेकिन सबकुछ सही हो गया। सबसे बड़ी चुनौती वीडियो शूट करने की थी। हम सामान्य ऑडिशन नहीं कर सकते थे। मेरे सामने लीड रोल करने वाले को कोराना हो गया। ऐसे में हमें दूसरी अभिनेत्री का प्रबंध करना था। हम सभी को कोविड से बचने के लिए परीक्षण कराना पड़ा। हमें ऑक्सीजन लेने के लिए बीच बीच में ब्रेक लेना पड़ता था। इसका निर्देशन भी दूर से ही किया जा रहा था। वो भारत में थे। हमें ये समझ में आ गया कि हमारे पास उपलब्ध चीजों से किस प्रकार से काम निकाला जा सकता है।



**■ क्या ये आपका सोलो सॉन्ग है?**

जी हां, ये मेरा पहला पंजाबी सोलो सॉन्ग है। इससे पहले मैं एक बैंड का हिस्सा हुआ करता था और भारत में कुछ गाने रिलीज़ किया करता था। लेकिन यहां आने के बाद ये मेरा पहला गाना है।

**■ गाने की शिट कितनी कठिन थी?**

चूंकि मैं एक बैंड का हिस्सा था तो मैं यहां कुछ प्रस्तुतियां कर चुका था। 2014 में मैं दिल्ली आया और कुछछ महीने रुक कर बैंड के साथ वीडियो बनाया और तब मैंने अनुभव किया कि यहां बनाया जा रहा संगीत मुझे भी अच्छा लगता है। मैं दो साल यहां रहा और कुछ कलाकारों के साथ काम किया। इसके बाद तो ये मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य ही बन गया कि मैं यहां बनाया जा रहा संगीत दुनिया भर में ले जाऊं।

**■ क्या आपके वापस यूके जाना रचनात्मक रूप से आपको सहायक होगा?**

जी हां, जिस प्रकार से तकनीक विकसित हुई है उसके कारण संगीत रिकॉर्ड करने के लिए व्यक्ति को किसी विशिष्ट स्थान पर होने की आवश्यकता नहीं रह गई है। मैं अपने उपकरण अपने बैग में ले जाकर भी संगीत रिकॉर्ड कर सकता हूं। जब मैंने अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, मैं अस्पताल के बेड पर था लेकिन मेरे पास लैपटॉप और हेडफोन था। यूके और भारत में होने का लाभ ये है कि भारत में रहकर आपको बॉलिवुड तथा पंजाबी संगीत सुनने को मिलता है जबकि यूके में पश्चिमी संगीत। यूके में रहकर हर प्रकार के संगीत की जानकारी ने मुझे अपना संगीत विकसित करने में बहुत सहायता की है।

**■ अपने पहले सोला गाने के लिए पंजाबी गाना ही आपने क्यों चुना?**

मैं पहले एक इंग्लिश बैंड में था और अंग्रेजी में ही लिखा और गाया करता था। लेकिन मैं पंजाबी परिवार में ही बड़ा हुआ हूं। कोई भी ऐसा कलाकार जिसे गाने की लगन हो और जो केवल पैसे के लिए ही न गाता हो, उसे कुछ न कुछ नया मिल ही जाता है जो उसे उत्साहित करता है और जिसे वो फॉलो करता है। मैं भाषा के कारण ही हिंदी और पंजाबी में गाना पसंद करता हूं। यहां प्रयोग की जा रही तकनीक भी मुझे प्रिय है। मेरे लिए अंग्रेजी में लिखना और गाना सरल है लेकिन पंजाबी या हिंदी गाना गाते समय बहुत अच्छा अनुभव होता है। तब मुझे संपूर्ण आनंद की प्राप्ति होती है।

# स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा के दर्शन और धन-धान्य से निहाल हुए श्रद्धालु

**कोरोना प्रोटोकाल के तहत ही भक्तों को मंदिर में दिया जा रहा प्रवेश। 13, 14, 15 नवम्बर को होगा अन्नकूट का दर्शन-पूजन**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भक्तों** पर अन्न और धन की बरसात करने वाली मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन गुरुवार की सुबह शुरू हो गए। मां के दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार बुधवार की शाम से ही लगनी शुरू हो गई थी। महंत रामेश्वर पुरी ने बताया कि गुरुवार को भोर में मंगला आरती के बाद सुबह 6 बजे भक्तों के लिए माता का कपाट खोल दिए हैं। कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार ही भक्तों को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है। भक्त माता से सारे कष्ट दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं। दो गज की दूरीए मास्क और सैनिटाइजेशन का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मां के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन आज से 15 नवंबर तक होंगे। अन्नपूर्णा मंदिर में गेट नंबर एक ढुंढिराज से प्रवेश दिया जा रहा है।भक्त माता से सारे कष्ट दूर करने की प्रार्थना कर रहे हैं। दो गज की दूरीए मास्क और सैनिटाइजेशन का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मां के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन आज से 15 नवंबर तक होंगे। अन्नपूर्णा मंदिर में गेट नंबर एक ढुंढिराज से प्रवेश दिया जा रहा है।बुधवार की रात्रि 10 बजे तक भक्तों की कतार बढ़कर गोदौलिया तक पहुंच गई थी। और सुबह भोर में माता के दर्शन शुरू हो गए। कतारबद्ध भक्तों में वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रए भदोहीए चंदौलीए मिर्जापुरए गोपीगंजए मुगलसराय से आए लोग शामिल हुए थे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात है।



# संगीत की दुनिया ने थामा दिल!



## अब ज़ी टीवी लॉन्च कर रहा है सबसे पहला इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग

**भारतीय** फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े एंटरटेनर्स और उनके परिवार अब अपनी टीमें ला रहे हैं। गोविंदा एवं उनकी पत्नी सुनीता, राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर एवं उनके पिता शक्ति कपूर और भाई सिद्धांत कपूर और रितेश देशमुख एवं उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूज़ा देशमुख पहली बार होंगे एक दूसरे के आमने सामने, जहां हम बदलने जा रहे हैं आपके संगीत सुनने का अंदाज़! प्रयागराज वर्तमान फेस्टिव सीजन में ज़ी टीवी ने अक्टूबर महीने में तीन नए फिक्शन शोज़ के साथ दर्शकों के लिए एक के बाद एक सरप्राइज़ पेश किए और नवंबर में एक और सुपरनैचुरल फैन्टेसी थ्रिलर ब्रह्मराक्षस लेकर आ रहा है। अब आने वाले साल में चीजें और बड़ी एवं बेहतर होने जा रही हैं क्योंकि 2021 की शुरुआत में यह चैनल टेलीविजन पर म्यूज़िक के रंग ढंग और उसकी धुन में नई क्रांति लाने जा रहा है। रियलिटी टीवी में लीक से हटकर एक बिल्कुल नया फॉर्मेट पेश करते हुए ज़ी टीवी फैदम पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को दुनिया का सबसे पहला म्यूज़िक लीग इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग- आईएमपीएल दिखाने जा रहा है। भारत और विदेशों के खेल जगत में हमने कई तरह की लीग प्रतियोगिताएं देखीं, लेकिन अब पहली बार अपनी तरह की अनोखी म्यूज़िक लीग में 6 टीमें होंगी, जिनके मालिक होंगे श्रद्धा कपूर के साथ उनके पिता शक्ति कपूर और भाई सिद्धांत कपूर, गोविंदा एवं उनकी पत्नी सुनीता, राजकुमार राव और रितेश देशमुख एवं उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूज़ा देशमुख। ये टीमें देश के अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनका इस म्यूज़िकल चैंपियनशिप में एक दूसरे से मुकाबला होगा। कप्तानों के रूप में प्रत्येक टीम में दो सेलिब्रिटी प्लेबैक सिंगर्स होंगे, जिनमें एक मेल और एक फीमेल सिंगर शामिल होगी। इसके अलावा हर टीम में रियलिटी स्टार्स भी होंगे। टैलेंट के इस पूल में इजाफा करते हुए इन टीमों में देश के अलग.अलग क्षेत्रों से 6 ताजगी भरी आवाज़ें भी शामिल की जाएंगीए जिन्हें इस लीग का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। 2021 की शुरुआत में लॉन्च होने जा रहे इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग को दो टॉप एंकर्स होस्ट करेंगे। स्पोर्ट्स लीग के फॉर्मेट की तरह ही इस शो में भी 5 इनिंग्स होंगी, जिनमें लीग मैचों के अलावा एक सुपर मैच होगाए जहां दर्शकों के वोट और अंपायर के पॉइंट्स उस लीग का नतीजा तय करेंगे और इनमें से किसी एक टीम को लीग चैंपियन घोषित करेंगे। ज़ी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने इस नए फॉर्मेट की खोज के बारे में बताते हुए कहा कि ज़ी टीवी के साथ हम हमेशा अपने दर्शकों को नया, अनोखा और आधुनिक कॉन्टेंट देने का प्रयास करते रहे हैं, जो उन्हें नएपन का एहसास कराए साथ ही पूरे परिवार के लिए एक दिलचस्प मनोरंजन भी दे। बीते कुछ वर्षों में हमने देखा है कि स्पोर्ट्स दर्शकों के बीच लीग फॉर्मेट बहुत लोकप्रिय हुए हैं और एक ऐसे देश में, जहां क्रिकेट को किसी धर्म से कम नहीं माना जाता, वहां दर्शकों ने भी इस रोमांचक फार्मेट को अपनाया और दिल से लगाया है। हम चाहते हैं कि इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के साथ हम म्यूज़िक रियलिटी टेलीविजन के क्षेत्र में कुछ नई ऊर्जा और प्रतियोगी भावना प्रस्तुत करें, जो स्पोर्ट्स लीग जैसी हो।

# परिवार के साथ दुबई में मनाइए दिवाली

**इस** दीपावली दुबई में होने वाले जश्न, नागरिकों एवं हर देश से आने वाले सैलानियों को भव्य शो, अद्भुत गोल्ड एवं ज्वेलरी प्रमोशन, विविध रिटेल ऑफर्स आदि बेहतरीन अनुभव लेने का मौका देंगे। दुबई फेस्टिवल्स एवं रिटेल प्रतिष्ठान (डीएफआरई) द्वारा आयोजित इस साल की दीवाली विभिन्न समुदायों को एक साथ ला रही है, जो दुबई को अपना घर मानते हैं और इसे पूरा साल रहने के लिए एक आकर्षक स्थान बनाने में मदद करते हैं। अहमद अल खाजा, सीईओ, दुबई फेस्टिवल्स एवं रिटेल एस्टेब्लिशमेंट (डीएफआरई) ने कहा, 'दुबई के पारंपरिक दिवाली उत्सवों में मनोरंजन, परिवारों पर केंद्रित होकर शहर के वैश्विक आकर्षण का प्रदर्शन करना शामिल है। इस साल अनेक शानदार प्रमोशन, एक्टिवेशन एवं शो के साथ दीवाली त्योहारों की शुरुआत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर है, जब पूरी दुनिया से पर्यटकों एवं सभी निवासियों के लिए परिवार एवं रिटेल डेस्टिनेशन के रूप में मशहूर, दुबई की प्रतिष्ठा को प्रदर्शित किया जा सकता है।' दुबई फेस्टिवल सिटी मॉल में दीवाली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यहां पर इस शॉपिंग डेस्टिनेशन के रिकॉर्ड-ब्रेकिंग इमेज़ीन वाटर, फायर, लाइट एवं लेज़र शो द्वारा बॉलीवुड थीम पर दो परफॉर्मेंस होंगी। लैंडमार्क अट्रैक्शन के इंडिया पवेलियन में भारतीय परंपरा, संस्कृति व फूड के यूएई के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, ग्लोबल विलेज़ में फेस्टिवल ऑफलाइट्स मनाइये। पाम जुमेराह पर द प्वाईंट इस साल के दीवाली के जश्न में शामिल होकर दुनिया के सबसे बड़े डांसिंग फाउंटेन, द पाम फाउंटेन के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस दे रहा है। दुबई मॉल में ब्लूमिंगडेल के स्टोर में आगंतुकों को बॉलिवुड के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म पब्लिकेशन, फिल्मफेयर के अपने एडिशन के फ्रंट पेज पर जगह मिलेगी। क्रीकसाइड रिटेल एवं लेज़र डेस्टिनेशन, अल सीफ डाइनिंग, होटल स्टे, पूरी दीवाली पर एंटरटेनमेंट एवं शॉपिंग पर एक्सक्लुसिव ऑफर प्रदान कर रहा है। ऑनलाईन फूड ऐप ज़ोमैटो ब्राईटेन योर फेस्टिवल ऑफलाईट्स प्रमोशन लॉन्च कर रहा है, जिसमें दुबई में 200 से ज्यादा सर्वश्रेष्ठ भारतीय एवं साउथ एशियन रेस्टोरैंट्स द्वारा बेहतरीन बचत का मौका दिया जा रहा है। दुबई गोल्ड एंड ज्वेलरी ग्रुप (डीजीजेजी) 1 से 21 नवंबर के बीच गोल्ड स्टोर्स में आने पर स्पेशल प्रमोशंस की विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर रहा है। सिटी सेंटर डीयरा एवं सिटी सेंटर शिंदाघा मॉल्स शॉपर्स को इस दीवाली आधा किलोग्राम सोना जीतने का मौका दे रहे हैं।



# छुट्टी बिताने के लिए वाराणसी सबसे लोकप्रिय शहर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ओयो** होटल्स एंड होम्स के अनुसार महीनों तक घर में रहने के बाद इस दिवाली लोग एक राज्य से दूसरे राज्य और समुद्र तट स्थलों की यात्राएं करना पसंद कर रहे हैं। ओयो की दिवाली बुकिंग के अनुसार जयपुर, केरल, गोवा, विशाखापत्तनम और वाराणसी यात्रियों के लिए सबसे लोकप्रिय छुट्टी बिताने की जगह के रूप में सबसे ऊपर हैं। डेटा के अनुसार जयपुर उत्तर भारत का सबसे लोकप्रिय स्थल है, जहां दिल्ली एनसीआर और लखनऊ जैसे आसपास के शहरों पर्यटक जाना पसंद कर रहे हैं। दक्षिण भारत मेंए चेन्नई और बैंगलोर के लोग भारत के दक्षिण, पश्चिमी तट केरल में कोच्चि की तरफ जा रहे हैं। दूसरी ओर, भारत की समुद्र तट की राजधानी गोवा देश भर के यात्रियों को आकर्षित कर रही है। जिसमें अधिकांश बुकिंग पुणे से हैं, इसके बाद बैंगलोर और हैदराबाद हैं।

